रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 08 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-316 मूल्य 3.00 ₹


# भव्य रथयात्रा के लिए पुरी में लाखों श्रद्धालु उमड़े

## रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल हरिचंदन एवं सीएम साय

वार्ता < पुरी
www.dailypioneer.com

ओडिशा की इस तीर्थ नगरी पुरी के जगन्नाथ मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन भगवान बलवद्र और देवी सुभद्रा की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा देखने के लिए देश भर से लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े। बारहवीं शताब्दी के मंदिर और तीन किलोमीटर लंबी भव्य सड़क के चारों ओर 'जय जगन्नाथ', 'हरोबोल' के नारे और झांझ की ध्वनि गूंज उठी। मंदिर के सेवकों - दैतापतियों द्वारा अपने-अपने रथों को मंदिर के गर्भगृह से जोड़कर देवताओं को 'रत्न सिंहासन' से बाहर निकाले जाने के कारण इसे 'बड़ा डंडा' के नाम से जाना जाता है।



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रथ यात्रा के अवसर पर गायत्री नगर रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की एवं भगवान के प्रथम सेवक के रूप में छेरा-पहरा की रस्म निभाई।

➤विस्तृत पेज 2 पर

## भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा से कान्हा की नगरी में बही भक्ति रस की गंगा

**मथुरा।** इस्कान के अनुयायियों द्वारा निकाली गयी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा से कान्हा की नगरी मथुरा में भक्ति रस से उस समय सराबोर हो गई जब ब्रजभूमि के विभिन्न भागों से आए श्रद्धालुओं में रथ खींचकर पुण्य कमाने की होड़ मच गई। इस रथ यात्रा में समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने भाग लिया। इस्कान के मीडिया प्रभारी रविलोचन दास ने बताया कि इस्कान के प्रवर्तक महाप्रभु भक्ति वेदान्त स्वामी का कहना था कि जगन्नाथ रथ यात्रा के अवसर पर जो भी भक्त रथ को भगवान जगन्नाथ का जाप करते हुए श्रद्धापूर्वक गुडीचा तक खींचते हैं। उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। पौराणिक दृष्टि से यह रथयात्रा भगवान जगन्नाथ (श्रीकृष्ण), उनकी भाई बलराम और देवी सुभद्रा की गुणांचा तक उनकी मौसी के घर जाने की यात्रा है। इसमें तीन रथ चलते हैं। सबसे आगे भगवान जगन्नाथ का नन्दीघोष चलता है उसके पीछे बलराम का तालध्वज और सबसे पीछे देवी सुभद्रा का दर्पदालान चलता है। इस्कान की ओर से निकाली गई रथ यात्रा में केवल एक ही रथ था जिसमें भगवान जगन्नाथ , बलराम और देवी सुभद्रा के विग्रह विराजमान थे। राधा आर्चिड से रविवार को अपरान्ह प्रारंभ हुई रथयात्रा मसानी, मिलन तिराहा, चैक बाजार, , होलीगेट, डीग गेट , जन्मभूमि, महाविद्या मैदान, रामलीला मैदान होती हुई राधा आर्चिड पर ही समाप्त हुई।

# सहकार से बड़े से बड़ा काम हो जाता है आसान : सीएम विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता के महत्व को समझा और देश के गांव-गरीब और किसानों के उत्थान के लिए सहकार से समृद्धि का आह्वान करते हुए पृथक से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सहकारिता का ग्रामीणों और किसानों के विकास में कितना महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि भारत में सहकार की बहुत पुरानी परंपरा है। बड़े से बड़ा काम सहकार से आसानी से पूरा हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक क्रांति लाने में भी सहकारिता ने बड़ी भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के जोरा स्थित कृषि महाविद्यालय के कृषि मंडपम में आयोजित प्रदेश स्तरीय कृषि सहकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ड्रोन दीदियों से मुलाकात कर ड्रोन का प्रदर्शन देखा और उनकी हौसला अफ्ज़ाई की। कार्यक्रम में सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी को रथ यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सहकार हमेशा से हमारे संस्कार में मौजूद है। एक-दूसरे का सहयोग करते हुए हमारे देश ने प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में भी सहकारिता ने बड़ी भूमिका निभाई है। छत्तीसगढ़ में किसानों को धान का भुगतान, गुणवत्तापूर्ण बीज और खाद उपलब्ध कराना, आदिवासी क्षेत्रों में लघुवनोपजों की खरीदी और तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक का भुगतान भी सहकारिता के माध्यम से किया जा रहा है। सहकारिता से आज आर्थिक समृद्धि के रास्ते खुल रहे हैं। साय ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए सहकार से जुड़ी बहुत सी स्मृतियां साझा की। उन्होंने बताया कि गांव में लोग एक दूसरे के काम में सहयोग के लिए स्वतः आगे आ जाते थे और सब अपनी क्षमता के अनुरूप मदद करते थे। सहकार के बीच हम सभी पले बढ़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता को समर्पित इस कार्यक्रम में आपने पिछले दो दिनों में बहुत कुछ सीखा होगा। इन दो दिनों में विषय विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारियां दी होगी जिसका लाभ आपको आने वाले समय में निश्चित रूप से मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज ड्रोन दीदियों से मुलाकात हुई। उन्हें ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण मिला है और अब भिलाई स्थित छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी में इसका प्रशिक्षण लिया जा सकता है।

## क्विक न्यूज

### फैक्ट्री में हुए हादसे में मजदूर की मौत

**दुर्ग।** दुर्ग जिले की पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया में रविवार को एक फैक्ट्री में हुए हादसे में घायल मजदूर ने दम तोड़ दिया। पुरानी भिलाई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुरानी भिलाई थाना ने बताया कि रविंद्र वर्मा नाम का युवक हथखोज में भिलाई आयरन स्टील प्रोसेसिंग कंपनी में काम करता था। रविवार दोपहर काम करने के दौरान वह बाथरूम करने चला गया, जहां हैवी लिफ्टिंग का काम चल रहा था। जब रविंद्र बाथरूम करके लौटा तो अचानक वो वहां फिसल कर गिर गया और उसी दौरान काफी वजन का चक्कानुमा पार्ट उसके ऊपर गिर गया। इससे मजदूर का सिर फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### इंदौर क्लीन सिटी के साथ अब ग्रीन सिटी में बनेगा नंबर एक : सीएम यादव

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश और



दुनिया में इंदौर की विशेष पहचान है, यह क्लीन सिटी के साथ ही अब ग्रीन सिटी में भी नंबर एक बनेगा। डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ यहां स्थित बीएसएफ रेंज क्षेत्र में वृह्द पौध-रोपण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए अपनी माताजी की स्मृति में पौध-रोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी माताजी स्व लीलाबाई यादव की स्मृति में बरगद का पौधा लगाया।

### कश्मीर में अमरनाथ यात्रा बहाल

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में बारिश के कारण एहतियात के तौर पर एक दिन के लिए स्थगित की गई अमरनाथ यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से फिर से बहाल हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मौसम में सुधार होने के बाद यात्रियों के नए जत्थों को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के नुनवान पहलगाम आधार शिविर से पवित्र गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने की अनुमति दी गई। 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा गत 29 जून को शुरू हुई थी और अब तक 1.5 लाख से ज़्यादा तीर्थयात्री गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना कर चुके हैं।

## यादव की 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान तहत की गयी पहल देशभर के लिए मिसाल : मोदी

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गयी पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी यह पहल देश भर के लिए मिसाल है। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव और भोपाल के मेरे भाई-बहनों की ये पहल देशभर के लिए मिसाल है। ऐसे प्रयास पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, दो घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में दो बाइकों में भिड़ंत से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हैं। घायलों का इलाज जिला अस्पताल कांकेर में चल रहा है। यह हादसा तडोकी थाना क्षेत्र के बोन्दानार गांव के पास हुआ। मिली जानकारी के अनुसार दो बाइक आपस में टकराने से पांच युवक घायल हुए थे। इनमें घायलों को अंतागढ़ में इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था। एक युवक की मौत रात में अंतागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो गई। दूसरे ने कांकेर जिला अस्पताल में दम तोड़ा। वहीं तीसरे युवक को रायपुर रेफर किया गया था, जिसकी धमतरी के पास रास्ते में मौत हो गई। तडोकी थाना प्रभारी ने बताया कि एक बाइक में ग्राम वरचे तो दूसरी बाइक में केसेकोड़ी के युवक सवार थे। मृतक तीनों युवक कोयलीबेड़ा क्षेत्र के रहने वाले थे।

## तीन स्थानों में से किसी एक में आर्मस्ट्रांग को दफनाने पर विचार करें: हाईकोर्ट

एजेंसी < चेन्नई
www.dailypioneer.com



मद्रास उच्च न्यायालय ने सुझाव दिया कि बहुजन समाज पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग के पार्थिव शरीर को ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन की ओर से चिह्नित तीन स्थानों में से किसी एक में दफनाया जा सकता है। पेरम्बूर में बसपा पार्टी कार्यालय में शव को दफनाने की अनुमति मांगने वाली आर्मस्ट्रांग की पत्नी पोरकोडी द्वारा दायर एक तत्काल याचिका पर सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति वी भवानी सुब्बारोयन ने कहा कि चूंकि बसपा कार्यालय घनी आबादी वाले और संकीर्ण क्षेत्र में स्थित है, इसलिए उनके पार्थिव शरीर को जीसीसी की ओर से चिह्नित किये गये तीन वैकल्पिक स्थानों में से किसी एक में दफनाया जा सकता है।

# सरकार ने लोको पायलटों के जीवन को रेल की पटरी से उतार दिया : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोको पायलटों के जीवन की रेल को पटरी से उतार दिया है और उनके जीवन को बहुत कठिन बना दिया है इसलिए वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। गांधी दो दिन पहले नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों से मिले थे और उन्होंने लोको पायलट की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोको पायलेट्स ने उन्हें अपनी दिक्कतें बताई और कहा कि उनका जीवन बहुत कठिन हो गया है। उनसे बहुत ज्यादा काम लिया जाता है, छुट्टी नहीं दी जाती है और उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिलता जो रेल दुर्घटनाओं की भी एक वजह है। गांधी के लोको पायलट से मुलाकात का वीडियो कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर जारी किया जिसमें पायलेट अपनी समस्या गांधी को बता रहे है। कांग्रेस नेता ने उनकी समस्याएं सुनने के बाद कहा कि मोदी सरकार में लोको पायलटों का जीवन बेहद मुश्किल हो चुका है। कांग्रेस नेता ने कहा, लगातार और बिना छुट्टी के काम करने की वजह से लोको पायलटों शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं। इंडिया समूह लोको पायलटों के अधिकारों और वर्किंग कंडीशंस को बेहतर किए जाने के लिए संसद तक आवाज उठाएगा। नरेंद्र मोदी की सरकार में लोको पायलटों के जीवन की रेल पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। उन्होंने कहा, गर्मी से खौलते केबिन में बैठ कर लोको पायलट 16-16 घंटे काम करने को मजबूर हैं। जिनके भरोसे करोड़ों ज़िंदगियां चलती हैं उनकी अपनी ज़िन्दगी का कोई भरोसा नहीं रह गया है। यूरिनल जैसी बेसिक सुविधाओं से भी वंचित लोको पायलट्स के न काम के घंटों की कोई लिमिट है और न ही उन्हें छुट्टी मिलती है जिसके कारण वह शारीरिक और मानसिक रूप से टूट कर बीमार हो रहे हैं। ऐसे हालात में लोको पायलटों से गाड़ी चलवाना उनकी और यात्रियों की जान को जोखिम में डालना है।

## युवा वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार को युवा वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए कहा हैं कि युवाओं के सपनों को तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। शर्मा ने



रविवार को जयपुर में राजपुरोहित ग्लोबल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (राजपुरोहित छात्रावास) का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं छात्रावास परिसर का अवलोकन भी किया और इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने हमारी युवा शक्ति को निराशा की गर्त में धकेल दिया था। पेपर लीक की घटनाओं से कड़ी मेहनत करने वाले ईमानदार विद्यार्थियों का मनोबल टूट गया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही पेपर लीक के मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक व अन्य अनियमितताओं के संबंध में एसआईटी ने ठोस कार्रवाई करते हुए 108 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के सपनों को तोड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवा शक्ति की राज्य के विकास में सहभागिता बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए इस वर्ष लगभग 70 हजार पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को निजी क्षेत्र में करिअर निर्माण में मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश के समस्त संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति और समाज के विकास का मुख्य आधार है।

# शाह ने अहमदाबाद में अमीन पीजेकेपी विद्यार्थी भवन का किया लोकार्पण

वार्ता < गांधीनगर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तथा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में अहमदाबाद कडवा पाटीदार समाज के अत्याधुनिक सुविधाओं से सज्ज अमीन पीजेकेपी विद्यार्थी भवन का लोकार्पण किया। शाह ने इस अवसर पर कडवा पाटीदार समाज को अभिनंदन देते हुए कहा कि आज रथयात्रा के शुभ दिवस पर अहमदाबाद के हृदय समान क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त छात्रालय परिसर का निर्माण किया गया है। कोई भी संस्था पाँच-दस वर्ष पूर्ण करे, तो भी उसे सफल बताया जाता है, परंतु कडवा पाटीदार समाज की यह संस्था सौ वर्ष पूरे करने वाली है। यह हमारे लिए आनंद व गौरव का विषय है। उन्होंने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं इस विद्यार्थी भवन के भूमिपूजन के समय नहीं आ पाया था, परंतु आज आपने मुझे बुला कर मेरे मन की इच्छा पूरी की है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कडवा पटेल समाज ने गुजरात के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है। गुजरात व पटेल समाज का विकास समानांतर होता रहा है। इस समाज ने कठोर परिश्रम कर समाज के विकास के साथ-साथ राज्य एवं देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कडवा पाटीदार समाज की उत्तर गुजरात की कई संस्थाओं में पढ़-लिख कर आज लोग देश सेवाएँ कर रहे हैं। उन्होंने अपने छात्रकाल के छात्रावास जीवन और गृहपति नटुभाई पटेल की अनुशासनबद्धता एवं छात्रों का ध्यान रखे जाने का स्मरण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे चाहे जैसी परिस्थिति का हँसते-खेलते दृढ़तापूर्वक सामना कर आगे बढ़ें। जीवन में आगे बढ़ने के लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में निश्चित प्रयास करने चाहिए। शाह ने कहा कि कडवा पाटीदार समाज की इस संस्था ने गुजरात में बहुत बड़ा योगदान दिया है। इस पवित्र भूमि पर सरदार पटेल ने अनेक दिन बिताए हैं और स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान दिया है। यह संस्था आगामी दिवसों में उच्च शिक्षा के साथ-साथ शिक्षा का उजाला फैलाने का कार्य करेगी। उन्होंने स्वकल्याण के साथ सबका कल्याण करने का अनुरोध किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के लिए मरने की नहीं, अपितु देश के लिए जीने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप अच्छे आईएएस, आईपीएस, सीएम, डॉक्टर, अच्छे नागरिक या गृहिणी बनें, परंतु देश के लिए काम करना जरूरी है।

## सरकारी स्कूलों में अब हर साल ग्रीष्मकालीन शिविर होंगे आयोजित

# मुख्यमंत्री साय ने स्थानीय भाषाओं में प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ राजधानी रायपुर के बजाय राज्य के सुदूर सीमावर्ती जशपुर जिले के आदिवासी बहुल गांव बगिया से करके न सिर्फवर्षो से चली आ रही परंपरा को बदला है बल्कि इसके माध्यम से उन्होंने राज्य के सुदूर कोने तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर बगिया और बंदरचुआ के स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक आवासीय विद्यालय बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौक पर एक पेड़ मां के नाम रोपित कर राज्यव्यापी वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की और लोगों से पौध रोपण के इस महायज्ञ में सहभागी बनने की भी अपील की। राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में बालिका शिक्षा का बढ़ावा देने का संदेश दिया और स्कूली बालिकाओं को साइकिल प्रदान करके यह सुनिश्चित किया कि बालिकाओं को स्कूल आने जाने में किसी भी तरह का व्यवधान न आए और आगे की शिक्षा हासिल कर सकें। मुख्यमंत्री साय ने जशपुर सरकारी स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब्स में से एक में रोबोटिक्स मॉडल विकसित करने वाले छात्र से बातचीत की। उन्होंने इस सुदूरवर्ती जिले में किये गये व्यावसायिक शिक्षा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए कौशल और व्यावसायिक शिक्षा जरूरी है। इस मौके पर वह स्वयं छात्रों के साथ मिट्टी के बर्तन बनाकर यह संदेश भी दिया कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति की परिकल्पना के अनुसार स्थानीय भाषाओं में प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस क्षेत्र में बोली जाने वाली सदरी बोली भाषा में भी पाठ्य पुस्तकें तैयार करने की बात कहीं। छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशन में अब तक 18 स्थानीय भाषाओं-बोलियों में स्कूली बच्चों पुस्तकें तैयार की गई है। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग को नई शिक्षा नीति के अनुरूप मेगा पीटीएम आयोजित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने समर कैंप के दौरान छात्रों द्वारा किए गए कार्य को देखकर प्रसन्नता जताई और सरकारी स्कूलों में हर साल ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए राज्य सरकार इस साल से दो बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि पीएमश्री के तहत राज्य में प्रथम चरण में 211 स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# सदन में सांसदों का ऐसा आचरण होना चाहिए, जिससे लोगों का विश्वास बढ़े : बिरला

एजेंसी < कोटा
www.dailypioneer.com



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यहां का संविधान दुनिया को सबसे बड़ा संविधान है इसलिए सभी सांसदों का यह दायित्व है कि वे इस तरह का बर्ताव और आचरण करें जिससे लोगों का इसके प्रति विश्वास बढ़े। लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए बिरला ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। इसलिए निर्वाचित सदस्यों को सदन में इस तरह का आचरण करना चाहिए जिसकी प्रशंसा दुनियाभर में हो। उन्होंने कहा 'लोकतंत्र में विभिन्न मतों, विचारों और सोच वाले लोग निर्वाचित होकर आते हैं। यहीं लोकतंत्री खूबसूरती है।' उन्होंने कहा कि सदन में जब निर्वाचित सदस्य चर्चा करते हैं तो इससे देश के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। विभिन्न सदस्यों की राय और परामर्शों के जानने के बाद सरकार को जन कल्याण की नीतियों को बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष का पद सौंपे जाने के लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'पूर्व के अनुभवों से सबक लेते हुए मैं कोशिश करूंगा कि सदन की कार्यवाही इसकी परंपराओं और मर्यादाओं के अनुसार अधिक से अधिक समय तक चले और सभी सदस्यों को इसमें भाग लेने और बोलने का समुचित अवसर मिले। उन्होंने कहा, 'हमारी कोशिश करती है कि सदन की कार्यवाही ज्यादा से ज्यादा समय तक चले।

## अनियंत्रित होकर बस पलटी, 20 घायल

वार्ता < बस्ती
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में कप्तानगंज थाना क्षेत्र में अजमेर शरीफ से लौटकर सीतामढ़ी जा रही यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे बीस यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गये है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि अजमेर शरीफसे लौटकर सीतामढ़ी बिहार जा रही बस में 45 यात्री सवार थे जो कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस दुर्घटना में बस में सवार कजमिन खातून (55), शहरा खातून (70), पूरवाना मंसूरी (80), हसीना खातून (45), शराबिन खातून (9), कलाम (80), जुबैदा खातून (70), सिनवाद (8), अलातूर मंसूरी, मुन्नी खातून (17), सेतू खातून (65), अब्बास, जुमरैती खातून (42), अमाना खातून (55), मिलकित खातून (8), मकरून खातून, (70), रिजवाना खातून (50), दिलशाद (10),बसेहा खातून, मोहम्मद नफीस निवासी सीड़िया बाजार थाना बेला सीता मढ़ी बिहार गम्भीर रूप से घायल हो गये है। स्थानीय लोगों एवं पुलिस टीम द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां पर 6 अन्य घायलों की स्थिति नाजुक बतायी जा रही है और 14 घायलों के हालत में सुधार हो रहा है। ये लोग बस में सवार होकर अजमेर शरीफबाबा के दरगाह पर मत्था टेकने एवं धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गये थे।

# रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल हरिचंदन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय





पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रथ यात्रा के अवसर पर गायत्री नगर रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की एवं भगवान के प्रथम सेवक के रूप में छेरा-पहरा की रस्म निभाई। रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में विशेष रस्म के साथ रथ यात्रा निकाली गई है। रथ यात्रा शुरू करने से पहले भगवान की प्रतिमा को रथ तक लाया गया और रास्ते को सोने के झाड़ू से साफ भी किया गया। इस रस्म को छेरापहरा रस्म कहा जाता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी प्रदेशवासियों को रथयात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, उतने ही छत्तीसगढ़ के लोगों को भी प्रिय हैं, और उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा छत्तीसगढ़ पर रही है। साय ने कहा कि भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं। उन्हीं की कृपा से बारिश होती है। उन्हीं की कृपा से धान की बालियों में दूध भरता है। और उन्हीं की कृपा से किसानों के घर समृद्धि आती है। मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस साल भी छत्तीसगढ़ में भरपूर फसल हो। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से मेरी प्रार्थना है कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें शांति, समृद्धि और खुशहाली की ओर अग्रसर करें। राजधानी रायपुर के गायत्री मंदिर में पुरी के जगन्नाथ रथ यात्रा की तर्ज पर पुरानी परंपरा निभाई जाती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छेरापहरा की रस्म पूरी कर सोने की झाड़ू से बुहारी लगाकर रथ यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रभु जगन्नाथ की प्रतिमा को रथ तक लेकर गए। रथ यात्रा के लिए भारत में ओडिशा राज्य को जाना जाता है। ओडिशा का पड़ोसी राज्य होने के नाते छत्तीसगढ़ में भी इसका काफी बड़ा प्रभाव है। रविवार को निकाली गई रथयात्रा में प्रभु जगन्नाथ, भैया बलदाऊ और बहन सुभद्रा की खास अंदाज में पूजा-अर्चना की गई। जगन्नाथ मंदिर के पुजारी के अनुसार उत्कल संस्कृति और दक्षिण कोसल की संस्कृति के बीच की यह एक अटूट साझेदारी है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान छत्तीसगढ़ का शिवरीनारायण-तीर्थ है, यहीं से वे जगन्नाथपुरी जाकर स्थापित हुए। शिवरीनारायण में ही त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने माता शबरी के मीठे बेरों को ग्रहण किया था। यहां वर्तमान में नर-नारायण का मंदिर स्थापित है।

# महतारी वंदन योजना : समाज में महिलाओं का बढ़ता मान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की महिलाओं में महतारी वंदन योजना को लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है। खास कर गरीब, मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग की महिलाओं को इस योजना से मिलने वाली राशि से काफी राहत मिली है। महिलाओं का कहना है कि इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ गया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का ही प्रतिफल है कि उन्हें समय पर महतारी वंदन योजना की राशि माह दर माह मिल रही है। महतारी वंदन योजना में इस माह 5वीं किश्त के रूप में एक-एक हजार रूपए की राशि मिली है। राशि के उपयोग से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। यह राशि महिलाओं के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहुंच रही है। महिलाओं के खाते में राशि आने से परिवार में भी उनकी पूछ परख बढ़ गई है। धमतरी के कलेक्टोरेट परिसर में कैंटिन का संचालन करने वाली सहेली संघ स्व-सहायता समूह की सदस्य हेमा साहू ने बताया कि महतारी वंदन योजना से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को काफी फायदा हो रहा है। समूह की महिलाओं द्वारा अब नियमित रूप से आर्थिक गतिविधियों के लिए अपना योगदान दे पा रही हैं। हेमा ने यह भी कहा कि महतारी वंदन योजना से मिल रही राशि से महिलाएं अपने बच्चों के लिए आवश्यकतानुसार बेहतर प्रबंध कर पा रही हैं। महिलाएं निजी जरूरतों, घरेलू आवश्यकताओं व दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हुई है। साथ ही भविष्य के लिए बचत भी कर रही है। इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ है।

# आप ने कांग्रेस उम्मीदवार कौर के बेटे पर लगाए जमीन घोटाले के आरोप

एजेंसी < जालंधर
www.dailypioneer.com

आप ने जालंधर पश्चिम विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार सुरिंदर कौर के बेटे पर जमीन घोटाले का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि उनके बेटे करण ने अपनी मां के सीनियर डिप्टी मेयर पद का दुरूपयोग किया और उसका आर्थिक लाभ उठाया। आप नेता पवन कुमार टीनू ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान इस मामले का खुलासा करते हुए कहा कि देओल नगर में कोकाकोला कंपनी का 125 मरला जमीन थी। उस जमीन पर पहले कोकाकोला का डीपू था। उसे कंपनी ने कमर्शियल कैटेगरी की जमीन करवाई हुई थी। जब सुरिंदर कौर सीनियर डिप्टी मेयर थी तब उनके बेटे करण ने कोकाकोला कंपनी से उस जमीन को खरीदा था। अब वह उस कमर्शियल जमीन को गैरकानूनी ढंग से रेसिडेंशियल प्लॉट बनाकर बेच रहा है। उन्होंने कहा कि उसके एनओसी के लिए जो कागजात लगाए गए हैं वह भी फर्जी है। उन्होंने कहा कि पूरे जालंधर शहर में सीवरेज की समस्या है लेकिन सुरिंदर कौर ने सीनियर डिप्टी मेयर रहते हुए बिना निगम के इजाजत के उस जमीन को सीवरेज सिस्टम से भी जोड़ दिया क्योंकि उनका मकसद सिर्फ पैसा कमाना था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवार सुरिंदर कौर पांच साल सीनियर डिप्टी मेयर रहीं, लेकिन कभी भी आमलोगों के लिए मौजूद नहीं रही। उनका दफ्तर हमेशा बंद रहता था। इनके अपने मोहल्ले में गंदा पानी आता है क्योंकि वह वहां भी ट्यूबवेल नहीं लगवा सकीं। आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद वहां ट्यूबवेल लगे। टीनू ने कांग्रेस पार्टी पर भी हमला बोला और कहा कि कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार को अपना हक मानते हैं। जब भी उन्हें सत्ता मिलती है वे लोगों के विकास के बजाय सिर्फ अपने परिवार की तरक्की के लिए काम करते हैं। कांग्रेस पार्टी पूरे देश को भ्रष्टाचार में धकेलने वाली पार्टी है। टीनू ने पंजाब सरकार से इस मामले की विजिलेंस जांच कराने की मांग की। उन्होंने लोगों से उपचुनाव में आम आदमी पार्टी का समर्थन करने की अपील की और कहा कि जालंधर का विकास तभी हो सकता है।

# तालाब में नहाने गए चार बच्चे डूबे, छह अन्य को बचाया



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में थाना खंदौली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर बने तालाब में रविवार को नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि बच्चों को डूबते देख महिला सहित छह लोग उन्हें बचाने के लिए कूद गए। बच्चों को बचाने के प्रयास में सभी डूबने लगे। जानकारी मिलने पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस ने सभी को बाहर निकाला, जिनमें चार बच्चों की मौत हो गई। अन्य लोगों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर कानपुर व औरैया के रहने वाले मजदूरों के सात परिवार विगत दिनों से तम्बू लगाकर रह रहे हैं। वे आसपास के गांवों में जाकर समान बेचते थे। आज सुबह करीब साढ़े आठ बजे पास में ही बने तालाब में तीन बच्चे हिना, खुशी व चांदनी नहाने के लिए कूद गए। कुछ ही देर बाद तीनों डूबने लगे। आवाज सुनकर परिवार की महिला नगीना पत्नी छिंगा, अनुराधा, रागिनी, प्राची, सनी व रिया भी कूद गईं। सभी एकसाथ डूबने लगे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस व ग्रामीणों ने रस्सी डालकर सभी को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला।

# बालकोनगर में आयोजित जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव में उमड़े भक्तजन

पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com




भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा बालकोनगर उत्कल भारती समिति ने धूमधाम से आयोजित की। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार सहित अनेक बालको अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और नगरवासियों ने धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेकर भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र को रथ पर आसीन किया। राजेश कुमार की अगुवाई में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर पुण्य अर्जित किया। रथ यात्रा के आगे चल रहे कर्मा नर्तकों के दल ने तालबद्ध नृत्य से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रथयात्रा बालकोनगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान में बनाए गए गुंडिचा मंदिर तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की स्थापना कर उनकी आराधना की। 7 जुलाई से 15 जुलाई तक श्री गुंडिचा मंदिर रामलीला मैदान में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। बालकोनगर में 43 वर्षों से रथ यात्रा उत्सव आयोजित किए जाने की परंपरा है।

## यज्ञ जीवन व मानवता का आलोक पथ : मिश्र

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि यज्ञ जीवन और मानवता का आलोक पथ है। मिश्र इंदिरा नगर स्थित पुष्पांजलि परिसर में चल रहे ललिता कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ स्थल पहुंचे। उन्होंने देश भर से आए वैदिक विद्यार्थियों और संतों की उपस्थिति में राष्ट्र की उन्नति एवं गरीब कल्याण के ध्येय से आयोजित महायज्ञ में भाग लेते हुए यज्ञ की भारतीय संस्कृति को जीवन उत्कर्ष का आधार बताया। इस अवसर पर मिश्र ने कहा यज्ञ जीवन का आलोक पथ है। इससे तन, मन और जीवन ही सिद्ध नहीं होता मानवता का कल्याण होता है। मिश्र ने इस दौरान विद्या का विशिष्ट पूजन भी किया और उपस्थित संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया।

## ड्यूटी पर मरम्मत कर रहे रेलकर्मी की करंट की चपेट में आकर मौत

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश में पूर्वोत्तर रेलवे के गोण्डा जंक्शन पर स्थित डीजल शेड में डियूटी के दौरान मरम्मत कार्य कर रहे रेलवे कर्मी की करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी। साथी की मृत्यु से भड़के अन्य रेलकर्मियों ने मौके पर जमकर हंगामा किया और घटना में लापरवाही बरतने वाले दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के मण्डल उपाध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि डीजल शेड में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत नाजिम (40) ड्यूटी पर लाइन मरम्मत में जुटा था कि अचानक बरसात में रिसाव के कारण लाइन पर करंट दौड़ गया जिसकी चपेट में आये नाजिम की मृत्यु हो गयी। उन्होंने बताया कि घटना के विरोध में यूनियन ने प्रदर्शन कर लापरवाह रेलवे अधिकारियों के विरुद्ध जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे आला अफसरों ने आश्वासन देकर मामले को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

## महाराष्ट्र कृषि के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित


**मुंबई।** महाराष्ट्र को उसकी सतत विकास नीतियों के लिए 15वें कृषि नेतृत्व पुरस्कार समिति की ओर से कृषि क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया गया है। राज्य के कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष पाशा पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे 10 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सर्वश्रेष्ठ कृषि राज्य पुरस्कार 2024 प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि 15वें कृषि नेतृत्व पुरस्कार समिति ने शनिवार को पूर्व मुख्य न्यायाधीश पी. सदाशिवम की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिय। समिति ने पर्यावरण संरक्षण एवं खाद्य सुरक्षा के माध्यम से राज्य में अपनाई गई सतत विकास नीतियों पर ध्यान दिया। पाटिल ने कहा कि शिंदे के नेतृत्व में सरकार ने राज्य में बांस की खेती, मोटा अनाज श्रीअन्न अभियान और थर्मल पावर उत्पादन में बायोमास के उपयोग जैसे क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। यह पुरस्कार 15वें कृषि नेतृत्व सम्मेलन के हिस्से के रूप में प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ब्राजील, अल्जीरिया, नीदरलैंड के राजदूत तथा महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड के मंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

## विधायक ने शुरु किया नदी में सफाई अभियान

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ शहर में गंदगी से अटी पड़ी गंभीरी नदी की सफाई के मामले में नगर परिषद की उदासीनता के चलते विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने शहरवासियों के साथ एक सप्ताह का सफाई अभियान छेड़ दिया है। शहर के मध्य बहने वाली गंभीरी नदी में पिछले पांच सालों से अल्प वर्षा के चलते ठहरे हुए पानी में शहर की गंदगी भरने के साथ ही सम्पूर्ण नदी में जलकुंभी ने अपने पैर पसार लिए जिससे वहां दुर्गंध फैलना शुरू हो गई। कुछ समय पूर्व शहरवासियों ने नगर परिषद से सफाई की मांग भी की, लेकिन परिषद ने मांग को अनसुना कर दिया। इससे तंग आकर लोगों की मांग पर रविवार सुबह आठ बजे से विधायक आक्या ने अपने समर्थकों, भाजपा के पूर्व पदाधिकारियों, सभापति एवं सैंकड़ों शहरवासियों के साथ नदी में सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया। उन्हें स्वयं सफाई करते देख पुल से गुजर रहे आमजन भी आ गये और देखते ही देखते सेंकड़ों लोग सफाई कार्य में जुट गये।

# होशियार से देहरा के अपमान का बदला लेगी जनता : सुक्खू

वार्ता < देहरा
www.dailypioneer.com



हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया कि इस्तीफ़ा स्वीकार होने के बाद अब भाजपा उम्मीदवार होशियार सिंह समेत तीनों निर्दलीय विधायकों को अटैची मिल चुकी है। सिंह ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के सम्मान को भाजपा के पास गिरवी रखा और अब देहरा की जनता इस अपमान का बदला लेने को तैयार है। उन्होंने कहा कि देहरा से भाजपा प्रत्याशी सिंह अब उस धन से जनता को वोट ख़रीदने का प्रयास करेंगे, लेकिन जनता विकास को चुनेगी। सुक्खू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा धनबल के अहंकार में जनता की ताक़त को कुछ नहीं समझते। पहले उन्होंने पुरानी पेंशन प्राप्त करने के लिए सरकारी कर्मचारियों को चुनाव लड़ने की चुनौती दी थी और फिर विधानसभा में कहा कि इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकता। सुक्खू ने कहा कि सरकार गिराने की साज़िश में कांग्रेस पार्टी के छह बागी विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा का साथ दिया, लेकिन जनता ने धनबल की राजनीति को नकार कर कांग्रेस विधायकों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दिया। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार निर्दलीय विधायक अपना इस्तीफ़ा स्वीकार कराने के लिए धरने पर बैठे और कोर्ट गए। इसकी असली वजह भाजपा से डील की रुकी हुई दूसरी किश्त थी। मुख्यमंत्री देहरा विधानसभा क्षेत्र के खैरियां, बौंगता, बाड़ी, शिवनाथ, ध्वाला, ठाकुरद्वारा, मूहल, रजोल और देहरा में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा देहरा में सिंह सिर्फ वोट की राजनीति करने में व्यस्त रहे और क्षेत्र के विकास को अनदेखा किया। सिंह की अपनी गृह पंचायत के लोग भी विकास को तरस रहे हैं। उनकी प्राथमिकता अपने रिजॉर्ट को काम पूरा करना है और विकास से उनका कोई लेना देना नहीं है।

# कर्नाटक भूमि विवाद : कुमारस्वामी ने सिद्दारमैया के 2013 के चुनावी हलफनामे पर उठाए सवाल

एजेंसी < बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने रविवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के 2013 के चुनावी हलफनामे पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि चुनावी हलफ नामे में सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को उपहार में दी गई भूमि का कोई उल्लेख नहीं था। विचाराधीन 3.16 एकड़ भूमि कथित रूप से 2005 में पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन ने उपहार में दिया था और वर्तमान में यह कथित मैसूर विकास प्राधिकरण (मुडा) साइट घोटाले के संबंध में विवादों में है। सिद्दारमैया पहले ही घोटाले में शामिल होने के किसी भी आरोप को खारिज कर चुके हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि सिद्दारमैया के 2013 के चुनावी हलफनामे में संपत्ति के कॉलम से जमीन का उल्लेख स्पष्ट रूप से गायब था। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत, सभी उम्मीदवारों को अपने परिवार की संपत्ति और देनदारियों का खुलासा करना होता है और ऐसा करने में विफल रहने पर उम्मीदवार के नामांकन खारिज किये जाने सहित गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पार्टी कोर कमेटी की बैठक में कुमारस्वामी ने भूमि के जटिल इतिहास को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भूमि खंड मूल रूप से जवारा उर्फ निंगा के स्वामित्व में था, जिसे 1992 में अधिग्रहण के लिए अधिसूचित किया गया था और 1997-98 में अधिसूचना रद्द कर दी गई थी। इसके बाद कथित रूप से भूमि 2004 में मल्लिकार्जुन के हाथों में चली गई और 2005 में एक उपहार के माध्यम से पार्वती को हस्तांतरित कर दी गई। उन्होंने कहा कि यह मुडा घोटाला दूरगामी है। सिद्दारमैया को यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि क्या उन्होंने 2013 के चुनावों के लिए अपने हलफनामे में इस संपत्ति की घोषणा की थी। हमें इन लेनदेन के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए गहन जांच करने की आवश्यकता है। कुमारस्वामी ने अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की संलिप्तता का संकेत दिया और शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश पर महत्वपूर्ण दस्तावेजों को मैसूर से बेंगलुरु ले जाकर घोटाले को छिपाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। जवाब में, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एचए वेंकटेश ने सिद्दारमैया का बचाव करते हुए कहा कि भूमि का उपयोग मुडा द्वारा औपचारिक अधिग्रहण के बिना लेआउट विकास के लिए किया गया था। वेंकटेश ने कहा कि मुआवजे के रूप में, पार्वती को 2022 में 38,000 वर्ग फुट विकसित भूमि आवंटित की गई थी और यह कार्रवाई वैध थी। उन्होंने कहा, यह सच नहीं है कि जवारा मूल मालिक था। जमीन पार्वती की थी और उन्हें जो मुआवजा मिला वह कानूनी रूप से सही था।

# मोदी की सोच के अनुरुप क्षेत्र को विकसित करने का प्रयास करुंगा : दुष्यंत सिंह

एजेंसी < बारां
www.dailypioneer.com

राजस्थान में बारां-झालावाड़ क्षेत्र से पांचवी बार निर्वाचित हुए सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरुप ही वह अपने निर्वाचन क्षेत्र को विकसित करने के लिए कटिबद्ध हैं। बारां में जनता एवं कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देने आए दुष्यंत ने शाहबाद किशनगंज विधानसभा क्षेत्र में कहा कि उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है, बल्कि जरूरतमंद लोगों के काम करने में खुशी मिलती है। वह चुनाव में दिन रात एक करने वाले कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते रहेंगे। इससे पहले दुष्यंत का रविवार को किशनगंज, शाहबाद क्षेत्र में आयोजित मतदाता आभार कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी से स्वागत किया। किशनगंज पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह हाडा, भाजपा के वरिष्ठ नेता नाथू लाल नागर, जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मजिद मलिक कमांडो की अगवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सांसद दुष्यंत सिंह, किशनगंज विधायक ललित मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश मीणा और नरेश सिकरवार का आतिशबाजी के साथ फूलमाला, साफा बांध कर स्वागत किया। कार्यक्रम में दुष्यंत ने अपनी जीत पर सभी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से हम लाखों मतों से विजय हुए यह सब कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। इससे पूर्व दुष्यंत ने अपनी धन्यवाद यात्रा बारां शहर समेत बारां अटरू विधानसभा क्षेत्र से शुरु की। उनके साथ विधायक राधेश्याम बैरवा, जिला अध्यक्ष नंदलाल सुमन, शहर मंडल अध्यक्ष महावीर नामा साथ रहे। उसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए अंता - मांगरोल विधानसभा क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया।

## अभ्यर्थियों के पास पीजीटी परीक्षा में व्यापक भ्रष्टाचार के पुख्ता प्रमाण : अमर कुमार बाउरी

**रांची।** झारखंड में जेएसएससी पीजीटी परीक्षा में हुए धांधली के जांच के मांग एवं श्रेया डिजिटल, बोकारो एवं शिवा इंफोटेक परीक्षा केंद्र के सफल अभ्यर्थियों के जांच की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरना दे रहे अभ्यर्थियों से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रांची विधायक सी पी सिंह,कांके विधायक समरी लाल, राजमहल विधायक अनंत ओझा एवं गोड्डा विधायक अमित मंडल ने मुलाकात की एवं उनके विषय को विस्तार से जाना। मौके पर नेता प्रतिपक्ष श्री बाउरी ने कहा कि जेएसएससी पीजीटी मामले में कई गड़बड़ियां सामने आई है जिस तरह से अभ्यर्थियों ने अपने साथ हो रहे अन्याय के पुख्ता प्रमाण दिखाएं है, उससे लगता है कि झारखंड सरकार ने सफल अभ्यर्थियों से पैसे लेकर नौकरी बेचने का काम किया ह। सरकार को चाहिए कि जब सीबीआई पहले से ही नियुक्ति घोटाले मामले पर अपनी जांच कर रही है तो इस मामले की जांच भी एक साथ करवा दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रति वर्ष 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था और नौकरी नहीं मिलने पर 5 से 7 हजार रुपये का भत्ता देने का वादा युवाओं से किया था।

# समय के अनुरूप चलाने होंगे नए दौर के तकनीकी पाठ्यक्रम : योगी आदित्यनाथ

वार्ता < गोरखपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का समय तकनीकी का समय है और समय के अनुरूप ही हमें उन्नत तकनीकी को लेकर आगे बढ़ना होगा जिसके लिए युवाओं को नए दौर के तकनीकी पाठ्यक्रमों, न्यू एज कोर्सेज की शिक्षा प्रदान करनी होगी ताकि हमारे युवा किसी भी तरह से पीछे न हो सकें। योगी ने शनिवार को गोरखपुर जिले के सहजनवा हरदी में राजकीय पॉलिटेक्निक के आवासीय, अनावसीय भवनों का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इन भवनों के निर्माण पर 21.02 करोड़ रुपये की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ युवा विभिन्न ऑनलाइन फर्जी कंपनियों की लालच में फंसकर अपना धन और समय दोनो बेकार कर देते हैं। दुनिया में साइबर सिक्योरिटी भी एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। साइबर सिक्योरिटी के लिए भी डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम चललाकर प्रशिक्षित युवाओं को तैयार किया जा सकता है। साइबर सिक्योरिटी में प्रशिक्षित युवा साइबर से संबंधित विभिन्न मुद्दों में अपना योगदान दे सकते हैं और रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। योगी ने कहा कि उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि हमारा युवा आज की नई तकनीकी जैसे इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डाटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि की शिक्षा से वंचित न हो। इसके हमें स्थानीय स्तर पर ही इस कार्य को आगे बढ़ाना होगा। रोजगार प्राप्त युवा अपनी समृद्धि के साथ गोरखपुर, प्रदेश और देश के विकास में भी बड़ा योगदान देगा।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल में श्री जगन्नाथ मंदिर से गाजे बाजे के साथ जय जगन्नाथ के नारे के साथ भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की रथ निकला तो हर तरफ भगवान जगन्नाथ के जयकारों से नगर गुंजायमान हुआ, श्री जगन्नाथ मंदिर के सामने रथ का विधि विधान के साथ जगन्नाथ पूरी एवं ओडिशा से आए पांडा ने पूजा अर्चना करने के बाद दोपहर 03 बजे रथ संचालन राम मंदिर से शुरू किया गया। सोने की झाड़ू से झाड़ू मारने की परंपरा 'छेरा पहंरा' एनएमडीसी किरंदुल मुख्य महाप्रबंधक संजीव शाही ने पूरी की।

इस दौरान रथ यात्रा को देखने और उसे छूकर आशीर्वाद लेने भक्तों की होड़ मची रही।भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए उन सभी रास्ते पर लोग शाम से ही लाइन लगाकर खड़े हो गए जहाँ से रथ गुजरा। विभिन्न स्थानों से होते हुए रात 08 बजे फुटबॉल ग्राउंड उत्कल समाज भवन में स्थित मौसी के घर गुंडिचा मंदिर में रथ यात्रा की समापन हुई। समापन पर भक्तों ने खिचड़ी प्रसाद



ग्रहण किया।रथ यात्रा में एनएमडीसी बचेली मुख्य महाप्रबंधक बी वेंकेटेश्वरलु, उपमहाप्रबंधक बीके माधव, महाप्रबंधक प्लांट आर राजा कुमार, बचेली जीएम धर्मेंद्र आचार्य, रवि नारायण रूबी आचार्य जीएम विद्युत एम सुब्रमण्यम, जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आर सी नाहक, उत्कल समाज के अध्यक्ष अविनाश स्वाई, देवराज लेंका, दीपक मोहन्ती, ब्रजेश मिश्रा एवम समिति के सदस्य तथा हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## कोपाबेड़ा वन में किया गया वन महोत्सव का आयोजन



**कोंडागांव।** कोंडागांव वन मंडल द्वारा नगर वन कोपाबेड़ा में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। यहां नीम, जामुन आम, साल, इमली, अमरूद आदि पौधे रोपे गए। स्थानीय विधायक लता उसेंडी ने यहां पौधा रोपा और इस अवसर पर कहा कि, वन से जीवन है, इसलिए वन का संरक्षण और संवर्धन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि, वृक्षारोपण के साथ ही उनका संरक्षण भी हम सभी का दायित्व है। एक वृक्ष मां के नाम से चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत हम सभी एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें। कोंडागांव वन मंडल द्वारा इस वर्ष लगभग दस लाख पौधे लगाए जाएंगे। इनमें दो स्थानों पर प्लांटेशन का कार्य के अंतर्गत 25 हजार पौधे पौधे रोपे जाएंगे। इसके साथ ही पूर्व वर्षो में किए गए वृक्षारोपण में क्षतिग्रस्त पौधों के स्थान पर 55 हजार नए पौधे लगाए जाएंगे। किसान वृक्ष मित्र योजना 8 लाख 68 हजार पौधे लगाए जाएंगे। वृक्ष प्रदाय योजना के अंतर्गत भी इमली, मूंगा, नींबू आम, आंवला अमरूद आदि पौधे निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। नगर वन में आयोजित वन महोत्सव में नगर पालिका के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, वन मंडलाधिकारी आर के जांगड़े, भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार सहित जनप्रतिनिधिगण एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बैलाडीला में रामायण राम कथा रामलीला महोत्सव का 7 दिवसीय आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बैलाडीला के श्री श्री शीतला मंदिर टाइप थ्री टी एस कालोनी किरंदुल के प्रांगण में श्री राम कथा धर्म प्रचारक मंडल मैहर रीवा मध्यप्रदेश की टीम के महंत पंडित रमेश तिवारी के तत्वावधान में 7 दिवसीय रामायण राम कथा रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अध्यात्म के विभूति पूरे भारत के आराध्य देव अखिल विश्व नायक मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की जीवनलीला का संपूर्ण विवरण जैसे मुनि आगमन, अहिल्या उद्धार, रावण बाणासुर संवाद, सीता राम विवाह, सीता हरण, श्री राम विलाप, श्रीराम सुग्रीव मित्रता, बाली वध, रावण वध, रामराज अभिषेक का बड़े ही सुंदर ढंग से पोशाकों को ग्रहण करते हुए मंडली द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है ।रामायण राम कथा रामलीला महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के महाप्रबंधक विद्युत सुब्रमण्यम, श्री शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष रामादिन पटेल, सचिव दिनेश साहू विशेष रूप से मौजूद रहे ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला अस्पताल के जीवन दीप समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला अस्पताल के जीवन दीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने अस्पताल में वर्तमान में प्रदान की जाने वाली सेवाओं के विस्तार के संबंध में चर्चा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में एक्स-रे, सोनोग्राफी सहित प्रयोगशाला में प्रतिदिन दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में चर्चा की और सीटी स्केन हेतु टेलीरेडियोलॉजिस्ट के माध्यम से



सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी बैठक में दिए। जिला अस्पताल में लिफ्ट को एक सप्ताह के भीतर मरम्मत करवाने के निर्देश भी दिए। इस बैठक के दौरान जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ0 आरसी ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## कोरगांव में महिलाओं ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जल शक्ति अभियान कैच द रेन अभियान के तहत ग्राम कोरगांव में आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। नारी शक्ति से जल शक्ति थीम वाले इस अभियान में जल संरक्षण एवं प्रबंधन में महिलाओं की विभिन्न भूमिका पर बल दिया गया है। यह अभियान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय जल मिशन, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि, जल शक्ति अभियान जल संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है और




इन प्रयासों में नारी शक्ति अग्रणी भूमिका निभा रही है।

महिलाओं ने अपने सामूहिक प्रयासों के माध्यम से जल संसाधनों का संरक्षण प्रभावी रूप से किया है। महिलाओं में अनुकूलन एवं नवाचार करने की क्षमता है, जो जल संसाधन प्रबंधन में एक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपनी शक्ति एवं क्षमता का प्रदर्शन करती है। भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का लक्ष्य है, जिससे देश की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी, जिसके कारण देश में पानी की मांग बढ़ेगी जिसे प्रभावी एकीकृत जल प्रबंधन के माध्यम से पूरा किया जाएगा। भारत में पानी की मांग भूजल एवं वर्षा पर बहुत ज्यादा निर्भर करती है।

## मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम के लिए किया जा रहा हैं दवा का छिड़काव

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निदेर्शानुसार दंतेवाड़ा जिले में मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम नियंत्रण एवं गन्दे पानी भराव की साफ सफाई हेतु स्वास्थ्य विभाग एवम मितानिनों द्वारा किरंदुल नगर के घर-घर भ्रमण कर मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम हेतु कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।इस दौरान घर एवं आसपास जलभराव होने वाले स्थान, पुराने टायर, गमला, कूलर, मटका में भरे पानी की सफाई एवं मच्छरदानी के नियमित उपयोग करने हेतु सलाह दिया गया।



## डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल द्वारा थाना में किया गया पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल द्वारा स्थानीय पुलिस थाना परिसर में रविवार को फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्म एवं रेंजर लीडर तृप्ति श्रीवास्तव, गाइड कैप्टन अनामिका एक्का, नारायण प्रसाद, एवं सब इंस्पेक्टर दीनानाथ वैष्णव, हेमंत साहू, के सीमाचलम और विद्यालय के स्काउट - गाइड एवं रेंजर छात्र -छात्राओं के



सहयोग से पपीता, अमरुद, आंवला, कटहल, सहजन, नींबू के पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण की समस्या एवं ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए आज की स्थिति में वृक्षारोपण का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है जिसमें बच्चों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### प्रशासन के सुदृढ़ीकरण हेतु राजस्व अधिकारियों की जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित

## लोगों के हितों के लिए राजस्व अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ दें अपनी श्रेष्ठतम सेवा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने कहा कि अंचल के लोग सीधे-सरल और सहज प्रवृत्ति के हैं। इन लोगों के हितों के लिए राजस्व अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ अपनी श्रेष्ठतम सेवा प्रदान करें। प्रशासन में राजस्व अधिकारी की बड़ी जिम्मेदारी है और उसकी भूमिका राजस्व अधिकारी के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी की भी होती है। आम जनता के प्रति संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें और सतत सम्पर्क रखकर उनकी समस्याओं को निराकरण करने के




लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि, भूमि प्रबंधन का कार्य राजस्व विभाग का हैं। इसलिए भू-अभिलेखों का नियमित तौर पर दुरुस्तीकरण करने सहित समुचित संधारण करें। वहीं आम जनता से संवेदनशीलता बरतें और राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। राजस्व अधिकारी अपने निर्धारित मुख्यालय में रहकर दायित्व निर्वहन करें, जिससे अधीनस्थ राजस्व अमले का उत्तरदायित्व बढ़ेगी और कार्यों में गतिशीलता आएगी। इससे आम जनता में राजस्व प्रशासन के प्रति विश्वास में वृद्धि होने के साथ ही अपने कार्यों को पूरा होने की उम्मीद बढ़ती है।

**सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र प्रदाय के लिए सरलीकृत नियमों का पालन करने के निर्देश** –सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए राज्य शासन के सरलीकृत नियमों का परिपालन किये जाने के निर्देश दिए गए। इस दिशा में अधिकार अभिलेख के अभाव में सामाजिक ताना-बाना,स्थानीय रीति-रिवाज, सामाजिक परंपराओं, वंशावली इत्यादि के आधार पर ग्राम सभा के प्रस्ताव के माध्यम से सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र प्रदाय करें। शैक्षणिक सत्र के शुरुआत को देखते हुए स्कूली बच्चों को जाति,निवास और आय प्रमाण पत्र प्रदाय कार्य में अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने इस कार्य के लिए बीईओ, बीआरसी और संकुल समन्वयकों के माध्यम से लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण तैयार करने कहा। वहीं युवाओं को भी प्राथमिकता के साथ उक्त सभी प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में भू-राजस्व संहिता 1959 (धारा 109, 110, 178, 248, 250), राजस्व पुस्तक परिपत्र, भू-अभिलेख नियमावली सहित अन्य राजस्व संबंधी अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। जिसके तहत नामांतरण, बटवारा, सीमांकन एवं अतिक्रमण, मसाहती सर्वे, भू-अर्जन अधिनियम 2013, भू-व्यपवर्तन धारा 172 पर बस्तर के डिप्टी कलेक्टर गगन शर्मा द्वारा, आय, जाति और निवास, आरबीसी 6-4 एवं भूमि आबंटन के विषय पर प्रशिक्षण दी गई। वन अधिकार मान्यता अधिनियम 2006 के नियमों व प्रावधान, न्यायालयीन प्रक्रिया एवं आदेश लेखन, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, नए कानून तथा राजस्व अधिकारियों के कर्तव्य एवं अधिकार विषय पर विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस कार्यशाला में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व रीडर शामिल हुए।

## भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भाजपा कार्यालय अटल सदन में विधायक लता उसेंडी के उपस्थिति में भाजपा के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। विधायक लता उसेंडी ने मुखर्जी को याद करते हुए उनके जीवन के बारे एवं कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने में उनके योगदान को समस्त कार्यकर्ताओं के सामने विस्तृत जानकारी दी व जिला अस्पताल पहुंच कर एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत डॉक्टरों के द्वारा पौधारोपण भी किया गया इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, मनोज जैन, दयाराम पटेल, जसकेतू उसेंडी, गोपाल दीक्षित, लक्ष्मी ध्रुव, जैनेंद्र ठाकुर, कुलवंत चहल, केशर देहारी, संतोष पात्र, धंसूदास, अविनाश सोरी, बंटी नाग, देवेंद्र मौर्य, अंकुश जैन, विक्की रवानी, सोनामणि एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी, प्रखर राष्ट्रवादी, शिक्षाविद्, राजनैतिज्ञ, अखण्ड भारत के प्रणेता

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती दिवस भाजपा मंडल धमतरी द्वारा मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती दिवस भाजपा मंडल धमतरी द्वारा मनाया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला उनके द्वारा भारतवर्ष को अखंड भारत बनाने का सपना याद दिलाया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत में दो विधान दो प्रधान और दो निशान के सख्त विरोधी थे। उनका कहना था कि भारतवर्ष में जम्मू कश्मीर में जाने के लिए भारत के नागरिकों को वीजा लेना पड़ता है और तात्कालिक समय में जम्मू कश्मीर में जम्मू कश्मीर का अलग झंडा होता था और वहां के वजीरे आजम भी दूसरे होते थे। इसलिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी पूरे भारतवर्ष में जम्मू कश्मीर सहित एक विधान, एक प्रधान, एक निशान के समर्थक थे। इसके लिए उन्होंने अखंड भारत का आंदोलन किया और श्रीनगर लाल चौक में भारत का तिरंगा पहली बार फहराया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी न केवल बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे अपितु प्रखर राष्ट्रवादी, शिक्षाविद्,राजनैतिज्ञ, अखण्ड भारत के प्रणेता भी थे। जीवन के अल्पकाल में उन्होने वो कई असंभव का लगने वाला कार्य कर दिखाया। डा मुखर्जी ने जवाहर लाल नेहरू की गलत कश्मीर नीति का विरोध करते हुए कहा कि एक देश में दो प्रधान, दो निशान, दो विधान नहीं हो सकते। कश्मीर से धारा 370 समाप्त कराने के लिए उन्होने बिना परमीट जम्मू जाने का फैसला किया जहां कश्मीर की अब्दुल्ला सरकार द्वारा धोखे से गिरफ्तार कर कश्मीर के एक झोपडी नुमा जेल में डाल दिया गया। 23 जून को डा मुखर्जी की उस झोपडीनुमा जेल मे जिसमें न तो टेलीफोन कनेक्शन था और न ही घूमने फिरने की आजादी, जहां उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। इस प्रकार राजनीति का एक ध्रुव तारा अल्प जीवन काल में ही इस दुनिया से विदा हो गया। इस कार्यक्रम में अविनाश दुबे जिला महामंत्री, बीथिक विस्वास, प्रकाश गोलछा, धनीराम सोनकर, दीपेंद्र साहू,कैलाश सोनकर ,अखिलेश सोनकर, प्रकास शर्मा, श्यामा साहू अभिषेक शर्मा, अज्जु देशलहरे, अवनेंद्र साहू, आशीष शर्मा, विजय मोटवानी, नीतू द्विवेदी, संतोष सोनकर, लता सोनी भजपा मण्डल के जेस्ट श्रेस्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों और होटलों का किया औचक निरीक्षण, अमानक खाद्य सामग्री भी कराई नष्ट

## साफ-सफाई को लेकर प्रशासन सख्त, 8 दुकानों को जारी किया गया नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर बारिश के मौसम में खाद्य पेयजल जनित बीमारियों से जन सामान्य के बचाव हेतु होटल एवं रेस्टोरेंट तथा फल भंडारो की जांच की गई। इस दौरान खाद्य विभाग के टीम द्वारा जिला मुख्यालय के 8 दुकानों को नोटिस जारी करते हुए वहां से बरामद किए अमानक खाद्य सामग्रीयों को मौके पर नष्ट किया गया। जिसमें जांच के दौरान देवांगन होटल से लगभग 2 किलोग्राम बासी पोहा व बालूशाही, बरकाती बिरयानी के 2 किग्रा. चिकन फ्राई में डस्ट, सोनी होटल के लगभग 5 किलोग्राम बालूशाही में डस्ट, केजीएन बिरयानी में लगभग 3 किलोग्राम चिकन फ्राइ में डस्ट पार्टिकल पाया गया। इसी तरह जायका रेस्टोरेंट के वेज और नॉनवेज खाद्य पदार्थों का उचित रख रखाव नहीं पाया गया। साथ ही यादव होटल में खाद्य पदार्थों को खुले में बेचना पाया गया, उपरोक्त सभी खाद्य पदार्थों को तुरंत नष्ट कराया गया। इसी तरह किशन फल भण्डार,जयफल भंडार में भी फलों की जांच की गई। इस दौरान फलों को नियमानुसार पकाया जाने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान सभी को खाद्य पदार्थों के सही रख-रखाव पीने के पानी का साफ बर्तन में भण्डारण करने, खाद्य पदार्थ को मक्खी से बचाव हेतु ढक कर रखने, अखबार पेपर का उपयोग नही करने, तेल में तीन बार से अधिक नहीं तलने, एक्पाइयरी डेट वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने एवं साफ -सफाई रखने की निर्देश दिए गए है। उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा के द्वारा दी गई है। निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग के अन्य अधिकारी एव कर्मचारी गण उपस्थित रहे। रूको प्रोग्राम के तहत किया जा रहा है जागरूक राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट अथॉरिटी के द्वारा उपयोग की गई हुई खाद्य तेलों की खरीदी के संबंध में जानकारी सभी दुकानदारों को दी गई। जिसके माध्यम से प्रति किलोग्राम 27 रुपए की दर से बायोफ्यूल बनाने उपयोग हेतु छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट अथॉरिटी के द्वारा खरीदा जाता है।

# भाजपा महामंत्री के बयान पर एनएसयूआई ने कसा तंज, कहा जो शीशे के घर में रहते हैं, उन्हें दूसरे के घरों पर पत्थर नहीं मारना चाहिए

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा के कांग्रेस और एनएसयूआइ को लेकर दिए गए गुटबाज़ी वाले बयान के बाद बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया है। रामू रोहरा के इस बयान के पश्चात एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने तंज कसते हुए कहा कि जो शीशे के घर में रहते हैं, उन्हें दूसरे के घरों पर पत्थर नहीं मारना चाहिए। भाजपा को सत्ता में आए कुछ ही दिन हुए हैं और इनकी गुटबाजी चल रहा है, दोनों उपमुख्यमंत्री प्रदेश की कमान अपने हाथों में लेने को आतुर है, डिप्टी सीएम मुख्यमंत्री की बात नही सुनते। साय सरकार में गुटबाजी इतनी हावी हो चुकी है कि अभी तक मंत्रिमंडल के रिक्त पद नही भरे गए हैं। भाजपा में गुटबाजी का आलम ये है कि विधानसभा उपाध्यक्ष अभी तक नही चुना गया है, प्रदेश का नेतृत्व कौन कर रहा है, अधिकारी किसकी बात मान रहे हैं ये समझ से परे है इसी कारण राज्य में कोई काम नहीं हो रहा है और व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है जिसमें सभी प्रकोष्ठों को अपने हिसाब से कार्य करने की स्वतंत्रता है, ये संघ की शाखा की तरह नही है जहां से आई चिठ्ठी के अनुरूप कार्य करना भाजपा की अनिवार्यता होती है।

# अर्जुनी पुलिस एवं सायबर टीम ने मारूति ईको सायलेंसर चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रार्थी ठाकुर राम साहू उम्र 52 वर्ष साकीन नगर पंचायत आमदी थाना अर्जुनी जिला धमतरी द्वारा 4 जुलाइ 24 को पंजाब नेशनल बैक आमदी के सामने अपनी मारुति ईको कार खडा किया था जब 5 जुलाई 24 को सबेरे उठ के देखा तो कार का सायलेंसर कीमती 40,000 रूपये का कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। आस-पास पता किया पता नही चलने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 05/07/24 को थाना अर्जुनी में कार की सायलेंसर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अर्जुनी पुलिस द्वारा मौका निरीक्षण एवं प्रार्थी का कथन लिया गया एवं चोरी गये सायलेंसर एवं अज्ञात चोर की पता तलाश की जा रही थी एवं आस पास के लोगों से भी पूछताछ किया गया एवं मुखबिर के माध्यम से भी पता तलाश की जा रही थी। अर्जुनी पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान आमदी में एक व्यक्ति कार के पास संदिग्ध खडा मिला जो पुलिस की पेट्रोलिंग गाडी देखकर छुपने की कोशिश कर रहा था जिसको पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा घेरा बंदी कर पकडा गया और थाने लाकर पूछताछ करने पर अपना नाम चंद्रजीत यादव साकीन बिरगांव बताया, उनको और कडाई से पूछताछ करने पर बताया की वह पंजाब नेशनल बैंक के पास खडी मारुति ईको सायलेंसर चोरी किया है और भी दुसरे मारुति ईको कार का सायलेंसर निकालने के लिए घुम रहा था, जिसको सायलेंसर चोरी करने के संबंध में पूछने पर बताया की सायलेंसर में लगे कीमती धातु प्लेटेनियम को निकालकर मंहगे कीमतों में बेचते थे और सायलेंसर को 10 से 15 हजार में अलग बेच देते थे।

# 2 शराब कोचियों को किया गया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

थाना सिमगा एवं सहायता केंद्र लिमतरा पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 06 जुलाई को पुलिस सहायता केन्द्र लिमतरा से सउनि नेतराम पटेल, प्र.आर. अरविंद राय की पुलिस टीम द्वारा ग्राम गणेशपुर में घेराबंदी कर अवैध कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले 2 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से कुल 60 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 12,000 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सिमगा में क्रमशः अपराध क्र. 223,224/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों का नाम बिलास उर्फ राजा उम्र 19 साल निवासी ग्राम गणेशपुर थाना सिमगा, एलीसा उर्फ बाबी उम्र 48 साल निवासी ग्राम गणेशपुर थाना सिमगा।

# प्रधान पाठक के विदाई पर भावुक हुए ग्रामीण





पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकुल केन्द्र सेमलिया के आश्रित शाला शासकीय उच्च प्राथमिक शाला जंगलबेढ़ा में पदस्थ प्रधान पाठक प्रवीण कुमार प्रधान के सेवाकाल पूर्ण होने पर संकुल केन्द्र एवं सेवारत शाला ग्राम के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं विद्यालयीन छात्र- छात्राओं एवं ग्रामीणों के गरिमामय उपस्थिति में भव्य सेवानिवृत्ति विदाई स्वागत सम्मान समारोह में गीता स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल व अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जहां विद्यालय के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान पाठक के करकमलों से विद्या दायिनी मां सरस्वती भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-पाठ दीप प्रज्जवलित कर सभी बच्चों शाला प्रबंधन विकास समिति एवं ग्रामीण जनों को सेवाकालीन अतीत के शैक्षणिक गतिविधियों को अवगत कराते हुए आशिर्वचन के शब्दों से स्वयं एवं समारोह सभा में सभी अवरूध्द कंठ से भावुक हो गये। विद्यालय से पूरे ग्राम में संकीर्तन मंडली के माध्यम से गुरू महिमा गायन वादन करते हुए नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह चरण प्रक्षालन गुलाल पुष्पमाला श्रीफल और अंग वस्त्र भेंटकर उनके कर्मभूमि से जन्मभूमि निवास ग्राम पंडापारा तक ससम्मान पहुंचाने आने पर उनके सभी स्वजन इष्टमित्र बंधु-बांधवों ग्रामीणों एवं पारिवारिक जनों द्वारा भी चरण प्रक्षालन गुलाल चंदन तिलक पुष्पमाला आरती अंगवस्त्र भेंटकर मंगलमय- सुखमय दीर्घायु जीवन की बधाई एवं शुभकामना अभिनंदन सम्मान देने पर भाव-विभोर भावुक प्रधान ने कहा मैं शासकीय सेवा से विदा हो रहा हूं परन्तु गुरु शिष्य रिश्ता से कभी नहीं विदाई सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। इस विदाई भेंट मुलाकात अवसर पर विशेष रूप से प्रफुल्ल कुमार प्रधान कान्हूचरण प्रधान चन्द्रहास पात्र सेवाशंकर साहू विमल प्रधान बिसीकेशन साहू कमलासन आचार्य राजेन्द्र सिंह सिदार शिक्षक साथी सहित संकुल परिवार से महेश दास प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भुथिया कौशल प्रधान संकुल समन्वयक अभिमन्यु राणा अक्षय कर देवेन्द्र प्रधान नीलमणि प्रधान गोकुल प्रधान मधुमंगल प्रधान रथ कुमार भोई राधेश्याम राणा कपिलदेव प्रधान लोकनाथ प्रधान अर्चना भोई गुलापिनी भोई स्मिता साहू नीतारानी साहू सुलोचना पटेल रोशनी सेठ सत्यनारायण पटेल डिग्रीलाल प्रधान विक्रम यादव शुकदेव मेहेर चुडामणी कर भगवान साहू निर्मल प्रधान कृपासिंधु कुम्हार जयप्रसाद लोहा चुडामणी चौधरी सचिन स्वाई सुधीर मांझी सहित जंगलबेढ़ा और पंडापारा ग्रामवासी मौजूद रहे।

# शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

अंचल के ग्राम बिछिया में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक नंद एवं अतिथियों ने माता सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर किया। तत्पश्चात बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि बच्चों का शाला प्रवेश हम उत्सव के रूप में मनाते है क्योंकि बच्चे ही हमारे देश के भविष्य है। बच्चों का भविष्य बेहतर शिक्षा ही संवर सकता है। उन्होंने बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बसना के अध्यक्ष रूखमणी सुभाष पटेल, सरपंच बिछिया, प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चे समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की बैठक 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में आयोजित : डा. भूपेन्द्र गिलहरे

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



राज्यपाल एवं राष्ट्रपति अवार्डी शिक्षको का महत्वपूर्ण बैठक 07 जुलाई 2024 रविवार को, समय 12:30 बजे स्थान- संकल्प, 18 कैलाश रेसीडेंसी, मीरा दातार रोड, बोटल हाऊस के आगे, शंकरनगर, रायपुर (चुन्नीलाल शर्मा) के निवास में रखा गया है। जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य के सम्मानीय राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षको की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया जाएगा। विगत दिनों छग शासन, प्रशासन को मध्यप्रदेश व अन्य प्रदेशों में राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों को दी जा रही सुविधा को छत्तीसगढ़ राज्य में भी लागू किये जाने हेतु मांग पत्र सौपा गया है किंतु आज पर्यंत तक मांग पूरी नहीं हुई है। डॉ विष्णु शर्मा प्रदेश सचिव एवं डॉक्टर प्रदीप कुमार साहू आजीवन सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी फोरम ने जानकारी देते हुए कहा कि दो सूत्रीय मांग पुरा कराने पर चर्चा। राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षको को पारी बाहर(आउट ऑफ टर्न) पदोन्नति। राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति तिथि दो वर्ष की बढ़ोतरी की मांग पर चर्चा, आय-ब्यय की जानकारी. राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी फोरम पुनर्गठन। अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा संघ की एकजुटता व सदस्यता पर किया जावेगा। बैठक में सभी राज्यपाल राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को सम्मिलित होकर अपनी मांग को शासन के समक्ष ठोस रणनीति के तहत रखा जा सके व परिणाम सकारात्मक प्राप्त किये जाने के लिए अपील किया गया है।

# तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



10 जून को बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्यवाही करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने एवं इस दौरान उद्दंड उपद्रव करने वाले लोगों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है, जिसके तहत पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल 02 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी में जिला बालोद निवासी प्रवीण महिलांगे भी शामिल है, जिसे संयुक्त कार्यालय परिसर में तोड़फोड़ कर एवं वहां खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर अंदर रखे लैपटॉप, मोबाइल एवं हार्ड डिस्क को चोरी करते हुए वीडियो फुटेज में साफदेखा जा सकता है। एक आदतन अपराधी की भांति प्रवीण महिलांगे अपने हाथ में एक बड़ा बांस का डंडा लिए हुए तोड़फोड़ करते हुए कार से लैपटॉप, हार्ड डिस्क एवं अन्य सामान चोरी करके अपने हाथ में रखा हुआ है। इसके पूर्व भी संयुक्त कार्यालय परिसर में तोड़फोड़ करते हुए वहां खड़े एक व्यक्ति का मोबाइल लूट कर भागने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लूट का मोबाइल जप्त किया गया था। इन आरोपियों की गिरफ्तारी से यह भी पता चलता है कि उपद्रवियों द्वारा धरना प्रदर्शन कि शक्ल में जमकर तोड़फोड़, लूटपाट एवं चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। कि आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में 06 जुलाई तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 155 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी शैलेंद्र बंजारे उम्र 33 वर्ष निवासी पंचशील नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, प्रवीण महिलांगे उम्र 19 साल निवासी ग्राम बाराबोड खपरी जिला बालोद।

# भुगतान रोकने क़े बाद भी प्रगति नहीं लाने वाले एजेंसी होंगे ब्लैकलिस्टेड

## कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन अंतर्गत एजेंसियो क़े कार्यो की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में जल जीवन मिशन कार्य क़े लिए अनुबंधित एजेंसियो की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। उन्होने सभी एजेंसियो क़े प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कम प्रगति वाले एजेंसी की भुगतान रोकी जाएगी, इसके बाद भी सुधार नही लाने पर एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड की जाएगी।उन्होने कमजोर फिल्ड वर्क क़े कारण हेल्प एंड हेल्प एजेंसी क़े कोऑर्डिनेटर को नोटिस जारी करने क़े निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक क़े दौरान एजेंसियों क़े कार्य की जमीनी हकीकत जानने फिल्ड पर काम कर रहे कर्मचारियों से सीधे फोन पर बात कर जानकारी ली और जरुरी निर्देश दिए। उन्होने सभी एजेंसियो से प्रतिदिन किये गए कार्य की रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने क़े निर्देश दिए। उन्होने ऐसे एजेंसी जिनक़े पास आवंटित गांव की संख्या अधिक और कर्मचारियों की संख्या कम होने क़े कारण कार्य की प्रगति बहुत धीमा है उनसे गाँव की संख्या कम कर बेहतर प्रगति वाले एजेंसी को देने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी एजेंसी गुणवत्तापूर्ण काम करें, अब तक जो काम अधूरे है उसे जल्द पूरा करें तथा पाईप बिछाने खोदे गए गड्ढों को ठीक करें। उन्होंने कहा कि सभी जल स्त्रोतों का टेस्टिंग किट से जल की गुणवत्ता जाँच एवं क्लोरीनिकरण करें। जल जीवन मिशन में सबसे पहले गुणवत्तापूर्ण कार्य हो उसके बाद ग्रामवासियों को यूजर चार्ज क़े लिए प्रोत्साहित करें। बरसात क़े मौसम में जलजनित बीमारियों से बचने सभी गांव में बैठक लेकर लोगों को समझाईश दें कि पानी उबालकर ठंडा होने क़े बाद पीने क़े लिए उपयोग में लाएं। बताया गया कि विकासखंड बलौदाबाजार में एजेंसी उपवन महिला बालविकास को 146 गाँव, पलारी में एजेंसी हेल्प एंड हेल्प को 132 गाँव, भाटापारा में एजेंसी कामगार फाउंडेशन को 108 गाँव, कसडोल में एजेंसी विकास आशा सेवा समिति को 117 एवं प्रतीक्षा को 110 गांव कार्य करने हेतु आवंटित किया गया है।

# एएसआई मोहित मलिक, प्रधान आरक्षक धनंजय यादव का एक्शन मूड जारी, शराब तस्कर दबोचे गए



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

संवेदनशील पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के पदस्थापना के बाद एएसआई व प्रधान आरक्षकों ने लगातार अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई किये जाने की खबर सुर्खियों में छाया हुआ है। आपको बताते चलें कि थाना लवन में पदस्थ एएसआई मोहित मलिक, प्रधान आरक्षक धनंजय यादव का अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों पर धरपकड़ कार्यवाही कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना लवन से सउनि मोहित मलिक, प्र.आर. धनंजय यादव, नान्हूराम नवरंगे व हमराह स्टाफ की पुलिस टीम द्वारा नगर पंचायत लवन के वार्ड क्रमांक 13 में घेराबंदी कर अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाले 06 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से कुल 88 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 17,600 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना लवन में क्रमशः अप.क. 295, 296, 297, 298, 299, 300/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है। आरोपियों में सोनदास उम्र 42 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन, शिवशंकर उर्फसंतोष उम्र 48 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन, संतोषी बाई उम्र 38 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन, रेखा बाई उम्र 40 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन. उमरेठीन उम्र 40 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन, छिता बाई उम्र 53 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन शामिल है।

# राजस्व पखवाड़ा के पहले दिन किसानों और ग्रामीणों से 479 आवेदन मिले 309 आवेदनों का हुआ निराकरण

## 20 जुलाई तक जिले के 90 ग्राम पंचायतों सहित सभी तहसील कार्यालय मुख्यालयों में होगा राजस्व शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में 6 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कबीरधाम जिले में अभियान के पहले दिन 6 जुलाई शनिवार को 8 ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 32 ग्राम पंचायतों के किसान, ग्रामीणजन शामिल हुए। कलेक्टर जनमेज महोबे ने पंडरिया अनुविभाग के कुंडा तहसील अंर्तगत ग्राम मोहगांव में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों और किसानों ने मिले आवेदनों का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर की उपस्थिति में किसानो की मांग पर किसानों को नए ऋण पुस्तिका भी जारी किया गया। कलेक्टर महोबे ने किसानों को शिविर में ऋण पुस्तिका का भी वितरण किया। प्रदेश व्यापी राजस्व पखवाड़ा के अंर्तगत कबीरधाम जिले के ग्राम खड़ौदा खुर्द, कोठार, बड़ौदा कला, मोहगांव, महिडबरा,झिंगरा डोंगरी, ग्राम दलदली, और रेंगाखार में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में किसानों और ग्रामीणों ने राजस्व संबंधित 479 आवेदन मिले, शिविर में 309 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। कलेक्टर महोबे ने शेष 170 आवेदन को निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर महोबे के निर्देश पर अपर कलेक्टर निर्भय साहू ने भी राजस्व शिविरों का निरीक्षण किया। साथ ही कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया एसडीएम सन्दीप ठाकुर, बोड़ला एसडीएम गीता रायस्त और सहसपुर लोहारा एसडीएम आकांक्षा नायक अपने अनुविभाग अन्तर्गत आयोजित राजस्व शिविरों का निरीक्षण किया और निराकरण की कार्यवाही से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा समय सीमा निर्धारित की गई है, उस समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ शेष आवेदनों को निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए है। निराकरण नियामानुसार होनी चाहिए। कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार को अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले राजस्व शिविरों का अवलोकन निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि राज्य शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार 6 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतर्गत तहसील मुख्यालय सहित पटवारी हल्के एवं 90 ग्राम पंचायत मुख्यालयों का चयन राजस्व शिविर के आयोजन के लिए किया गया है। इस राजस्व पखवाड़ा में राजस्व संबंधित समस्याओं का आवेदन लिए जाएंगे। शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा विवादित नामांतरण, बंटवारा, विवादित नामातंरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, त्रृटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी, सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का आवेदन प्राप्त करना एवं निराकरण किया जाएगा।

### तहसीलवार राजस्व पखवाड़ा की जानकारी

**कवर्धा तहसील :** कवर्धा तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 16 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। 07 को रवेली, 08 को जेवड़नखुर्द, 10 को नेवारी, 11 को अमलीडीह, 12 को तहसील कार्यालय कवर्धा, 13 को ग्राम छिरहा, 14 को ग्राम भागूटोला, 15 को ग्राम धमकी और 16 जुलाई को ग्राम बम्हनी में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

**पिपरिया तहसील :** पिपरिया तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 19 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। 07 को बिरकोना, 08 को तहसील कार्यालय पिपरिया, 09 को गांगपुर, 10 को मक्के, 11 को खैरझिटी, 12 को धनौरा, 13 को मरका, 14 को धौराबंद, 15 को चचेड़ी, 16 को सोनपुरी, 18 जुलाई को इंदौरी और 19 जुलाई को ग्राम दशरंगपुर में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

**सहसपुर लोहारा तहसील :** सहसपुर लोहारा तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। 07 को उड़ियाकला, 08 को तहसील कार्यालय सहसपुर लोहारा, 09 को पवनतरा, 10 को भिंभौरी, 11 को सिल्हाटी, 12 को मोहगांव, 13 को सिघंनगढ़, 14 को रणवीरपुर, 15 को नवघटा, 16 को बाजार चारभांटा, 18 को दानी घटोली, 19 को धरमगढ़ और 20 जुलाई को ग्राम गौरमाटी में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

**कुण्डा तहसील :** कुण्डा तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 18 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। 07 को सोढ़ा, 08 को भगतपुर, 09 को जंगलपुर, 10 को बोड़तराखुर्द, 11 को महली, 12 को तहसील कार्यालय कुण्डा, 13 को गिरधारी कांपा, 14 को डोंगरियाखुर्द, 15 को दामापुर, 16 को सैंहामालगी और 18 जुलाई को ग्राम पटुआ में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

**कुकदूर तहसील :** कुकदूर तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 10 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। 07 को नेउर, 08 को पोलमी, 09 को तहसील कार्यालय कुकदूर, 10 जुलाई को ग्राम देवसरा में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

**पंडरिया तहसील :** पंडरिया तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। 07 को कामठी, 08 को कोदवागोडान, 09 को छीरपानी, 10 को उदका, 11 को कांपादाह, 12 को बाघामुड़ा, 13 को कोडापुरी, 14 को रमतला, 15 को डोमसरा, 16 को तहसील कार्यालय पंडरिया, 18 को पाढ़ी, 19 को मैनपुरा और 20 जुलाई को ग्राम नगर पंचायत पाण्डातराई में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

**बोड़ला तहसील :** बोड़ला तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन होगा। 07 को तरेगांव जंगल, 08 को बैजलपुर, 09 को खड़ौदाखुर्द, 10 को कबराटोला, 11 को सारंगपुर कला, 12 को पोड़ी, 13 को नेउरगांव कला, 14 को तहसील कार्यालय बोड़ला, 15 को राम्हेपुर, 16 को राजानवांगांव, 18 को खैरबनाकला, 19 को चिल्फी और 20 जुलाई को ग्राम बहनाखोदरा में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

**रेंगाखारकला तहसील :** रेंगाखारकला तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 13 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। 07 को बम्हनी, 08 को झलमला, 09 को धानीखुंटा, 10 को रेंगाखार कला, 11 को उसरवाही, 12 को डांगरिया और 13 जुलाई को ग्राम मिनमिनिया जंगल में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

# गंजपारा से नगर निगम ने हटाया वर्षों पुराना कब्जा, जर्जर भवन को जेसीबी से किया धराशाही

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत गंजपारा नाका चौक सत्तीचौरा गंजपारा के पास निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश के बाद भवन अधिकारी गिरीश दीवान के मार्गदर्शन में नगर निगम ने करीब 30 से 40 वर्ष पुराने एवं जर्जर हो चुके अवैध कब्जा को धराशायी किया। कार्रवाही के मौके पर नायाब तहसीलदार ढाल सिंग बिसेन, भवन निरीक्षक विनोद मांझी, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित दुर्ग थाना पुलिस व अतिक्रमण टीम की मौजूदगी में कार्रवाही को अंजाम दिया गया है। आपको बता दे कि श्यामलाल पांडे नामक व्यक्ति द्वारा नगर निगम की लाखों रुपए की जमीन पर कब्जा कर रखा गया था, उनके वारिसान की याचिका व्यवहार न्यायालय ने खारिज कर दी।जिसके बाद निगम अमले ने अवैध कब्जा हटाया। कोर्ट में नगर निगम की ओर से भवन अधिकारी गिरीश दिवान ने नगर निगम का पक्ष मजबूती से रखा तथा इस मामले की पैरवी करते हुए अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह ने नगर निगम दुर्ग के पक्ष में फैसला दिलवाया।

मालूम हो कि उक्त जगह को नगर पालिका परिषद द्वारा चुंगी कर के लिए श्यामलाल पांडे के जीवन काल में किराए पर दिया गया था। निगम ने एमआईसी में किराएदारी समाप्त कर दिया था। जिससे श्यामलाल पांडे के वारिसान नगर निगम के खिलाफ कोर्ट गए थे। श्यामलाल पांडे के वारिसान की याचिका व्यवहार न्यायालय दुर्ग ने खारिज कर दी है। जिसके बाद निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई।

# विकास कार्यों का भूमिपूजन : 55 लाख रुपए से बनेगा सीमेंटीकरण, गलियों का भी होगा सीमेंटीकरण

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विधायक गजेंद्र यादव और महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा सभापति राजेश यादव, लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, पार्षद देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद खिलावन मटियारा एवं वार्ड नागरिको के संग जयंती नगर वार्ड क्र.16 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य धरसा रोड एवं विभिन्न गली भूमि पूजन और वार्ड क्रमांक 16 में मोहन साहू के घर के पास एवं अन्य स्थानों पर डब्ल्यू.बी.एम. रोड एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य 40 लाख रु. के अलावा कादंबरी नगर वार्ड क्र.17 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य पप्पू फेब्रिकेशन से लास्ट बाउंड्रीवाल 15 लाख रु. तक किया जाना प्रस्तावित है। बता दे कि इन दो वार्डो के लिए 55 लाख की लागत से प्रस्तावित सीमेंटीकरण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि लोगों का स्नेह ही हमारी शक्ति है। लोगों के विश्वास के अनुरूप कार्य ही, हम सभी का विकास है।सीमेंटीकरण होने से आवागमन में सहूलियत के साथ ही बारिश के दिनों में कीचड़ से निजात मिलेगी। लोगों की मांग के अनुसार वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

वही विधायक व महापौर ने अधिकारियों को निर्माण के दौरान ढलान और गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के साथ ही समय पर कार्य पूर्ण करने कहा। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल भूमिपूजन में शामिल हुए। उन्होंने दो वार्डो के लिए 55 लाख से होने वाले विकास कार्य के लिए भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक व महापौर नागरिकों से रूबरू हुए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर नागरिकों से मुलाकात के दौरान आवश्यकताओं और समस्याओं पर चर्चा की।

# पानी का बचाव हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : कलेक्टर चौधरी

## ग्राम पंचायत हसदा में आयोजित हुआ जल मड़ई कार्यक्रम, जिले में जल मड़ई सप्ताह 5 से 13 जुलाई तक

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के लिए जिले में 05 से 13 जुलाई तक जल मड़ई सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज धमधा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हसदा के शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जल मड़ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल मड़ई के अंतर्गत पौधरोपण के साथ ही जल संरक्षण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जल है तो कल है, क्योंकि पानी के बिना पृथ्वी पर किसी का भी जीवित रहना असंभव है। पानी व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि इसके बिना कई गतिविधियाँ पूरी नहीं की जा सकतीं। फिर भी व्यक्ति इसे बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ता है। जल हम बना नही सकते, लेकिन बचा तो सकते हैं। जल और वृक्ष जीवन का अमूल्य आधार है। जल मड़ई कार्यक्रम में महिलाएं एवं स्कूल के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जल प्रहरी नीरज वानखेड़े द्वारा जल संरक्षण की दिशा में जल को सहेजने हेतु सोकपीट रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि को मॉडल का उपयोग कर एवं खेल के जरिए बताया कि जल संरक्षण का भविष्य सिर्फ हमारे हाथों में ही है। वीडियो के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। कलेक्टर चौधरी ने कहा कि जल मड़ई का उद्देश्य पानी की बर्बादी को कम करना और उसके कुशल उपयोग को बढ़ावा देना है। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है, ऐसे में हमें पानी का जरूरत अनुसार उपयोग करना चाहिए। पानी का पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग से हम पानी की बचत कर सकते है। घरेलू उपयोग के बाद बचे हुए पानी को बागवानी या अन्य कार्यों में पुनः उपयोग किया जा सकता है। सामुदायिक स्तर का अभियान है, लोगों को जागरूक होना होगा और जल संरक्षण के महत्व को समझना होगा। हमें यह समझना होगा कि पानी का बचाव हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बारिश के पानी को जमा करने का एक तरीका होता है, यह किसी भी सतह पर गिरने वाला बारिश का पानी हो सकता है। इस पानी को बाद में फिल्टर किया जाता है और फिर इस्तेमाल करने के लिए जमा कर दिया जाता है। इस तरह पानी की हार्वेस्टिंग करने से पानी का लेवल दोबारा पहले जैसा नॉर्मल हो जाता है, जिससे यह पानी बर्बाद होने से बच जाता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शासकीय प्राथ./पूर्व माध्यमिक शाला हसदा के प्रांगण में पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए आम का पौधा लगाया एवं बच्चों को इसकी देखभाल करने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, जनपद सदस्य जितेन्द्र साहू उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत की सुनवाई 13 जुलाई को

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय दुर्ग, परिवार न्यायालय दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाए) दुर्ग तथा किशोर न्याय बोर्ड, व तहसील व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 पाट व धमधा में आयोजित की जाएगी। उक्त तिथि को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारी अपने अंतिम चरण में है जिसके तहत आपसी राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, सिविल मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामलें, परिवार न्यायालय में पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम न्यायालय के प्रकरण, स्थायी लोक अदालत में जनोपयोगी सेवा से संबंधित लगभग कुल 8078 मामले एवं बैंक वित्तीय संस्था/विद्युत/दूरसंचार के बकाया राशि के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के पूर्व प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व के प्रकरण सहित लगभग 11088 मामलें सुनवाई हेतु रखे गये है। वहीं संबंधित चिन्हांकित व रखे गये मामलों के नेशनल लोक अदालत की तिथि में अधिकाधिक संख्या में निराकरण किये जाने न्यायालय के पीठासीन अधिकारीगण द्वारा नियमित रूप से पक्षकारों के मध्य प्री-सीटिंग/बैठक का आयोजन अधिक संख्या में किये जा रहे है। जिससे 13 जुलाई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में प्रकरण निराकृत होने की संभावना है। 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में चिन्हांकित कर रखे गये मामलों की सुनवाई हेतु जिला न्यायालय दुर्ग परिवार न्यायालय दुर्ग व्यवहार न्यायालय तहसील मिलाई-3, पाटन, धमधा एवं किशोर न्याय बोर्ड, जनोपयोगी सेवा से संबंधित स्थायी लोक अदालत (जनो.से.) तथा श्रम न्यायालय के लगभग कुल 38 खण्डपीठ का गठन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग के निर्देशानुसार गठित की जावेगी है।

**फॉर्म - जी**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
**सन पेटपैक जबलपुर प्राइवेट लिमिटेड**
जबलपुर और मंडला-मध्य प्रदेश में प्लास्टिक और पेपर मोल्ड्स के निर्माण में संचालित
(दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम (1) के अधीन)

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | सन पेटपैक जबलपुर प्राइवेट लिमिटेड<br>पैन: AAECS6373D<br>सीआईएन : U25209MP2000PTC014124 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | **पंजीकृत कार्यालय:** 774 गोल बाजार, जबलपुर (म. प्र. ) - 482002 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | लागू नहीं |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित है | **फैक्ट्री का पता:** ए9 ग्रोथ सेंटर, मनेरी तहसील निवास, जिला मंडला (म. प्र. ) - 481661 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों / सेवाओं की स्थापित क्षमता | स्थापित प्रेरक शक्ति 250 हॉर्स पॉवर से अधिक नहीं |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों / सेवाओं की मात्रा और मूल्य | पिछले वित्तीय वर्ष में यह कारखाना संचालित नहीं था। |
| 7. | कर्मचारियों / श्रमिकों की संख्या | निलंबित निदेशक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कॉर्पोरेट \| देनदार के पास सीआईआरपी प्रारंभ तिथि तक कोई कर्मचारी या श्रमिक नहीं था। |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची सहित, अधिक विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं:- | सीडी के वित्तीय विवरण और अन्य विवरण ip.sunpetpack@gmail.com पर ईमेल भेजकर प्राप्त किए जा सकते हैं।<br>लेनदारों की सूची IBBI की वेबसाइट पर उपलब्ध है। |
| 9. | संहिता की धारा 25 (2) (एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | पात्रता मानदंड विस्तृत अभिरुचि की अभिव्यक्ति में उल्लिखित है, जिसे ip.sunpetpack@gmail.com पर ईमेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है। |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | २३/०७/२०२४ |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | ०२/०८/२०२४ |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ०७/०८/२०२४ |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | १७/०८/२०२४ |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | २२/०८/२०२४ |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए | २१/०९/२०२४ |
| 16. | संसाधित ईमेल आईडी | ip.sunpetpack@gmail.com |

**दिनांक: ०८/०७ /२०२४**
**स्थान: इंदौर**
**कृते सन पेटपैक जबलपुर प्राइवेट लिमिटेड**
**मंगेश विठ्ठल केकरे रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल**
**IBBI पंजीकरण सं.** IBBI / IPA-001 / IP-P00539/2017-18/10964
**पता:** कार्यालय सं . 607, चेतक सेंटर, आरएनटी मार्ग, इंदौर (मप्र) 452001

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र मोहम्मद अब्दुल्ला को मिला एक लाख की छात्रवृत्ति

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





केंद्र सरकार की पीएसवाई (प्रतिभा सम्मान योजना) के तरह आयोजित परीक्षा जिसका आयोजन एमसीबी व आस पास के विभिन्न जिलों के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए दिसंबर माह में शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय तथा शिक्षा के मानक केंद्र दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में किया गया था, में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के दो मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मोहम्मद अब्दुल्ला को लिखित परीक्षा में स्वर्ण पदक, प्रमाण पत्र तथा एक लाख रुपये का चेक द्वारा सम्मानित किया गया। इसी के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक था। प्रदूषित गंगा घाट, वाराणसी तथा जिसमें भी अनेक जिले के विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया परंतु इन सभी में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ की छात्रा अनाया सिंह को उत्कृष्ट चित्रकला का प्रमाण पत्र दिया गया। यह दोनों ही छात्र- छात्रा अपने स्तर के प्रथम चरण को पार कर, द्वितीय चरण के लिए चयनित हो चुके हैं। गौरतलब है कि मोहम्मद अब्दुल्ला को एक लाख रुपये का त्रिवर्षीय स्कॉलरशिप प्रदान किया जाना है और मनेंद्रगढ़-चिरमिरि-भरतपुर जिले के छात्र छात्राओं में वह ऐसा एकमात्र है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी ने दोनों बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य पर विद्यालय सदैव तत्पर रहेगा। विद्यालय के निदेशक व पूर्व न्यायाधीश व्यंकटेश सिंह तथा निदेशिका पूनम सिंह ने भी विद्यालय के छात्र-छात्रा की ऐसी उपलब्धि को डीडब्ल्यूपीएस के लिए हर्ष के साथ गर्व का विषय बताया। विद्यालय के पीएसवाय समनव्यक व कला के वरिष्ठ शिक्षक पृथ्वी राज परवार ने आगामी राज्यस्तरीय परीक्षाओं के लिए दोनो अभ्यर्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी।

**न्यायालय कलेक्टर, जिला बालोद (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/314/प्र.कले./2024
बालोद, दिनांक 01.07.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राधिकृत अधिकारी, आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लिमिटेड, शाखा पहली मंजिल, सतपाल चेम्बर्स, राजभवन के पास, सिविल लाईन रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा **अनावेदकगण (1) श्रीमती जयश्री वैष्णव पति श्री जीवनदास वैष्णव एवं (2) श्री जीवनदास वैष्णव पिता श्री भगवान दास वैष्णव, दोनों निवासी सी / ओ जयश्री फैंसी स्टोर, झलमला, धमतरी रोड, बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)** के विरूद्ध आवेदक बैंक से प्राप्त ऋण की राशि 12,00,000/- (बारह लाख रूपये) दिनांक 18.06.2021 को प्राप्त कर उक्त ऋण के एवज में अनावेदक क्रमांक 01 के स्वामित्व की ग्राम / मौजा झलमला, प.ह.नं. 20, रा.नि.मं. बालोद, तहसील व जिला बालोद स्थित अचल सम्पत्ति भूमि खसरा नंबर 698 / 10 रकबा / क्षेत्रफल 0.0176 हेक्टेयर भूमि का वह सब टुकड़ा और पार्सल यानी 1897 वर्गफीट (176.30 वर्गमीटर) को बैंक के पक्ष में साम्यिक बंधक के रूप में रखा गया है। अनावेदकगणों द्वारा ऋण शर्तो के अधीन बैंक से प्राप्त राशि जमा नहीं किये जाने से आवेदक बैंक द्वारा वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हितं प्रर्वतन अधिनियम 2002 की धारा 14 अंतर्गत इस न्यायालय में आवेदन पेश कर उक्त संपत्ति का भौतिक आधिपत्य दिलाये जाने निवेदन किया गया है, जिसमें प्रकरण क्रमांक 07 / ब – 121 वर्ष 2023-24, ई कोर्ट नंबर 202404240100008 दर्ज कर विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदकगण को सुनवाई हेतु बार–बार नोटिस जारी किया गया है, किन्तु वे उपस्थित नहीं हुये हैं ।

अतएव इस सूचना के माध्यम से अनावेदकगण को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन सुसंगत दस्तावेजों के साथ रखे जाने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। निर्धारित पेशी दिनांक 29.07.2024 में उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये अनावेदकगण स्वत: जिम्मेदार होंगे ।

मुहर
**हस्ता/ –कलेक्टर बालोद**
पृ. क्रमांक/315/प्र.कले./2024
बालोद, दिनांक 01.07.2024

## संपादकीय

### नए कानून महत्वपूर्ण परिवर्तन

**नए आपराधिक कानूनों** को लागू कर भारत ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस प्रकार भारत ने अंतत: न्याय क्षेत्र में औपनिवेशिक विरासत से मुक्ति पा कर 'स्वदेशी आपराधिक कानूनों' के माध्यम से नए युग की शुरुआत की है। आदिम कालीन भारतीय दंड संहिता–आईपीसी, भारतीय साक्ष्य कानून तथा अपराध प्रक्रिया संहिता–सीआरपीसी के स्थान पर क्रमश: 'भारतीय न्याय संहिता', 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता को लाया गया है। 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी हो चुके इस ऐतिहासिक परिवर्तन की विधि विशेषज्ञों, वकीलों तथा आम जनता में काफी चर्चा हो रही है। हालांकि, कुछ प्राविधान अतीत से एकदम अलग हैं, पर अन्य को थोड़े परिवर्तन के साथ बनाए रखा गया है। 1860 में बनी आईपीसी तथा 1872 में लागू इविडेंस एक्ट ने लंबे समय तक भारत की अपराध न्याय प्रणाली की सेवा की है। ये दोनों ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासन के उत्पाद थे और अक्सर इनको आदिकालीन व औपनिवेशिक युग के दृष्टिकोण वाले बता कर इनकी आलोचना की जाती थी। 1973 में लागू सीआरपीसी ने भी भारत में दंड प्रक्रिया के विधिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

आईपीसी का स्थान लेने वाले नए कानून 'भारतीय न्याय संहिता' का उद्देश्य अपराध न्याय व्यवस्था का उच्चीकरण और भारतीयकरण है। इसमें कुछ प्राविधान निश्चित रूप से नए हैं, जबकि अनेक पुराने प्राविधानों की नकल मालूम होते हैं। एक उल्लेखनीय परिवर्तन 'अनलाफुल एक्टिविटीज़ प्रिवेंशन एक्ट'–यूएपीए से आतंकवाद की परिभाषा स्वीकार करना है। इस नई परिभाषा में अनेक प्रकार की




गतिविधियां शामिल हैं जिनका उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा को चुनौती देना हो। लेकिन कुछ आलोचकों का तर्क है कि यह व्यापक परिभाषा कानून के दुरुपयोग तथा 'वैध प्रतिरोध के आपराधीकरण' का कारण बन सकती है। इंडियन इविडेंस एक्ट का स्थान लेने वाले 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' में एक विशेष परिवर्तन समकालीन तकनीकी प्रगति को देखते हुए साक्ष्य–संबंधी नियमों का आधुनिकीकरण है। नए दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण परिवर्तन इलेक्ट्रानिक प्रमाण स्वीकार करना है। इसी प्रकार सीआरपीसी का स्थान लेने वाली 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' में आपराधिक न्याय प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए अनेक परिवर्तन किए गए हैं। नए कानून में हथकड़ियों के उपयोग को पुन: परिभाषित कर पुलिस हिरासत का दायरा बढ़ा कर शुरुआती 15 दिन से अधिक किया गया है। आलोचकों की नजर में इसके संभावित दुरुपयोग तथा हिरासत में हिंसा बढ़ने की आशंका है। हालांकि, केन्द्रीय गृह मंत्री ने कानून लागू होने के बाद इस आशंका का खंडन किया है। कानूनी पेशे में लगे कुछ लोगों को नए कानूनों से असुविधा हो सकती है, पर सरकार ने नए कानूनों को लागू करने के लिए विभिन्न राज्यों की पुलिस के स्तर पर व्यापक तैयारी की है और अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए हैं। नए कानून लागू करने के साथ ही पुलिस, अभियोजन तथा अन्य संबंधित एजेंसियों की क्षमता वृद्धि जरूरी हो गई है। भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा है कि नए कानूनों का पूरा सकारात्मक लाभ प्राप्त करने के लिए फारेंसिक विशेषज्ञों व जांच अधिकारियों के क्षमता निर्माण तथा ढांचागत संरचना में निवेश बढ़ाना आवश्यक है। नए कानूनों से इच्छित प्रभाव प्राप्त करने के लिए उनका समुचित जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके साथ ही उनके क्रियान्वयन पर लगातार निगरानी रखते हुए यह देखना जरूरी होगा कि कहीं 'निहित स्वार्थी' तत्व उनका दुरुपयोग न करने लगें।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान

## जन नायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरान्त भारत रत्न सम्मान उनके कामों व आदर्शों के प्रति सच्ची व उपयुक्त श्रृद्धांजलि है। यह देश की युवा पीढ़ी को संदेश है कि उनके सामाजिक न्याय के आदर्शों को आगे ले जाएं।



राजेश कुमार सिंह
लेखक



जन नायक कर्पूरी ठाकुर की जन्म जयंती उत्सवों को भारत सरकार की उल्लेखनीय घोषणा से नए आयाम मिले हैं। उनको अत्यधिक उल्लेखनीय सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। सामाजिक न्याय को स्वरूप देने की अथक प्रतिबद्धता वाले कर्पूरी ठाकुर ने करोड़ों लोगों के जीवन पर अमिट छाप छोड़ी है। हाशियाकृत नाई समाज से उठ कर उनकी उल्लेखनीय यात्रा ने उनको राजनीतिक नेतृत्व के शिखर तक पहुंचाया। यह समाज सुधारों के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कर्पूरी ठाकुर ने बिहार के वंचित व शोषित तबकों के लिए अथक संघर्ष किया। बिहार के समाजवादी आंदोलन में कर्पूरी ठाकुर का नाम अनेक उल्लेखनीय कद्दावर नेताओं के साथ जुड़ा जिनमें रामविलास पासवान, शरद यादव और चंद्रशेखर शामिल हैं।

वंचित पृष्ठभूमि वाले समाज में जन्म लेने वाले कर्पूरी ठाकुर ने न केवल अपनी सामाजिक स्थिति के कारण अनेकानेक बाधाओं का सामना किया, बल्कि अपना सामाजिक दायरा बढ़ाते हुए उन लोगों की सामाजिक स्थिति सुधारने के लिए संघर्ष किया जो समाज के हाशिए पर पड़े थे। वे समाज के सबसे पिछड़े तबकों को आगे लाने के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे जो कतार में सबसे पीछे थे। इससे गरीब तबकों में उनका प्रभाव असाधारण रूप से बढ़ा और उनको अभूतपूर्व सम्मान प्राप्त हुआ। गरीब व हाशियाकृत लोगों पर उनका प्रभाव स्थाई रूप से अब भी बना हुआ है। इस प्रकार उन्होंने पिछड़े समाज को मानसिक दासता से मुक्ति दिला कर उनका उज्वल भविष्य बनाने की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया।

भारत सरकार द्वारा कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय बिहार में जन्मे इस समाजवादी नेता की असाधारण विरासत का सम्मान है। राष्ट्रपति भवन से जारी एक बयान में भारतीय राजनीति के इस प्रेरक राजनेता की सामाजिक न्याय के अथक योद्धा के रूप में प्रशंसा की गई है। यह पुरस्कार कर्पूरी ठाकुर की आजीवन प्रतिबद्धता के प्रति उपयुक्त श्रृद्धांजलि है जिन्होंने समाज के वंचित तबकों के लोगों को ऊपर उठाने के लिए सामाजिक न्याय हेतु अथक संघर्ष किया। कर्पूरी ठाकुर का जीवन उनकी सरलता तथा सामाजिक न्याय के प्रति उनके संघर्ष का प्रमाण है। उनकी सरलता तथा निरंतर संघर्ष की क्षमता ने उनको 'जन नायक' बना दिया है। अपनी सरल तथा अन्यन्त सहज व सामान्य जीवनशैली और विनम्रता ने उनको आम आदमी का नायक बना दिया था।

उनके सरल जीवन के बारे में अनेक कहानियां आज भी समाज के गरीब व वंचित लोगों में बहुत श्रृद्धा से सुनाई जाती हैं। उन्होंने हमेशा अपने व्यक्तिगत लाभ को तिलांजलि देकर केवल गरीबों की प्रगति और उनके लाभ को वरीयता प्रदान की। बताया जाता है कि चौधरी चरण सिंह ने कर्पूरी ठाकुर के मुख्यमंत्री रहने के समय उनको एक प्लाट देने का प्रस्ताव किया था, लेकिन उन्होंने यह व्यक्तिगत लाभ लेने से अस्वीकार कर दिया।

1977 की एक और घटना उनकी सरलता का प्रमाण है। कहा जाता है कि वे उस समय पटना में पार्टी नेताओं के साथ जब एक सम्मेलन में शामिल हुए तब उनका कुर्ता फटा था। इस पर मजाक में लोगों ने उनके लिए एक नया कुर्ता खरीदने का पैसा जुटाया, लेकिन उन्होंने इस धनराशि को भी मुख्यमंत्री राहत कोष में दान दे दिया। इस घटना से उनकी निस्वार्थ प्रकृति का पता चलता है।

कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा उनकी जन्म जयंती शताब्दी के एक दिन पहले की गई। इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि बिहारी जनता तथा समाजवादियों में और मजबूत हुई है। सामाजिक न्याय के पैरोकार कर्पूरी ठाकुर ने ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां संसाधनों का समान वितरण हो तथा सबको समान अवसर मिलें, भले ही उनका सामाजिक स्तर चाहे जो रहा हो। कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक यात्रा की शुरुआत 1950 के दशक में शुरू हुई थी। वे सभी चुनावों में जीते जिससे जनता का उनके प्रति अडिग विश्वास प्रकट होता है। कर्पूरी ठाकुर 1970-1971 तथा बाद में 1977 से 1979 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने स्वयं को हमेशा मजदूर वर्ग, कामगारों और छोटे किसानों के साथ जोड़ा। बिहार के शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने मैट्रीकुलेशन परीक्षाओं में अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त की तथा गरीब लोगों की शिक्षा सुविधायें बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित किया।

एक नौजवान के रूप में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले कर्पूरी ठाकुर आपातकाल के दौरान भी अपने सिद्धान्तों पर मजबूती से जमे रहे। इसके लिए उनको जयप्रकाश नारायण, डा. राममनोहर लोहिया और चरण सिंह जैसे नेताओं की प्रशंसा प्राप्त हुई। पिछड़े वर्गों के पक्ष में 'सकारात्मक कार्रवाई' में उन्होंने केन्द्रीय भूमिका निभाई। भारी विरोध के बावजूद उन्होंने ज्यादा समावेशी समाज की नीव डाली। समाज के सर्वाधिक पिछड़े वर्ग से आने वाले जन नायक कर्पूरी ठाकुर ने हमेशा समावेशन की पैरवी की और वे जनता के सच्चे नायक थे। उनको दिया जाने वाला भारत रत्न भारतीय समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के प्रति उचित श्रृद्धांजलि है। मरणोपरान्त उनको दिया जाने वाला यह सम्मान न केवल उनकी स्मृति का सम्मान है, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक भी है कि वे भी सामाजिक न्याय और समानता के लिए अपना संघर्ष जारी रखें। इस समय भारतवर्ष इस नेता के असाधारण जीवन और विरासत को खासतौर से याद कर रहा है। यह समय है कि न्यायोचित समाज बनाने की यात्रा में हम निरंतर संघर्ष करते हुए कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों पर चलें जिनकी प्रासांगिकता आज भी बनी हुई है।

जन-नायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरान्त भारत रत्न ऐसे नेता की स्वीकार्यता है जिन्होंने अपना जीवन हाशियाकृत लोगों की सेवा तथा वंचितों के उत्थान हेतु समर्पित कर दिया। उनकी जन्म जयंती पर यह महत्वपूर्ण सम्मान उनको एक श्रृंद्धांजलि से बढ़ कर है। यह इस बात का प्रतीक है कि न्यायोचित व समावेशी समाज के लिए उनके दृष्टिकोण का अमिट प्रभाव अभी बना हुआ है।

कर्पूरी ठाकुर की विरासत बहुआयामी है जिसमें उनकी सरलता, विनम्रता तथा सामाजिक न्याय के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता शामिल है। एक सामान्य और बहुत गरीब पृष्ठभूमि से राजनीतिक शिखर तक उनकी यात्रा एक प्रेरणादायक गाथा है। इससे उनकी दृढ़ता और प्रतिबद्धता सिद्ध होती है जिससे किसी भी सामाजिक बाधा को पार किया जा सकता है। सरकार द्वारा कर्पूरी ठाकुर को दिया भारत रत्न न केवल उनकी अतीत की उपलब्धियों की स्वीकार्यता है, बल्कि यह समकालीन और भावी नेताओं के लिए संदेश भी है कि वे उनके सिद्धान्तों का अनुसरण करें। ऐसे समय जब सामाजिक न्याय एक महत्वपूर्ण विमर्श बना हुआ है, कर्पूरी ठाकुर का जीवन हमें प्रशासन की जटिलताओं को निष्ठा और सद्भावना के साथ पार करने का रोडमैप देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा इस ऐतिहासिक घोषणा की प्रतिध्वनि न केवल बिहार की जनता, बल्कि पूरे देश में सुनाई देगी।

इससे उन नेताओं का महत्व स्वीकारने और रेखांकित करने की आवश्यकता स्पष्ट होती है जिन्होंने समाज के सर्वाधिक संकटग्रस्त लोगों की बेहतरी को प्राथमिकता दी। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न अतीत और वर्तमान के बीच एक सेतु है जो पुराने युग की चुनौतियों को नए युग के अवसरों से जोड़ता है। जन-नायक कर्पूरी ठाकुर को सम्मान दे कर भारत ने समावेशी समाज बनाने में उनकी केन्द्रीय भूमिका का सम्मान किया है तथा नई पीढ़ी को उनके आदर्शों पर चलने का सबक दिया है। राष्ट्र द्वारा जनता के इस सच्चे नायक का सम्मान कर भारत रत्न भी न केवल एक महत्वपूर्ण प्रतीक, बल्कि कार्रवाई का आह्वान बन गया है। यह हम सबको प्रेरणा देता है कि ज्यादा न्यायोचित व सद्भावनापूर्ण भारत बनाने में हम सामाजिक न्याय और समानता की मशाल आगे ले जाएं।

# प्रवासियों का धन अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में 27 जून को यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में भेजा गया रेमिटेंस (प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन) दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपए की ऊंचाई पर है।

खास बात यह है कि पिछले वर्ष में भारतीयों द्वारा भेजी गई यह रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) से लगभग दो गुना है। यह लगातार दूसरा साल है, जब भारतीयों ने 100 अरब डॉलर से ज्यादा की धनराशि भारत भेजी है। पिछले वर्ष 2022-23 में भारतीय प्रवासियों ने 111 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा था। ज्ञातव्य है कि भारत के बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश है।

यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में लगातार अन्य देशों के मुकाबले रेमिटेंस सबसे अधिक रहा है। भारत में वर्ष 2010 में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढ़कर 68.19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83.15 अरब डॉलर हो गए हैं। प्रवासी भारतीयों की से भारत भेजा गया धन वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब ड़ॉलर था। प्रवासियों का यह धन जहां प्रवासियों के परिजनों को मुस्कुराहट दे रहा है, वहीं अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसद की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी और बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार बंद होने के कारण देश में आर्थिक-सामाजिक परेशानियां बढ़ गई थी, उस समय आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों के द्वारा भेजी गई बड़ी धनराशि से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। गौरतलब है कि दुनिया में प्रवासी भारतीयों की संख्या करीब 1 करोड़ 80 लाख है। दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रवासी भारत के हैं। सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं। ऐसे में वे अधिक कमाई करके अधिक धन भारत भेज रहे हैं।

निसंदेह प्रवासी भारतीय भारत की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी शक्ति बढ़ाने में भी अहम सहयोग कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाई भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्त्वपूर्ण हो गई है। इतना ही नहीं भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला, गूगल के सुंदर पिचाई, नोवार्टिस के वसंत नरसिम्हन आदि अपनी प्रतिभा, कौशल से कारोबार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं और भारत के विकास के सहभागी भी बन रहे हैं। इस समय 18वीं लोक सभा चुनाव के बाद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की एनडीए गठबंधन सरकार बनने के बाद प्रवासियों का कहना है कि एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी नई सरकार से प्रवासियों को भारत के विकास में सहयोग और सहभागिता करने के मद्देनजर नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

अमेरिका में कार्यरत भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडराइजर तथा भारत हितैषी प्रवासियों के विभिन्न संगठनों का कहना है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर जिस तरह भारत की सफलताओं का परचम फहराया है, उससे प्रवासियों के द्वारा गर्व अनुभव किया जा रहा है। उनका मानना है कि पिछले 10 वर्षो में भारत की सुरक्षा में सुधार हुआ है। सरकार ने आतंकवादी खतरों या आतंकवादी घटनाओं को नियंत्रित कर दिया है। सरकार की नीतियां भारत को आगे बढ़ा रही हैं।

ज्ञातव्य है कि जहां वर्ष 2023 में इस्त्रइल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इस्त्रइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। साथ ही वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था। तब 'ऑपरेशन गंगा' के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित भारत वापस लाया गया था। इसमें कोई दो मत नहीं कि अभी भारत द्वारा अपने प्रवासियों के दुख-दर्द को कम करने में और अधिक सहयोग किया जाना होगा। भारत सरकार की और अधिक सक्रियता जरूरी है। हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में एनडीए गठबंधन की नई सरकार के द्वारा प्रवासियों के साथ स्नेह व सहभागिता के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे।

## खुद की तरफ मुड़ी उंगलियां भी देखनी होंगी

भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों और प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वाषिर्क रिपोर्ट पेश करते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकन ने ये बातें कहीं। उन्होंने दुनिया भर में लोगों की धार्मिक आजादी की रक्षा के लिए काफी जद्दोजहद करने की भी बात उठाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के 28 में से 10 राज्यों में धर्मातरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून हैं, जिनमें से कुछ राज्य विवाह के उद्देश्य से जबरन धर्मातरण के खिलाफ दंड भी लगाते हैं। इसमें दुनिया के तकरीबन दो सौ देशों की धार्मिक स्थिति का आकलन किया गया है। हालांकि भारत इसे पहले से ही खारिज करता रहा है और इसे प्रकाशित करने वाले आयोग को पक्षपाती बताता है। सिखों, ईसाइयों, यहूदियों, मुसलमानों, दलितों और आदिवासियों के खिलाफ हिंसा से निपटने में मोदी सरकार की नाकामी की बात कर रही है यह रिपोर्ट। इसमें 2023 में गैर- सरकारी संगठनों ने ईसाइयों के खिलाफ हिंसा की 687 घटनाओं का जिक्र भी किया गया है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, मणिपुर हिंसा, ईसाइयों पर हमले, चर्च में तोड़-फोड़ और धर्मातरण कानून के तहत हिरासत में रखे लोगों की चर्चा भी है। चीन, ईरान, रूस, सऊदी अरब, अफगानिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और बर्मा के साथ भारत का नाम रखे जाने पर सरकार द्वारा जताई गई आपत्ति उचित है। कहना गलत नहीं है कि मोदी सरकार अपनी हिन्दुत्ववादी विचारधारा के चलते बहुसंख्यकों को प्रभावित करने में सफल है। इसलिए हर साल अमेरिका को इस पर पुन- विचार करने की बात करने की बात कर रस्मादायगी कर लेती है, जबकि सरकार को अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी छवि सुधारने के प्रयास करने चाहिए। संविधान कहता है कि भारत धर्मनिरपेक्ष राज्य है और धार्मिक आजादी मौलिक अधिकार है। इसलिए सभी धर्मावलंबियों की सुरक्षा का दायित्व सरकार का है। वहीं अमेरिका में अेतों को लेकर जो पक्षपात होते हैं, उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती।

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

# नए कानून नागरिकों, पुलिस और न्यायालय के लिए कितने सहायक ?

1. नये कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' (मोबाइल फोन पर संदेश) के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे। इसके अलावा महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को पुलिस थाने आने से छूट दी जाएगी और वे अपने निवास स्थान पर ही पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। नये कानूनों के तहत अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाना गये बिना इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। इससे मामला दर्ज कराना आसान और तेज हो जाएगा तथा पुलिस द्वारात्वरित कार्रवाई की जा सकेगी।

2. नये कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी।

3. नये कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है और सभी तलाशी तथा जब्ती की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

4. महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, किसी बच्चे को खरीदना और बेचना जघन्य अपराध बनाया गया है और किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है। नये कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गयी है जिससे मामले दर्ज किए जाने के दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी। नये कानूनों के तहत पीड़ितों को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निशुल्क प्राथमिक उपचार या इलाज मुहैया कराया जाएगा। यह प्रावधान सुनिश्चित करता है कि पीड़ित को आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल तुरंत मिले।

5. शादी का झूठा वादा करने, नाबालिग से दुष्कर्म, भीड़ द्वारा पीटकर हत्या करने, झपटमारी आदि मामले दर्ज किए जाते हैं लेकिन मौजूदा भारतीय दंड संहिता में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं थे।

6. 'जीरो एफआईआर' से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला तुरंत दर्ज किया जा सकेगा।

7. नये कानून में जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार दिया गया है। इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा।

8. इसके अलावा, गिरफ्तारी विवरण पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जिससे कि गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्र महत्वपूर्ण सूचना आसानी से पा सकेंगे। आरोपी और पीड़ित दोनों को अब प्राथमिकी, पुलिस रिपोर्ट, आरोपपत्र, बयान, स्वीकारोक्ति और अन्य दस्तावेज 14 दिन के भीतर पाने का अधिकार होगा। अदालतें समय रहते न्याय देने के लिए मामले की सुनवाई में अनावश्यक विलंब से बचने के वास्ते अधिकतम दो बार मुकदमे की सुनवाई स्थगित कर सकती हैं।

9. नये कानूनों में सभी राज्य सरकारों के लिए गवाह सुरक्षा योजना लागू करना अनिवार्य है ताकि गवाहों की सुरक्षा व सहयोग सुनिश्चित किया जाए और कानूनी प्रक्रियाओं की विश्चसनीयता व प्रभाव बढ़ाया जाए।

10. अब 'लैंगिकता' की परिभाषा में ट्रांसजेंडर भी शामिल हैं जिससे समावेशिता और समानता को बढ़ावा मिलता है। पीड़ित को अधिक सुरक्षा देने तथा दुष्कर्म के किसी अपराध के संबंध में जांच में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए पीड़िता का बयान पुलिस द्वारा ऑडियो-वीडियो माध्यम के जरिए दर्ज किया जाएगा।

# विधायक दीपेश साहू ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

## भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं : दीपेश साहू विधायक




पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूरे देश में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का कार्यक्रम बड़े ही धूम धाम से मना रहे है, इस पुनीत अवसर पर बेमेतरा में रविवार को भगवान जगन्नाथ रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया है। विधायक दीपेश साहू बेमेतरा नगर मे आयोजित भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। और भगवान जगन्नाथ के रथ को खींच कर इस पुनीत महापर्व का साक्षी बनकर आशीर्वाद प्राप्त किया। और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना किया। साथ ही सभी क्षेत्र वासियों को रथयात्रा की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव बेमेतरा के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, उतने ही बेमेतरा के लोगों को भी प्रिय हैं, और उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा बेमेतरा पर रही है। साहू ने कहा कि भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं। उन्हीं की कृपा से बारिश होती है। उन्हीं की कृपा से धान की बालियों में दूध भरता है। और उन्हीं की कृपा से किसानों के घर समृद्धि आती है। मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस साल भी बेमेतरा में भरपूर फसल हो। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से मेरी प्रार्थना है कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें शांति, समृद्धि और खुशहाली की ओर अग्रसर करें। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, कमलेश वर्मा,तारण साहू, परमेश्वर साहू, विकाश तम्बेली, पार्षद नीतू कोठारी, रोशन दत्ता, निखिल साहू, तुषार साहू, संतोष वर्मा, ओमकार साहू, रोहित साहू, राजीव तम्बेली, भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता गण नगर वाशी क्षेत्रवाशी उपस्थित रहे।

# जिला साहू संघ की बैठक में नए पद्धति से चुनाव किये जाने पर हुई चर्चा

## प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने कहा आगामी समय में प्रक्रिया में बदलाव के बाद होगा चुनाव

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



शनिवार को जिला साहू संघ बालोद की मासिक बैठक नव निर्माणाधीन साहू सदन दल्ली रोड बालोद में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू, महामंत्री लखन लाल साहू, प्रदेश सलाहकार रमेश साहू, उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दुर्ग संभाग देवा साहू, अशोक साहू, पंच राम साहू उपस्थित रहे।बैठक में जिला अध्यक्ष सोमन लाल ने निर्माणाधीन भवन के विषय में अपनी बात रखी और अब तक हुए निर्माण कार्य और आगामी निर्माण कार्य योजना के विषय में अपनी बात रखी तत्पश्चात प्रदेश महामंत्री लखन लाल साहू ने नगरीय निकाय क्षेत्र में नए तहसील गठन के विषय में जानकारी प्राप्त किया और आगामी सामाजिक चुनाव इकाई व परिक्षेत्र का एक ही तिथि होने की बात कही। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने आगामी चुनाव पद्धति के विषय में जानकारी दी और चुनाव नए पद्धति से होने की बात कही और तहसील अध्यक्षों से सुझाव लिए साथ ही तहसील, जिला और प्रदेश स्तर के चुनाव एक साथ होने की जानकारी साझा किया।उन्होंने कहा ग्रामीण इकाई, परिक्षेत्र का चुनाव एक साथ और तहसील, जिला और प्रदेश का एक साथ कैसे चुनाव होगा इस पर सबसे विचार के बाद नए नियम बनाया जाएगा इससे चुनाव पद्धति में पारदर्शिता आएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया डेलीगेट पद्धति जो पूर्व में था वो पद्धति लागू रहेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष सोमन लाल साहू, उपाध्यक्ष धिराज साहू,पंच कुमारी साहू, महामंत्री विजय सिंह,लेख राम साहू, तोमन लाल साहू,बंशीलाल साहू,लेख राम साहू,अगर सिंह साहू, लिखन साहू, परमानन्द साहू, कृष्णा साहू, तोरण लाल साहू, आर डी साहू, तहसील अध्यक्ष अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, गुरुर महेंद्र कुमार साहू, बालोद मदन सोनबरसा, डौंडी सोमेश साहू, गुंडरदेही डॉ मान सिंग सार्वा, दल्ली राजहरा युवराज साहू, देवरी नरेंद्र हिरवानी सहित न्याय प्रकोष्ठ संयोजक लेख राम साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक डॉ कमल राम साहू, राम, विनय कुमार, शैलेंद्र साहू, जागेश्वर साहू, द्रोपती साहू, देवकी साहू, डिलेश्वरी साहू, छवि सार्वा, सरोज गंगबेर, कृतिका साहू, बसंती साहिरो, बिसेलाल, मीडिया प्रभारी उत्तम साहू, दुर्गा शंकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला साहू संघ के निर्माणाधीन भवन के लिए ग्राम मटिया निवासी समाजसेवी द्रोणाचार्य साहू ने भवन निर्माण के लिए 5हजार रुपए सहयोग राशि जिला साहू संघ अध्यक्ष सोमन साहू को सौंपा।इस सहयोग के लिए जिला साहू संघ ने उन्हें सम्मानित किया।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के 4 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के श्रमवीरों के 04 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर अपनी शुभकामनाएं दी है। साय ने विगत दिनों रायपुर निवास में आयोजित कार्यक्रम में 10वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आने वाले बालोद जिले के 04 मेधावी विद्यार्थियों को श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 02-02 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना संचालित है। जिसके अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के मेधावी बच्चों के प्रावीण्य सूची में आने पर उन्हें 01-01 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही सभी मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी क्रय करने हेतु 01-01 लाख रूपये के मान से कुल 02-02 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया है। सम्मानित होने वाले मेधावी विद्यार्थियों में जिले के ग्राम अर्जुनी के छात्र तोषण कुमार, ग्राम भानपुरी के छात्र खोमेन्द्र कुमार, ग्राम उसरवारा की छात्रा कु. पद्मनी शांडिल्य एवं ग्राम धनेली की छात्रा कु. जिज्ञासा शामिल हैं। छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे प्राप्त राशि से ई-स्कूटी खरीदेंगे। जिससे वे आगे की पढ़ाई हेतु कही आने-जाने में उपयोग करेंगे। इसके साथ ही आगे की पढ़ाई के लिए भी वे राशि का उपयोग करेंगे।

# पूजा आराधना जयकारा के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




भगवान जगन्नाथ माता सुभद्रा और बलभद्र जी का रथ यात्रा आस्था श्रद्धा भक्ति के साथ निकली नवीन बाजार से श्रद्धा भक्ति हर्ष उल्लास के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा जयकारा लगाते हुए भगवान जगन्नाथ के भव्य रथ निकली जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए देर रात तक वापस राम मंदिर में आकर समापन हुआ। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर शरबत वितरण किया साथ ही भगवान जगन्नाथ बलभद्र महाराज एवं माता सुभद्रा के रथ का लोगों ने स्वागत करते हुए फूल बरसाए आतिशबाजी किए विभिन्न भोग प्रसाद श्रीफल चढ़ कर आरती उतारी गई एवं आशीर्वाद लिया गया इस दरमियान डीजे गड़वा बाजा के साथ विभिन्न मंडलियों के सदस्यों के द्वारा छत्तीसगढ़ परंपरा एवं परिधानों में सजे धजे भगवान जगन्नाथ के रथ की सामने भक्ति पूर्ण भाव नाचते गाते चलो रहे थे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्र के लोगों ने भगवान जगन्नाथ की रथ को खींचने के लिए उत्साहित रहे। नगर में जगन्नाथ महोत्सव समिति के बैनर तले 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। इसके पहले भगवान जगन्नाथ बद्री विशाल एवं माता सुभद्रा को राम मंदिर से लाया गया और उन्हें रथ में आसीन किया गया तदुपरांत राम मंदिर के आचार्य शिव कुमार पाठक के द्वारा भगवान की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ जयकारा लगाया गया तदुपरांत श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान रथ विराजे भगवान का दर्शन कर यथाशक्ति भेंट लोगों के द्वारा चढ़ाया गया एवं आशीर्वाद लिया गया।

तदुपरांत लोगों ने जय कारा के साथ रथ खींचना प्रारम्भ किया जिसे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के साथ अन्य श्रद्धालुओं के द्वारा रथ खींचें गए जगन्नाथ महोत्सव समिति के सदस्यों के द्वारा रथयात्रा निकालने के लिए बहुत पहले से तैयारी शुरू कर दी गई थी रथ को सुंदर आकर्षक विभिन्न रंग बिरंगी फूलों से एवं विभिन्न अन्य वस्त्रों से रथ को मनमोहक तरीके से सजाया गया था जिस यहां हर साल रथ भगवान की रथ यात्रा बड़ी धूमधम श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ निकाली जाती है।

दोपहर करीब 1:00 बजे के आसपास भगवान जगन्नाथ के रथ नवीन बाजार से प्रारंभ हुआ जो नवीन बाजार से नयापारा गौरव पथ बस्ती चौक घड़ी चौक परशुराम चौक जय स्तंभ चौक पियर्स चौक होते हुए नेशनल हाईवे रोड से गायत्री मंदिर तथा पुनः वापस प्रताप चौक होते हुए राम मंदिर में पहुंचकर समापन हुआ हा है रथ यात्रा के दौरान भक्तों को चना मूंग का वितरण किया गया रथ यात्रा प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि से ही प्रारंभ होता है जिस इस यात्रा को खींचने के लिए बेमेतरा नगर वासियों से हैं क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण भी भारी संख्या में उपस्थित रहे । इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू के अतिरिक्त राजेंद्र शर्मा विजय सिंहा विकास तंबोली द्वारा पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया

# शिवम मिले मुख्यमंत्री से, बेमेतरा आने का दिया न्यौता



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बेमेतरा के जनसेवक भाजपा नेता शिवम तिवारी मुलाकात किये क्षेत्र की समस्याओं एवं छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर चर्चा किये। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से हम मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। एवं बेमेतरा आने का न्योता दिये।

# शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला कन्हेरा में वृक्षारोपण



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बैगलेस डे के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कन्हेरा, विख-साजा, जिला-बेमेतरा में एक पेड़ माँ के नाम के तहत शाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राओ द्वारा शालेय परिसर में पौधा लगाया गया जिसमें आम, नीनू, पीपल, अशोक वृक्ष, जामुन, गुलमोहर एवं विभिन्न प्रकार फूलों के पेड़ रोपित किये गये। शाला के प्रधान?पाठक द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को पौधे के पालन पोषण हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। शास. प्राथमिक शाला कन्हेरा के प्रधान पाठक आगरदस मनहरे व शिक्षिका रश्मि बंजारे तथा शास. पुर्व माध्य. शाला कन्हेरा के प्रधान पाठक चौवन सिंह वर्मा, शिक्षिका पुष्पा साहू,रेखा साहू, शिक्षक मोहन कुमार बंजारे, टोपलाल गेंद्रे उपस्थित थे।

# राजहरा नगर पुलिस अधीक्षक ने दी नए कानून की जानकारी

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राजहरा नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चित्रा वर्मा एवं नगर पुलिस निरीक्षक सुनील तिर्की के द्वारा छत्तीसगढ़ समन्वय समिति भवन नए कानून के संबंध में दी गई जानकारी। छत्तीसगढ़ समन्वय समिति दल्ली राजहरा में बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चित्रा वर्मा एवं नगर पुलिस निरीक्षक सुनील तिर्की के द्वारा देश में 1 जुलाई को लागू हुई नए भारतीय अपराधी कानून न्याय प्रणाली। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि देश में लागू पूर्व कानून जो 1860 में अंग्रेजों के द्वारा बनाया गया था द्य उस कानून को समाज और समय के साथ लोगों के रहन-सहन के अनुसार उसमें बदलाव की जरूरत महसूस हुई द्य जिसे भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता के रूप में अपनाई गई द्य इस कानून में दंड के जगह पर न्याय पर फोकस किया गया है । कानून में कई बदलाव किए हैं जैसे 0 FIR पर उन्होंने कहा कि यदि आप सफर में हो और आपके साथ ऐसे कुछ घटना घट जाती है जिसका आप मोबाइल के माध्यम से पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं नए कानून के तहत आपको E FIR की भी सुविधा दी गई है जिसमें आपके साथ हुई घटना की जानकारी देने के लिए मोबाइल का उपयोग कर सकते हैं। पुलिस द्वारा आपकी शिकायत पर FIR दर्ज करेगी लेकिन इसके लिए यह शर्त रखी गई है कि तीन दिन के अंदर आपको थाना में उपस्थित होकर आपके द्वारा की गई शिकायत पर हस्ताक्षर करने होंगे तभी पुलिस आगे कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध होंगे। महिला संबंधित धारा 498 , 376 ,354 , 304 और 497 सभी धारा को जोड़ कर एक धारा में जोड़ दिया तथा सजा के समय भी बढ़ाया गया है । 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे बालक और बालिकाओं के साथ घटित घटनाओं के लिए विशेष कानून बनाया गया है। कोर्ट का निर्णय स्थानीय भाषा में दिया जाएगा। यदि कोई महिला ससुराल गई है और उनके साथ पति या ससुराल के अन्य सदस्यों के द्वारा उन्हें टॉर्चर किया जाता है तो वह अपनी शिकायत 498 के तहत दर्ज कर सकती है द्य यदि अपराधी को 7 वर्ष से कम की सजा सुनाई गई हो और वह पहली बार अपराध किया है तो उसकी सजा को रियायत दी जा सकती है द्य यह उसके स्वभाव पर निर्भर करता है कि वह आदतन अपराधी है या पहली बार उनके द्वारा अपराध किया गया है । कानून में अपराध पहली बार अपराध करने वालों के लिए सरलीकरण है जैसे-जैसे अपराधी का अपराध का ग्राफ बढ़ता जाएगा कानून के द्वारा उनके सजा भी कड़े की जाएगी । राजद्रोह की जगह पर 113 के तहत देश की एकता अखंडता और संप्रभुता को प्रभावित करता है तो उसे 113 के तहत कार्यवाही होगी द्य संगठित अपराध जिसके नाबालिक बच्चों से कराया जाता है जैसे चोरी डकैती आदि उसमें 112 के तहत कार्यवाही होगी द्य साइबर क्राइम भू माफिया वाहन चोरी संगठित अपराध की श्रेणी में आएंगे इसके लिए कानून में कड़ी कार्यवाही की सजा दी जाएगी द्य मोब लीचिंग किसी जाति या समुदाय विशेष के तहत अपराध होता है तो सभी संबंधित व्यक्ति पर यहां धारा लागू होगी द्य नए कानून के तहत अपराधियों को बचना मुश्किल होगा द्य महिला संबंधित अपराध में कमी आएगी तथा जांच पड़ताल में भी पारदर्शिता होगी। गंभीर अपराधों से लेकर अंतिम जांच तक तथा कोर्ट की पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी होगी द्य महिलाओं का शोषण जिसमें नौकरी का प्रलोभन, शादी का प्रलोभन, नगद राशि का प्रलोभन, प्रमोशन का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण होता है तो 69 के तहत उन पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान : राजेन्द्र शर्मा



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अव्हान पर पर्यावरण बचाने के लिए जगह-जगह पेड़ लगाया जा रहे है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता भी इस अभियान में जुट गये है । और इस अभियान का नाम अपने माता के नाम करने के लिए प्रधानमंत्री ने प्ररित किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द शर्मा ने भी अपनी माँ के नाम से एक पेड़ भाजपा कार्यालय में लगाया इस अवसर पर राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री पर्यावरण को लेकर बहुत चिंतित है । और उनका लगातार अव्हान ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने को है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने हाथों से अपने मॉ के नाम से पेड़ लगाकर इसकी शुरूआत की। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपनी माँ के नाम से वृक्षारोपण किया। प्रधानमंत्री का उद्देश्य पर्यावरण को बचाने के लिए भावनात्मक है। वह चाहते है कि प्रत्येक व्यक्ति वृक्ष लगाये। और यह वृक्ष उनके माँ के नाम में रहे। इस प्रेरणा से ज्यादा से ज्यादा लोग पेड़ लगायेंगे। और पर्यावरण सुरक्षित होगा। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि भाजपा ने वृक्षारोपण की इस अभियान का प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विस्तार किया। और प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता इस वृक्षारोपण अभियान में अपनी भागीदारी निभाए। भाजपा कार्यालय में वृक्षारोपण में विधायक दीपेश साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष मोन्टी साहू, युगल देवांगन, संतोष वर्मा, राकेश मोहन शर्मा, धर्मेन्द्र साहू, गोपी देवांगन,विकास तंबाली, निखिल साहू, रोशन दत्ता,धर्मेन्द्र साहू, तुषार साहू, राजकुमार खाण्डे, विजय सुखवानी, राजू देवांगन, कमलेश वर्मा, ओंकार साहू उपस्थित थे।

# इंजीनियर नदारद, ठेकेदार के भरोसे साढ़े 8 करोड़ का पुल, रात के अंधेरे में भी काम चालू




पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में चल रहे निर्माण कार्य अब भगवान भरोसे नही बल्कि ठेकेदार के भरोसे चल रहे है। और विभाग के जिम्मेदार एसी कमरे में बैठकर आराम फरमा रहे है। अब ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगा है, की कैसे ठेकेदार पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करेगा। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, एनएच-930 झलमला-धमतरी मार्ग पर स्तिथ ग्राम सांकरा/क के पास निर्माण हो रहे पुल का। जहां कार्य ठेकेदार के भरोसे चल रहा है। मौके से यानि कि निर्माण स्थल से विभाग के इंजीनियर ही गायब है। बड़ी तो यह कि ठेकेदार दिन रात कार्य कर रहा है, दिन तो दिन रात के अंधेरे में भी निर्माण कार्य शुरू रहता है। जिस मार्ग में रोजाना हजारों वाहन सरपट दौड़ते है, जो मार्ग एनएच-30 को जोड़ती है, वहां बन रहे 105 मीटर लंबी और 16 मीटर चौड़ाई वाले पुल में बिना विभागीय इंजीनियर के ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे है। कार्य स्थल पर सूचना पटल भी नही लगाया गया है। सवा 8 करोड़ के अधिक लागत से बन रहे इस पुल को विभाग ने ठेकेदार के भरोसे छोड़ रखा है, जिसमें ठेकेदार के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जबकि सूबे के डिप्टी सीएम एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव लगातार विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ करने के कड़ी निर्देश दे रहे हैं, हो रहे विकास और निर्माण कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करते रहने, गुणवत्ता के साथ समझौता नही करने की बात कह है। बावजूद एनएच पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों द्वारा उनके निर्देशो की अवहेलना की जा रही है। जिसका खामियाजा भविष्य में जनता भुगतेगी। बड़ी बात तो यह कि कार्यस्थल पर विभाग के इंजीनियर, एसडीओ नदारत रहते हैं। निर्माण कार्य ठेकेदार के भरोसे है। यहां यह कहना गलत नही होगा कि विभाग की संलिप्ता ठेकेदार से हैं।

### 16 मीटर चौड़ा होगा पुल

राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग से मिली जानकारी अनुसार सांकरा/क में को पुल बनाया जा रहा है, वो 105 मीटर निर्माण किया जाना है, जिसकी कुल लागत 8 करोड़ 42 लाख रुपये है। इसका वर्क ऑर्डर 26 दिसंबर 2023 का है, जिसे 26 जून 2025 तक पूर्ण किया जाना है। जिसमें 21 मीटर के 5 स्पॉन (स्लैब) बनेंगे। 4 पियर और 2 एबडमेंट और 463 मीटर एप्रोच हैं, जिसके दोनो तरफरिटेनिंग वॉल बनेगा। पुल की चौड़ाई 16 मीटर होगी। जो कि पहले वाले पुल की अपेक्षा डबल बनेगा, क्योकि अभी जो वर्तमान में पुल है, उसकी चौड़ाई 8 मीटर है। वही सड़क की चौड़ाई एप्रोच के पास 16 मीटर रहेगा, जो कि धीरे धीरे आकर पुराने रोड़ में जुड़ जाएगी, मर्ज हो जाएगी। चारो तरफ क्रश बेरियर लगाए जाएंगे, सेफ्टी के लिए। वही एक छोटा पुल का भी निर्माण किया जाना है, जो वाइजनिंग कर रोड़ में मिलेगा।

### वर्तमान पुल है ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित

बता दे कि जिस स्थल पर नए पुल का निर्माण किया जा रहा है, वर्तमान में वहां एक पुल है। लेकिन वह ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित है। हादसों का पुल है। यहां आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है। और उन दुर्घटनाओं में मौत भी। धमतरी की ओर झलमला या फिर झलमला की ओर से धमतरी आने वाले वाहनों के लिए यह पुल एक अंधे मोड़ से कम नही है। इसीलिए इसे ब्लैक स्पॉट चिन्हाकित किया गया है। इसी की वजह से सड़क मार्ग से सीधे नए पुल का निर्माण किया जा रहा है। जो कि वर्तमान पुल की अपेक्षा ज्यादा लंबा और चौड़ा होगा।

### रात के अंधेरे में भी किया जा रहा कार्य-

दिन तो दिन रात में भी पुल का निर्माण कार्य चालू है। जिससे कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। जिस उद्देश्य से इस पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है, वह उद्देश्य कही ठेकेदार की लापरवाही की वजह से फेल न हो जाये। विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि कार्यस्थल पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ पुल का निर्माण करवाए, भविष्य में भ्रष्टाचार जैसी बातें इस पुल से निकल कर सामने न आए।

# पुलिस नहीं सुन रही फरियाद, व्यापारी लगातार हो रहे ठगी का शिकार

## चांपा के वंदना प्लाजा और कोरबा मानिकपुर के गायत्री ट्रेडर्स में भी बेचा गया है ठगी का सामान

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



ऑनलाइन ठगी के बारे में तो हम सब आए दिन सुनते रहते हैं, लेकिन चांपा और जांजगीर में कुछ दिनों से ऑफलाइन ठगी का मामला लगातार चल रहा है। ठगी के शिकार व्यापारियों ने प्रेसवार्ता में बताया कि ठग कोरबा निवासी उज्ज्वल विश्वास व्यापारियों के पास जाकर मॉल का सौदा करता है और फिर उज्ज्वल विश्वास के नाम का एच डी एफ सी बैंक निहारिका कोरबा का चेक देता है, व्यापारी जब चेक को बैंक में लगाता है तो अकाउंट में जीरो बैलेंस दिखा रहा है। ठग उज्ज्वल विश्वास इतना शातिर दिमाग का है कि उसके बातचीत से अभी तक कोई पकड़ नही पाया और वह अधिकतर सौदे के लिए शनिवार या रविवार के दिन ही व्यापारियों के पास पहुंचता है, वह शायद इसलिए हो सकता है कि उस दिन बैंक बंद रहता है, जिसका फायदा वह उठा लेता है। अभी तक ठग चांपा जांजगीर के विभिन्न व्यापारियों से ठगी कर चुका है जिसमे उमेश पालीवाल मंगलम ट्रेडर्स, घनश्याम जायसवाल घनश्याम इंटरप्राइजेज, हरिओम अग्रवाल राघव इंटरप्राइजेज, भागीरथी राठौर श्री कृष्णा सेनेटरी, गणेश मोदी कान्हा ट्रेडर्स, प्रदीप टाइल्स, हरेंद्र साहू कड़ारी तथा अन्य बहुत सारे व्यापारियों को अपना शिकार अभी तक बना चुका है। ये सभी तरह के व्यापारियों को अपना शिकार बना रहा है जिसमे सीमेंट, छड़, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेनेटरी, कपड़ा दुकान, कोल्डड्रिंक दुकान, चॉइस सेंटर इत्यादि। एक व्यापारी ने बताया कि उनका ठगी किया हुआ मॉल मानिकपुर थाना क्षेत्र के गायत्री ट्रेडर्स में बेचा गया है, जो की ठग उज्ज्वल विश्वास के घर के पास ही है, मानिकपुर थानेदार को जानकारी देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है बल्कि कहा गया कि हम इस पर कुछ भी नहीं कर पाएंगे। जबकि ठग का ऑडियो वीडियो सी सी टीवी रिकॉर्डिंग सब है और उसके फोन नंबर पर अभी भी रिंग जा रहा है।

पुलिस चाहे तो आराम से ट्रेक करके पकड़ सकती है। चांपा थाना में भी गणेश मोदी ने कान्हा ट्रेडर्स में हुए ठगी की लिखित शिकायत की है, जिसमे पूरी ठगी के बारे में बताया गया है और बताया गया है कि उनके यहां से ठगी किया गया मॉल वंदना प्लाजा स्टेशन के सामने चांपा में बेचा गया है। इसके बाद भी पुलिस कार्यवाही नहीं करना चाह रही है, जो कि समझ से परे है। व्यापारियों ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के भी संज्ञान में इस घटना को लाया है, और इस ठगी के संबंध में चैंबर के जिला प्रभारी अनिल मनवानी ने कहा कि हम सभी थाना जायेंगे पुलिस अधीक्षक से भी मिलकर कार्यवाही के लिए निवेदन करेंगे। चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी से पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि चैंबर व्यापारियों के हित में हमेशा खड़ी है, और यदि चोरी का सामान खरीदने में चैंबर के किसी सदस्य का नाम आ रहा है और वो आरोप साबित हो जाता है तो चैंबर उस पा अवश्य ही कार्यवाही कराएगी। चैंबर के निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि चैंबर का निर्माण ही इसीलिए हुआ है कि पीड़ित व्यापारियों को सहयोग करे मेरे कार्यकाल में भी व्यापारियों को कई तरह की समस्या आई जिसका निदान किया गया चैंबर को हमेशा व्यापारी से कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा तो इसमें भी ठगों पर अवश्य कार्यवाही होगी। व्यापारियों ने आगे कहा कि ठगों पर यदि पुलिस कार्यवाही नहीं करती है तो आंदोलन भी किया जावेगा।

# तमनार पुलिस ने लोहे का ऐंगल, चैनल चुराने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना तमनार क्षेत्र अंतर्गत जेपीएल से गारे पलमा कोयला खदान तक ऐश परिवहन के लिये ऐश पाइपलाइन का निर्माण किया जा रहा है। इस पाइपलाइन को बिछाने गांव में आरसीसी कॉलम, बीम बनाये गये हैं, इन कॉलम बीम को तोड़ उसके लोहे का ऐंगल और चैनल की चोरी की शिकायतें आ रही थी। कल जेपीएल तमनार के उप महाप्रबंधक मनीष मालिक द्वारा थाना तमनार में 13 और 14 जून की दरम्यानी रात ग्राम बुडिया झींकाबहाल के पीलर नंबर 90 से 153 आरसीसी कलम तोड़कर लोहे का एंगल और चैनल चोरी के संबंध में आवेदन दिया गया जिस पर थाना तमनार में धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध अज्ञात आरोपी पर पंजीबद किया गया। माल मुल्जिम पतासाजी दौरान थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा प्लांट आसपास सीसीटीवी चेक किया और मुखबीरों से जानकारी ली गई जिसमें रायगढ़ के आनंद भारद्वाज और मोहम्मद रिजवान को क्षेत्र में प्लांट आसपास लोहे चुराने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। तत्काल तमनार पुलिस की टीम द्वारा संदेही आनंद भारद्वाज और मोहम्मद रिजवान को हिरासत में लेकर चोरियों के संबंध में पूछताछ किया गया। दोनों से अपराध कारित करना स्वीकार किया है, दोनों के मेमोरेंडम पर लोहे का एंगल कट पीस 130 नग, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा (तराजू), एक सफेद रंग का पिकअप सीजी 13 एल.ए. 1562 को गवाहों के संबंध जप्त किया गया है। आरोपी आनंद भारद्वाज पिता आत्माराम भारद्वाज उम्र 34 साल निवासी वार्ड क्रमांक 4 जगतपुर थाना सिटी कोतवाली रायगढ़, मोहम्मद रिजवान पिता मोहम्मद आरिफउम्र 39 वर्ष वार्ड क्रमांक 45 भगवानपुर थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, जहां आरोपियों का जेल वारंट जारी होने पर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी एवं चोरी की माल मशरूका बरामदगी में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, प्रधान आरक्षक देव प्रसाद राठिया, अनूप कुजूर, आरक्षक अनूप मिंज की अहम भूमिका रही है।

# देखभाल के अभाव में श्री कृष्ण कुंज वाटिका का हाल बेहाल

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




लगभग दो वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ शासन के नगर प्रशासन विभाग की ओर से नगरीय क्षेत्रों में श्री कृष्ण कुंज (वाटिका) का निर्माण कराया गया था। लगभग 5 एकड़ क्षेत्र भूमि की घेराबंदी कर उसके भीतर उपयोगी प्रजातियों के पौधे रोपे गए थे। इस योजना को शिवरीनारायण के वार्ड क्रमांक 14 के खाली पड़े भूमि पर फलीभूत किया गया था। इन दो वर्षों में सारे पौधे दो-तीन मीटर तक बढ़कर ऊंचे हो गए हैं, लेकिन, देखरेख और हिफाजत के अभाव में कृष्ण कुंज का हाल बेहाल हो रहा है। नगर प्रशासन विभाग के निर्देश पर पेड़ लगाने का कार्य वन विभाग के अमला ने किया था तथा यह भी बताया गया था, कि, अब से कृष्ण कुंज की देखभाल वन विभाग के कर्मचारी ही करते रहेंगे। यह अत्यंत दुख एवं खेद का विषय है, कि, शिवरीनारायण के श्री कृष्ण कुंज की देखभाल वन विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। लगाए गए पेड़ों के बीच में पूरे मैदान में खरपतवार भी खूब उग आए हैं। खरपतवार की सफाई नहीं किए जाने से श्री कृष्ण कुंज की शोभा बदतर हो गई है।

सबसे ज्यादा हरा भरा नीम का पेड़ है। दो-तीन फीट के बाद नीम के पेड़ों में शाखाओं की भरमार से और इसके वजन से तथा हवाओ के तेज चलने से 5 नीम के पेड़ गिर गए हैं, किंतु, जड़ें जमीन में ही है। इसे ठीक करने वाला कोई नहीं है। इस ओर वन विभाग के कर्मचारियों को शीघ्र ही ध्यान देकर पेड़ों को ठीक करने की आवश्यकता है। अब तो पिछले कई महीनो से यह भी देखा जा रहा है, कि, श्री कृष्ण कुंज के मुख्य प्रवेश द्वार के पास प्रत्येक रात बीसों लोग मदिरा सेवन करने इकट्ठे होते हैं। जहां रोज सैकड़ो पाउच और दर्जनों शराब तथा बियर के बोतल बिखरे दिखाई देते हैं, जो कि, श्री कृष्ण कुंज के नाम के प्रतिकूल एक कलंक के रूप में है। अतः इस ओर वन विभाग के कर्मचारियों को शीघ्र ही ध्यान देना चाहिए।

# सहारा इंडिया धोखाधड़ी मामले में सहारा इंडिया के पूर्व रीजनल मैनेजर को पुलिस ने बिलासपुर से किया गिरफ्तार

## आरोपी से स्वीफ्ट डिजायर कार की जब्ती, आरोपी गया जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



गत दिनों पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा गंभीर मामलों की समीक्षा कर सहारा इंडिया से संबंधित थाना कोतवाली रायगढ़ के अपराध में फरार चल रहे आरोपियों की शीघ्र पतासाजी का निर्देश दिए गये थे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा फरारी में चालान पेश किये आरोपियों का नये सिरे से शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी के निर्देश दिया गया जिस पर एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के सुपरविजन पर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मुखबीरों को एक्टिव कर फरार आरोपियों का लोकेशन लिया गया तथा जिस पर सहारा इंडिया के रीजनल मैनेजर रजनीश कुमार तिवारी के बिलासपुर में होने की जानकारी मिली। तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा थाने की टीम बिलासपुर रवाना किया गया। पुलिस टीम बिलासपुर में आरोपी की पतासाजी कर आरोपी रजनीश कुमार तिवारी पिता स्वर्गीय उमेश प्रसाद तिवारी उम्र 41 साल निवासी पुरानी बस्ती रामनगर रोड अमरपाटन जिला सतना (मध्य प्रदेश) हाल मुकाम गली नंबर 04 विनोबा नगर बिलासपुर थाना तारबहार जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। आरोपी से उसके नियुक्ति संबंधी दस्तावेज तथा धोखाधड़ी के संपत्ति से क्रय की गई स्वीफ्ट डिजायर कार की जप्ती की गई है। विदित हो कि शिकायतकर्ता विकास निगानिया निवासी कृष्णा विहार कालोनी रायगढ के आवेदन पर 29 सितंबर 2022 को थाना कोतवाली में सहारा इंडिया के स्थानीय शाखा प्रबंधक एवं अन्य आरोपियों के विरुद्ध धारा 420, 120 बी, 34 ताहि, धारा 6,10 छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हितों के संरक्षण अधिनियम, धारा 4,5,6 ईनामी चिट और धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी में संलिप्त आरोपी ओम प्रकाश शर्मा, पुष्पेन्द्र कुमार साहू, करूणेश अवस्थी, अमृत लाल श्रीवास को गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश रायगढ़ के न्यायालय में चालान पेश किया गया है। आरोपी रजनीश तिवारी के विरूद्ध शीघ्र पूरक चालान पेश किया जाएगा। कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व ही आरोपियों के चल अचल संपत्ति का चिन्हांकन कर कुर्की नीलामी कार्यवाही हेतु कलेक्टर रायगढ़ को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है।

# मरीन ड्राइव पर गांजा बेचने ग्राहक तलाश रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने रेड कर पकड़ा

## *आरोपी से 1 किलो गांजा और अपाचे बाइक जब्त*

**रायगढ़।** एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सिटी एसपी आकाश शुक्ला द्वारा मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने पर्यवेक्षण थाने के थाना प्रभारीगण एवं स्टाफ को ब्रीफ कर मुखबीर लगाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में टीआई कोतवाली सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिला कि शनि मंदिर रोड मरीन ड्राइव पंप हाउस के पास एक युवक थैले में गांजा लेकर बिक्री करने ग्राहक की तलाश में अपाचे मोटर सायकल के साथ खड़ा है। तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा घेराबंदी कर संदेही युवक को पकड़ा गया जिसने अपना नाम संदीप चौहान पिता इतवार लाल चौहान उम्र 29 साल निवासी नेतनागर थाना जूटमिल का रहने वाला बताया जिसके पास प्लास्टिक थैला अंदर पन्नी में मादक पदार्थ गांजा करीब 1 किलो 62 ग्राम पाया गया। आरोपी ने पूछताछ में बिक्री के लिये ग्राहक का इंतजार करना बताया। आरोपी से विधिवत 1 किलो गांजा कीमती 10,000 और अपाचे लाल रंग मोटर सायकल को जप्त किया गया है। आरोपी के कृत्य पर थाना कोतवाली में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।



# दो शादियों के चक्कर में फंसा सरकारी कर्मचारी

## *वकील ने पूछा सवाल तो कर दिया हमला*

**रायगढ़।** एक शादी ही कई लोग नहीं निभा पाते लेकिन सरकारी नौकरी वह भी मलाईदार विभाग में हो तो वह दूसरी शादी करने से भी नहीं हिचका जबकि मामला खुलने पर उसकी नौकरी भी जा सकती है। जब मामला कोर्ट पहुंचा तो वह वकील से ही उलझ गया और हमला कर दिया। ऐसे में जहां अब उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज हो गई वहीं अब सरकारी नौकरी भी हाथ से जाने वाली है। मामला रायगढ़ के तहसील कार्यालय के बाबू गोविंद प्रधान का है जिसने एक पत्नी के रहते दूसरी शादी कर ली। पहली पत्नी ने कोर्ट की शरण ली और अपना वकील आशीष मिश्रा को बनाया। शनिवार 06 जुलाई को जब कोर्ट में आया तो वकील आशीष मिश्रा से पहली पत्नी के साथ समझौते का प्रस्ताव रखा जिसपर वकील मिश्रा ने उसे पहली पत्नी के मेंटीनेंस स्वरूप कुछ रकम हर महीना देने का प्रस्ताव दिया इस पर गोविंद प्रधान भड़क गया और वकील को गाली गुफ्तार देते हुए इन पर हमला करने की कोशिश करने लगा। इसके बाद वहां और कई लोग आ गए और गोविंद प्रधान को पकड़ लिया। वकीलों ने सुरक्षा को लेकर एकजुट हुए और थाने पहुंचने लगे। वकील आशीष मिश्रा ने बताया कि हम समझौते प्रस्ताव की चर्चा कर रहे थे लेकिन वह भड़क गया और गुस्से में गलियां देते हुए हमला करने की कोशिश की। हमलोग अभी थाने में ही हैं। बहरहाल कोर्ट ने भी संज्ञान लेते हुए तत्काल चक्रधरनगर थाने को सूचित किया और आरोपी गोविंद प्रधान को पुलिस के हवाले कर दिया गया। अब गोविंद प्रधान पर जहां एफआईआर दर्ज की जा रही है वहीं उनकी नौकरी पर भी आंच आ सकती है।



# कुत्ते काटने से हो रहे हैं लोग परेशान

**जैजैपुर।** अभी कुत्ता काटने का सीजन चल रहा है जिससे जैजैपुर क्षेत्र के अनेक लोगों को कुत्ते ने अपना शिकार बनाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 23 लोगों को कुत्ते ने काटा उनका इलाज चल रहा है। ग्रामीण लोग कुत्ते के आतंक से परेशान हैं यह घटना नगर पंचायत जैजैपुर, अचानकपुर एवं काशीगढ़ में घटित हुई है। कुत्ते के आतंक से क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया है।

# शराबियों का अड्डा बनता जा रहा मरीन ड्राइव

**रायगढ़।** शहर में बढ़ती हुई यातायात की समस्या को कम करने के उद्देश्य से केलो नदी के दोनों किनारों में मरीन ड्राइव का निर्माण किया गया था, और पिछले कुछ सालों से यहां के हालातों के बारे में पूरे शहरवासी बहुत अच्छे से वाकिफ भी हैं। रात होते ही मरीन ड्राइव अंधेरे में डूब जाता है और फिर जगह- जगह अलग अलग समूहों में युवाओं का समूह शराब गांजे का सेवन करते हुए आसानी से देखा जा सकता है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल संचालन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस मौके पर रायपुर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर डॉ. अंगेश चंद्रा प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम महाविधालय के प्राचार्य डॉ. जी. सी. भारद्वाज ने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात बनी शिक्षा नीति की संक्षिप्त जानकारियां देते हुए वर्तमान बहुआयामी शिक्षा प्रणाली की उपादेयता पर अपनी बात रखी।

तत्पपश्चचात डॉ. अंगेश चंद्रा ने डी. एस. सी., डी. एस. ई., जी. ई., ए. ई. सी. और वी. ए. सी. तथा सी. आई. ए. की विस्तृत जानकारी देते हुए क्रेडिट बेस पाठ्यक्रम टीचिंग, लर्निंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. रमेंद्र लहरे ने किया और आभार प्रदर्शन प्रो. ओंकार महिपाल ने किया। इस कार्यक्रम में महाविधालय के प्राध्यापक प्रो. जी. एन. भतपरे, प्रो. आर. के. कवर, प्रो. पूना राम नवरत्न, प्रो. अजय कवर, प्रो. संजीव सिंह, बसंत यादव, राजेश शर्मा और राजेश साहू सहित महाविधालय के अधिकारी कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे। इस कार्यशाला के दौरान महाविघालय के प्राचार्य डॉ. जी सी भारव्दाज ने इस कविता के माध्यम से लोगों को नई शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डाला

रट्टा विद्या छोड़ के,
नयी शिक्षा कर अंगीकार।
सर्वब्यापी, समावेशी शिक्षा,
सीखो गुणवत्ता, नवाचार।
एक साल में सर्टिफिकेट,
दो साल में डिप्लोमा।
तीन साल में डिग्री कंपलिट,
चार साल आनर्स, रिसर्च।
फिर होगा एक साल में पी.जी.
और पी.एच.डी. रिसर्च।
अब खराब नहीं होगा साल,
पढ़ने का हरगिज नहीं मलाल।
पास होना बिल्कुल आसान,
गर अनुशासन का रख लो ध्यान।

# क्राईम मीटिंग: संपत्ति संबंधी अपराधों में फोकस करें थाना प्रभारी, इटेलीजेंस बढावें: एसपी दिव्यांग पटेल

## *एसपी ने क्राईम मीटिंग पर अपराधों की समीक्षा कर लंबित अपराधों, शिकायतों के निराकरण के दिए निर्देश*

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



### दिगर प्रांत से फरार आरोपियों को पकड़ लाये जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर किये प्रोत्साहित

### सक्रिय बदमाशों पर कार्रवाई व जिला बदर की फाइल तैयार करने के दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारी के साथ पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना, चौकी के एक-एक कर लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग की समीक्षा कर निकाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। अपराध निकाल में थाना कोतरारोड़, चक्रधरनगर तथा गुम नाबालिग खोज में जूटमिल और पुसौर के कार्य को संतोषजनक बताये। सड़क दुर्घटना एवं महिला संबंधी अपराधों में मुआवजा प्रकरण का प्रतिवेदन शीघ्र तैयार कर भेजना कहा गया तथा लंबित मर्ग, शिकायत पत्रों का एक सप्ताह के भीतर निकालकर पालन प्रतिवेदन करने कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने संपत्ति संबंधी अपराधों के नियंत्रण के लिये सूचना तंत्र मजबूत करने एवं विजुअल पुलिसिंग के तहत चौंक-चौराहों में पुलिस की मौजूदगी और गस्त पेट्रोलिंग सुदृढ़ करने कहा गया। उन्होंने प्रभारियों को थाना क्षेत्र के किराएदारों और मुसाफिरों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए तथा सक्रिय बदमाशों पर जिला बदर की कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन तैयार कर प्रेषित करने कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर अवेयरनेस प्रोग्राम नियमित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह हर थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर साइबर अवेयरनेस किए जाने का निर्देश दिये। साथ ही सभी अधिकारियों को प्रतिदिन विभिन्न व्हाटसअप ग्रुपों में साइबर जागरूकता संदेश, पोस्ट शेयर करने कहा गया। उन्होंने त्रिनयन ऐप के जरिए क्षेत्र में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने लोगों को प्रेरित करने की बात कही तथा लगे हुए कैमरों में आवश्यक सुधार करने कहा गया। रथ यात्रा, मोर्हरम पर्व में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये तथा आने वाले लोक अदालत के प्राप्त समंस, नोटिस की शत प्रतिशत तामिली करने कहा गया। क्राइम मीटिंग में दिगर प्रांत से आरोपियों की गिरफ्तारी एवं अपराध विवेचना में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रधान आरक्षक व आरक्षक को प्रशस्ति पत्र से देखकर प्रोत्साहित किये तथा रेंज स्तरीय फिंगरप्रिंट कार्यशाला में शामिल हुए प्रधान आरक्षक-आरक्षकों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेकर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किये और बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया गया। काइम मीटिंग में द्ववेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला समेत सभी राजपत्रित पुलिस अधीक्षक, थाना, चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहे। क्राइम मीटिंग पश्चात पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सभी अधिकारी, कर्मचारगण फायरिंग रेंज (उर्दना) में पौधरोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर फलदार और छांवदार वृक्ष लगाये। पुलिस अधीक्षक ने वृक्षारोपण के लिये मौसम अनुकूल बताते हुए प्रभारियों को थाना, चौकियों तथा उनके निवास स्थान पर भी वृक्षारोपण करने प्रेरित किया गया।

# जिला मुख्यालय की कुछ सड़को में शाम ढलते ही छा जाता है अंधेरा

## इन अंधेरी सड़कों पर शराबियों, जुआरियों व असामाजिक तत्वों का रहता है जमावडा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिला मुख्यालय की कुछ सड़कों में बीते कुछ महीनों से अंधेरा छाया हुआ है। शहर में लगातार बढ़ती अपराधिक घटनाओं को लेकर शहरवासी अब इन अंधेरो वाले मार्गो में डरे सहमे आना जाना करने पर विवश हो चुके हैं। महानगरों की तर्ज पर औद्योगिक नगरी कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला मुख्यालय में अपराधियों घटनाओं में लगातार इजाफा हुआ है। आये दिन यहां लूट, चोरी, ठगी, मर्डर, सड़क दुर्घटना के अलावा अन्य अपराधियों घटनाओं का सामने आना आम बात हो गई है। इस स्थित में भी शहर के अंदर ही कई ऐसे मार्ग है जहां शाम ढलते ही न केवल अंधेरा छा जाता है बल्कि इन अंधेरे मार्गो में शराबियों, जुआरियों व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना भी शुरू हो जाता है। इस संबंध में जब हमने शहर के कुछ लोगों से चर्चा की तो उनका कहना था की भले ही शहर के कई मार्गो में बीते कुछ महीनों से सड़क किनारे लगे स्ट्रीट लाइट जलती नही है, लेकिन शहर के कुछ मोहल्ले ऐसे भी हैं। जहां रात में सड़क किनारे लगे स्ट्रीट भले ही न जलें परंतु दिन के उजाले में जलते जरूर हैं। कुछ लोगों का यह भी कहना था कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले ऐसे ही मार्गो की रेकी करके किसी भी वारदात को अंजाम देने के बाद भागने के लिए ऐसे ही मार्गो का चयन करते हैं, ताकि अंधेरे के साये में वे खुद को छुपा कर बहुत कम समय मे शहर से बाहर आसानी से निकल सकें। इस संबंध में जब हमने शहर के कुछ महिलाओं से चर्चा की तो उनका कहना था कि शहर के व्यवस्तम मार्ग में जब दिनदहाड़े चैन स्नैचिंग जैसे मामले सामने आ सकते है तो भला अंधेरे मार्गो में क्या कुछ नही हो सकता। मरीन ड्राइव, गोवर्धनपुर रोड, सर्किट हाउस रोड के अलावा अन्य कुछ ऐसे मार्ग हैं जहां रात के समय आना जाने से लोग डरने लगे हैं।

# पीएमजीएसवाई की लापरवाहीः सड़क दो साल पहले बगैर पुलिया के बनकर तैयार, अधूरा पुलिया से 10 किमी का सफर 30 किमी हुआ लंबा

## बहु प्रतीक्षित डांडटोली और कुजरी पुलिया बनाने शासन ने किए 14 करोड़ स्वीकृत



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

काम की समय सीमा सभी विभागों के लिए तय की गई है। विभाग के अधिकारी इसका खास ख्याल रखते हुए जिम्मेदारों को नोटिस भी थमाते रहते हैं। पर कहीं लापरवाही का नजारा भी सामने आता रहा है। जशपुर जिला मुख्यालय का नजदीकी विकासखंड मनोरा के आश्रित ग्राम डांडटोली और कुजरी से डड़गांव पहुंच मार्ग लिए पीएमजीएसवाई को एजेंसी बनाकर सड़क का निर्माण कराया जा रहा था ताकि ग्रामीणों की समस्या दूर हो सके। विभाग ने मेहनत कर सड़क तो 2 साल पहले बनवा दिया लेकिन पुल का निर्माण अभी तक अधूरा है।

### 30 किमी लंबा सफर

पुलिया निर्माण कार्य में हो रही देरी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेसर्स विजय सिंह ठेकेदार द्वारा पुलिया निर्माण कार्य कछुआ गति से कराया जा रहा है। कई गांव के लोग आवागमन को लेकर 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तय करने को मजबूर है।

### यहां हुआ बाधित

दरअसल जशपुर जिले के मनोरा विकास खंड के अंतर्गत कुजरी व डड़गांव और सोगड़ा डांटटोली की पुलिया निर्माण 3 वर्षो के बाद भी अबतक पूर्ण नही हो पाया है। पुलिया को लेकर खासे परेशान है ग्रामीण। और ठेकेदार कछुआ गति से निर्माण कार्य कर रहा है।

### दर्जनों गांव प्रभावित

काँटाबेल, जामपाठ, गजमा, सीकरी, लुखी, मधवा, डड़गांव इन जगहों के ग्रामीण कई पीढ़ी से पुलिया की मांग कर रहे थे। कई पीढ़ी गुजरने के बाद स्वीकृति मिली, जब पुलिया निर्माण कार्य शुरू की गई तो लोगों की चेहरे पर खुशी नजर आई लेकिन दुःख इस बात की है कि पुलिया अबतक पूर्ण नही हो पाया है। 3 साल गुजर गए लेकिन पुलिया अबतक पूर्ण नही हो पाया है। अब यह देखना है कि ठेकेदार द्वारा कबतक पुलिया निर्माण पूर्ण कराया जाता है।

### 2021 में मिली थी मंजूरी

जरिया और सोगड़ा पुलिया 2021 मार्च में मंजूरी मिली थी। जरिया पुलिया की लागत 631.88 लाख की है वही सोगड़ा पुलिया 716.17 लाख की लागत से निर्माण कार्य हो रही है।

पुलिया निर्माण को लेकर मेसर्स विजय सिंह को कई बार नोटिस जारी किया जा चुका है। कार्य में देरी को लेकर नाराजगी भी जताया गया है। आगे की कार्यवाई पर विचार किया जा रहा है।

**एसएन साय,**
**ईई पीएमजीएसवाई**

# खाद्य मंत्री बघेल ने नवागढ़ में जैतखाम निर्माण कार्य के लिए किया भूमि पूजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बेमेतरा जिले के नवागढ़ में अनुसूचित जाति प्राधिकरण मद से 99 लाख 31 हजार की लागत से निर्मित हाने वाली जैतखाम का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी ने समाज को एकता, भाईचारे, तथा समरसता का संदेश दिया है। बाबा के आदर्शो पर चलने का प्रेरणा मिलती है। बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समाज में ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाने का प्रयास किया। गिरौदपुरी धाम में कुतुबमीनार से ऊंचा जैतखाम भी बनाया गया है। सतनामी समाज द्वारा नवागढ़ के सतनाम मंगल भवन में गुरु असम दास जी तेलासपुरी धाम खपरीडीह खुर्द के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर नगर पंचायत नवागढ़ की अध्यक्ष मंजूलता अजीत रात्रे, अध्यक्ष नगर पंचायत मारो घनलाल देशलहरे, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, गिरजा कुर्रे, ताराचंद जांगड़े, हेमलाल धृतलहरे जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# विद्युत दरों में वृद्धि के विरुद्ध विशाल एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के पश्चात भी विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा प्रदेश भर में बार बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता एवं किसान परेशान हैं। विद्युत दरों में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी व अघोषित विद्युत कटौती को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करना सुनिश्चित किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में विद्युत कार्यालय वार्ड क्रमांक 14 के सामने आज 12 बजे इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन, ब्लॉक कांग्रेस गण, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के समस्त पदाधिकारी गण, नगर पालिका/ अध्यक्ष /उपाध्यक्ष, पार्षदगण, पूर्व पार्षद, पूर्व एल्डरमैन, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई के समस्त अध्यक्ष पदाधिकारी गण और कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।

# बाल संसद का गठन पूर्व माध्यमिक शाला कन्हेरा में सम्पन्न




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बैगलेस डे पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्हेरा, विख-साजा, जिला-बेमेतरा में बाल संसद का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से शाला के बच्चों द्वारा कु.उर्वशी यादव (8वीं) की छात्रा को प्रधानमंत्री पद के लिये चुना गया। इसी प्रकार सर्वसम्मति से समस्त पदों के लिए चुना गया। उपप्रधानमंत्री कु रुखमणी सिन्हां(8वीं), शिक्षामंत्री कु भुनेश्वरी(8वीं), खादयमंत्री तुमेश्वर (7वीं), वित्तमंत्री कु रमा(8वीं), सांस्कृतिक मंत्री कु हिमांगी(7वीं), महिला एवं बाल विकास मंत्री कु वेदिका(8वीं), जलमंत्रि देव यादव(7वीं), स्वास्थ्य मंत्री कु. सुहाना(8वीं), खेल मंत्री कु.सावित्री, पर्यावरण सुरक्षा मंत्री-दिनेश(7वीं) बनाया गया है। इसी प्रकार से कक्षा प्रभारी कप्तान का भी चयन किया गया जिसमें कक्षा प्रभारी कप्तान कु.रिया, उपकप्तान- राज वर्मा 8वीं, कप्तान-कु.दुर्गेश्वरी(7वीं) उपकप्तान-पुरुषोत्तम (7वीं) कप्तान-भारती साहू(6वीं), उपकप्तान- समर पाटिल (6वीं) गठन पश्चात सभी मंत्रीयों को अपने-अपने दायित्वों के अच्छे से निर्वहन हेतु शपथ ग्रहण कराया गया।

# प्रयास और एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रयास आवासीय विद्यालय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाईट eklavya.cg.nic.in पर परिणाम का अवलोकन कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम के संबंध में यदि रोल नंबर अथवा नाम में कोई विसंगति हो तो प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा के अभ्यर्थी अपना अभ्यावेदन ई-मेल prayas.ctd@gmail.com पर 12 जुलाई को शाम 5 बजे तक तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के अभ्यर्थी ई-मेल abhyavedan.emrs@gmail.com पर 14 जुलाई को शाम 5 बजे तक कर मेल कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात किया गया अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा। गौरतलब है कि प्रदेश के विभिन्न प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं (सत्र 2024-25) में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित कर विभिन्न जिला मुख्यालयों में 9 जून 2024 को परीक्षा आयोजित की गई थी। इसी प्रकार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 6वीं (शिक्षण सत्र 2024-25) में प्रवेश के लिए 18 मई 2024 को परीक्षा आयोजित की गई थी।

# भवरमाल धान खरीदी केंद्र मे 77 लाख रुपए का गमन करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

भवरमाल धान खरीदी केंद्र में खरीफ वर्ष 2023-24 में 77 लाख रुपए का 11 व्यक्तियों के द्वारा गमन किया गया था इसके बाद फूड इंस्पेक्टर के रिपोर्ट पर पुलिस ने उनके विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी गई थी जिसमें से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हैंरानी की बात यह है कि रामानुजगंज पुलिस के द्वारा दर्ज किए गए एफ.आर.आई.कॉपी को छत्तीसगढ़ पुलिस वेबसाइट पर छत्तीसगढ़ नागरिक को एफआई.आर. की स्थिति देखने हेतु अपलोड नहीं किया गया है जिसके कारण किन-किन व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है और किन 04 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है इनका नाम स्पष्ट नहीं हो सका है केवल पुलिस द्वारा जारी किए गए फोटो में एक चर्चित व्यक्ति का नाम विक्रम गुप्ता कि केवल पहचान हो पा रही है। अब ऐसे में सवाल उठता है कि इतने गंभीर मामले में आखिर किन कारणों से दर्ज रिपोर्ट को ऑनलाइन नहीं किया गया है? यह पूरे राजनीति गलियारों में का विषय बना हुआ है।

# सांसद निधि से सत्य कबीर मानिकपुरी समाज के भवन में हुआ बोर खनन



पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

दुर्ग लोक सभा के सांसद विजय बघेल के सांसद निधि से सत्य कबीर मानिकपुरी समाज बाजार चौक के भवन में बोर खनन का काम प्रारंभ किया गया । कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर असीम जल प्राप्ति की ईश्वर से कामना करते हुए इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मनोज वर्मा, रामकुमार सोनी ,अवधेश शुक्ला, राजू निषाद , फिरोश्वर साहू , उमाकांत साहू, सुनीता कुर्रे , अजय कुर्रे, रामाधार शर्मा एवं मानिकपुरी समाज के लोग उपस्थित थे।

# व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू की कठिन परिश्रम लाया रंग हॉकी एकेडमी में हुआ दो छात्रों का चयन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खेल के लिए हमेशा बारगांव का नाम आगे रहता है, आए दिन यहां से छात्र-छात्राएं किसी न किसी खेलो के प्रतियोगिताओं में भाग लेते देखा जा सकता है, बारगांव को खेल गांव के नाम से भी जाना जाता है, हर एक दिन बारगाव खेल के माध्यम से नया आयाम स्थापित कर रहा है। व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने जब से बारगांव के शास. उच्च. माध्य. विद्यालय में व्यायाम शिक्षिका पर पद पर अपना कार्यभार सभाला है तब से हाकी खेल में हर रोज नया आयाम गढ़ रही है, अभी हाल ही में बिलासपुर में हुए हॉकी एकेडमी ट्रायल में बारगांब के बच्चो ने भी भाग लिया था जिसमे दो छात्रों का चयन हांकी एकेडमी बिलासपुर के लिए हुआ है, यह स्वर्णिम क्षण बेमेतरा जिले के लिए गर्व की बात है की ग्राम बारगांव के शा.उच्च.मा.विद्यालय के कक्षा 10 वी के छात्र चिंता राम पटेल एवं कक्षा 11 वी के छात्र विजय विश्वकर्मा का का चयन हुआ है। दोनो छात्रो द्वारा लगातार हांकी प्रतियोगिता में अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन कर अनेकों पुरुस्कार प्राप्त कर चुके है,आयोजित हांकी एकेडमी ट्रायल में दोनो खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया था उसी प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन हुआ है. दोनो छात्र अपने खेल के कौशल प्रदर्शन से अपनी अलग छाप छोड़ें थे जिसे देखते हुए चयन कर्ता ने दोनो होनहार खिलाड़ियों का चयन एकेडमी के लिए किया अभी हाल ही में राजनादगांव में आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भी



दोनो खिलाड़ियों के द्वारा उम्दा प्रदर्शन किया गया, व्यायाम शिक्षिका व कोच तुलसी साहू के मार्गदर्शन में 03 बच्चे हॉकी एकेडमी में रहकर खेल का गुण सिख रहे है, जिसमे 03 खिलाडी डाली निषाद हॉकी एकेडमी बिलासपुर एवं तुषा यादव, कुमारी सजना निषाद हांकी एकेडमी राजनादगाव में है,जहा वे खोलो की बारीकियां सिख रही है,कुल मिलाकर अब 05 बच्चे हॉकी एकेडमी में रहकर खेलो की बारीकियां सीखेंगे। व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू बताती है हॉकी मेरे लिए सिर्फ एक खेल नहीं है,मेरा यह एक सपना है जिसे मैं हर दिन ग्राउंड पर जीती हूं.व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू स्वयं हॉकी में कई राष्ट्रिय स्तर की प्रतियोगिता खेल चुके है व्यायाम शिक्षिका ने अपने नियुक्ती होने के बाद से स्कूल परिसर से लगे ग्राउंड में ही हॉकी खेलना शुरू करवाया,खेल को बढ़ावा देने गांव के घरङ्ग घर जा कर बालक एवं बालिकाओं के परिजनों से बात की तो परिजनों ने एक समय हाकी खेल को खतरनाक खेल बताकर मना कर दिया था, ऐसे में व्यायाम शिक्षिका ने अभिभावकों से समझाइश दी जिस पर अभिभावकों में हॉकी खेल खेलने की अनुमति दी शुरुआत में बालक एव बालिका हॉकी स्टिक पकडने से भी कतराती थी, फिर व्यायाम शिक्षिका के प्रयास रंग लाई और धीरे-धीरे टीम बनी और खेलने की शुरुवात हुई, इसके बाद विद्यालय के खिलाडियों ने पीछे मुड़ कर नहीं देखा और निरंतर कड़ी अभ्यास का ही नतीजा रहा कि लगातार गांव से छात्र एवं छात्राओं का चयन जिला स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रिय स्तर में हो रही है जहां वे अपने खेल का अच्छा प्रर्दशन कर मेडल अर्जित कर रहे है, व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू रोजाना सुबह/शाम स्कूल ग्राउंड में छात्र/छात्राओं को हांकी खेल का निरंतर अभ्यास कराकर हांकी खेल का गुर सिखाती है। अभी हाल ही के छत्तीसगढ़ हांकी संघ द्वारा राजनादगांव के इंटरनेशनल हाकी स्टेडियम में 05 वी सब जूनियर व जूनियर बालक/बालिका राज्यस्तरीय हांकी प्रतियोगिता आयोजन किया गया था जिसमे व्यायाम शिक्षिका व कोच तुलसी साहू के कुशल नेतृत्व में बेमेतरा जिले की हॉकी टीम के बालिकाओं ने अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन किया यह पहला अवसर है की बेमेतरा जिले के हॉकी टीम बालिका वर्ग में सेमीफाइल में प्रवेश किया इसी तरह बालक वर्ग में भी बेमेतरा की टीम क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। इनके इस उपलब्धि पर शा.उच्च.माध्य. विद्यालय बारगांव के प्राचार्य तीक्ष्ण साहू एवं सभी स्कूल स्टाफ ने बच्चों को बधाई देते हुई इनके उज्वल भविष्य की कामना।

# पोनम्मा वर्गीस का निधन



**रायपुर।** बी-16, साहनी विहार (माइनिंग ऑफिस के पास) निवासी पोनम्मा वर्गीस (पति स्व. के.एम. वर्गीस) का रविवार 7 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 9 जुलाई दोपहर 12.30 बजे ईसाई मुक्तिधाम हीरापुर जरवाय में किया जायेगा। वे लवली वर्गीस, लेसली वर्गीस, राजू वर्गीस, लिबी वर्गीस, लिसी जॉन की माताजी थीं।

# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने 8 जुलाई को स्वर्णप्राशन

**रायपुर।** रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने 8 जुलाई को रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में सवेरे नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक इसका सेवन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करता है। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में बच्चों के लिए स्वर्णप्राशन का आयोजन किया जाता है। स्वर्णप्राशन हर महीने की पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाने वाली औषधि है। इस साल 8 जुलाई के साथ ही अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 3 अगस्त, 30 अगस्त, 26 सितम्बर, 24 अक्टूबर, 20 नवम्बर और 18 दिसम्बर को भी स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

# महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की निकली भव्य रथयात्रा, हजारों श्रद्धालु पहुंचे दर्शन करने

## जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र, बहन सुभद्रा पहुंचे जनकपुर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





रथयात्रा शुरू से धमतरी का सबसे बड़ा धार्मिक पर्व रहा है। धमतरी ही नहीं हजारों गांव की श्रद्धा और आस्था इस रथयात्रा से जुड़ी हुई है। अनेक बेटियां शादी के बाद भी इस रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने धमतरी पहुंचती हैं। भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। रथ यात्रा शहर के जगदीश मंदिर से होते हुए मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, सदर बाजार होते हुए रथयात्रा विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची। धमतरी में पिछले 106 सालों से रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। रथयात्रा में शामिल होने वाले भक्तों को भगवान की ओर से गजा मूंग का प्रसाद बांटा गया बड़ी संख्या में भक्त भगवान की एक झलक पाने के लिए घंटों सड़क किनारे लाइनों में खड़े रहे। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाओं को लेकर जगन्नाथ मंदिर से निकले रथ का शहर में जगह.जगह लोगों ने आरती उतारकर आशीर्वाद लिया। रथयात्रा हर साल की तरह आषाढ़ माह के दूज के दिन निकला। 106 साल से निकल रही धमतरी की रथयात्रा को देखने के लिए शहर के अलावा आस.पास के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। चारों ओर आवाजाही सुबह से बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था की लिए जगह.जगह पुलिस बल तैनात किए गए। मुख्य मार्ग में चौपहिया वाहन न प्रवेश करे इसलिए पहले से हरथयात्रा के दिन होने वाली बारिश को लोग शुभ मानते हैं और यह भी कहते हैं कि इस बारिश से अंचल धनधान्य से परिपूर्ण हो जाता है। उधर जनकपुर में भगवान के पहुंचने का बेसब्री से भक्तों को इंतजार रहा। धमतरी की रथयात्रा का न सिर्फ शहरवासी बल्कि आसपास के ग्रामीणों को भी बेसब्री से इंतजार रहता है । इसे एक महापर्व के रूप में मनाया जाता है। शनिवार को हवन पूजन के बाद भगवान की पुनः प्राण प्रतिष्ठा की गई। उसके बाद रविवार को सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग गई जो मंदिर के बाहर सड़क में काफी दूर तक लाइन नजर आई। इस दौरान लोगो मे गजब का उत्साह देखा गया। प्रसाद के रूप में पारंपरिक गजामूंग वितरित किया गया। लगभग 10 क्विंटल प्रसाद की व्यवस्था की गई। रविवार सुबह महाआरती के बाद दर्शन के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए। भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए गणेश मंदिर के आगे तक लाइन लगी रही। उसके बाद दोपहर को पट बंद कर महाआरती पश्चात छप्पन भोग लगाया गया। दोपहर 1ः 30 बजे महाआरती के पश्चात भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा तथा भाई बलभद्र रथ पर सवार होकर मठ मंदिर चौक से निकले। शहर के प्रमुख स्थानों से होते हुए गौशाला पहुंचकर भव्य रथयात्रा संपन्न हुई। रथयात्रा में शहर सहित आसपास के क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए । रास्ते में गजामूंग के प्रसाद के लिए लोग रुमाल फेंकते रहे और प्रसाद ग्रहण किया। रथ को खींचने के लिए लोगों में होड़ मची रही। इस साल की रथयात्रा के 106 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट द्वारा इस महोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गाँधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, प्रकाश गाँधी सचिव,मोहन अग्रवाल सहसचिव, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टी श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल, बिपिन पटेल,मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, बालकृष्ण शर्मा, अनिल मित्तल के साथ आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल, रविकान्त अग्रवाल एवं समाजसेवी प्रदीप अग्रवाल, कीर्ति शाह, महेन्द्र पंडित, दिलीप सोनी, संजय अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, गोवर्धन सोनी, महेंद्र राजपुरिया, प्रजय महावर, सुनील सोनी, अनंत शाह, राजेंद्र शर्मा पार्षद, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, अंसुल महावर, राम शर्मा, आकाश जसूजा सहित अन्य मौजूद रहे। मंदिर के मुख्य मार्ग में दर्शन के लिए भीड़ और रथयात्रा को देखते हुए ट्रैफिक्र को डायवर्ट किया गया था। डीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि घड़ी चौक से सभी तिपहिया और चार पहिया वाहनों को रोक दिया गया था। यातायात के जवानों को हर चौक चौराहों में तैनात किया गया ताकि लोगों को आवाजाही में आसानी हो सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रथयात्रा को देखते हुए वर्दी धारी जवानों के साथ सादी वर्दी में भी पुलिस के जवान तैनात रहे। लोगों से अपील की गई थी कि वह भीड़ भाड़ में गहने, जेवर पहनकर न निकलें। ज्ञात हो कि रथयात्रा में अक्सर बाहर के पॉकेटमार और असामाजिक तत्व धमतरी में पहुंचते हैं। सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद लोगों की जेब कट जाती है तथा छेड़खानी की घटनाएं भी होती है। रथयात्रा के दौरान जगन्नाथ मंदिर से विंध्यवासिनी मंदिर तक हजारों लोगों की भीड़ रहती है। इस बार भी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की लिए 300 पुलिस जवान तैनात किए गए। एडिशनल एसपी सुशील नायक ने बताया कि 300 पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई। उन्हें सभी प्रमुख पाइंट में तैनात किया गया। इसी तरह रथ के आगे-पीछे जवान तैनात किए थे।

**हे जगन्नाथ...**





**राजनांदगांव।** जगत नाथ ने अपने बड़े भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ आज नगर भ्रमण किया। रवि पुष्य नक्षत्र योग में इस पवित्र पर्व में भक्तों की भीड़ उमड़ी। जगन्नाथ के रथ खिंचने सभी आतुर रहे। प्रभु की दिव्यता से नगरी पवित्र हो गई। मार्गों पर भगवान की पूजा-अर्चना की गई। भ्रमण हेतु निर्धारित रास्ते पर जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। अपने आराध्य के ये दर्शन पाकर श्रद्धालुओं की आंखें छलक उठीं। 85 वर्षों से शहर में निरंतर आयोजित होने वाले इस उत्सव पर संस्कारधानी आनंदित हो उठी। 10 दिनों तक अब प्रभु जूनी हटरी स्थित राम-जानकी मंदिर में निवास करेंगे। तत्पश्चात उन्हें पुनः राजसिक यात्रा के साथ मंदिर लाया जाएगा।

# ढाबा कर्मी की लाश मिली.. दोस्तों ने पीट-पीटकर जान ली, शव को नाले में छिपाया

## सोमनी इलाके से लापता हुआ था युवक, विवाद पर दोस्तों ने ही मार डाला

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

17 जून से लापता युवक की लाश दुर्ग के पुलगांव थानाक्षेत्र स्थित नाले से बरामद की गई है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक को उसके ही दोस्तों ने मौत के घाट उतार दिया। जिस दिन वह लापता हुआ उसी दिन मृतकों ने उसे बेदम पिटा था जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में आरोपियों ने पत्थर से बांधकर उसकी लाश नाले में फेंक दी। मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन फरार हैं।



सोमनी थाना क्षेत्र के बैगाटोला स्थित एक ढाबा में काम करने वाला 26 साल का दिनेश आडिल 17 जून से गायब हो गया था। इसके बाद परिजनों ने 21 जून को युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने जब पतासाजी शुरु की तो जानकारी मिली कि वह टिंकू देशमुख और ईशु नामक दो लडक़ों के साथ था जिनसे उसका झगड़ा भी हुआ था। शक गहराया तो पुलिस ने दोनों युवकों से पूछताछ की। इस पूछताछ में ही मामले का खुलासा हुआ। आरोपी युवकों ने बताया कि, घटना के दिन उन्होंने साथ बैठकर शराब पी। इस दौरान मृतक दिनेश से उनका किसी बात पर झगड़ा हो गया। टिंकू देशमुख और ईशु व तीन अन्य युवकों ने मुक्के-लात से दिनेश की जमकर पिटाई कर दी। जब वह बेसुध हो गया तो आरोपी उसे दुर्ग की ओर लेकर गए लेकिन इस बीच ही उसने दम तोड़ दिया। आरोपियों ने दिनेश की मौत के बाद उसका शव ठिकाने लगाने की योजना बनाई और एक नाले में उसका शव पत्थर के साथ बांधकर फेंक दिया। आरोपी युवकों की निशानदेही पर पुलिस ने नाले से शव बरामद कर लिया है। 20 दिनों तक पानी में रहने के कारण शव सड़ चुका था। परिजनों ने शव की पहचान उसके कपड़ों से की। पुलिस ने बताया कि, नाले में जलकुंभी होने के कारण भी शव ऊपर नहीं आ पाया। गोताखोरों को भी उसे बाहर निकालने में काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन अन्य युवक फरार बताए जा रहा हैं। राजनांदगांव सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक ने बताया कि घटना में कुल 5 आरोपी हैं। जिसमें दो को गिरफ्तार कर लिया गया, 3 की तलाश की जा रही है।

# सात सालों बाद भाजपा के हाथ सत्ता गिरीजा ने संभाली अध्यक्ष की कुर्सी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में बीते दिनों खैरागढ़ के कांग्रेस नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा ने इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद से खैरागढ़ नगर पालिका में अध्यक्ष का पद रिक्त था। 2 जुलाई को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी कर वार्ड क्रमांक 12 की बीजेपी पार्षद गिरिजा चंद्राकर को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। शुक्रवार को नव नियुक्त अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर ने शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय और जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर ने कहा कि शहर का विकास और रुके हुए कामों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। सभी पार्षदों के सहयोग से नगर के विकास को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष और खैरागढ़ के युवा नेता विक्रांत सिंह ने कहा कि पिछले साढ़े सात सालों का काला दौर शहर की जानता ने देखा है। शहर विकास के सारे रुके काम अब नवनियुक्त अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर के नेतृत्व में पूरे होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में खैरागढ़ नगर पालिका परिषद विकसित नगर पालिका बनेगी।

# साहू समाज द्वारा कर्मा भवन परिसर में पौधारोपण

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर के मटियावार्ड स्थित तहसील साहू संघ के कार्यालय कर्मा भवन परिसर में वृहद पौधारोपण किया गया। तहसील संघ के सामाजिकजनों ने देववृक्ष पीपल व बरगद, फलदार आम व अमरूद के अलावा गुलमोहर, मीठी नीम व रीठा सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए। पौधों के संरक्षण व संवर्धन हेतु ट्रीगार्ड लगाने संकल्प लिया। उपरांत सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। उक्त अवसर पर संरक्षक अमरनाथ साहू, अध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव धनराज साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, नगर अध्यक्ष कौशल कुमार साहू, मूलचंद साहू, शिवराम साहू, इंदु साहू, नारायण साहू, गणेश साहू, सुंदर साहू, नामदेव साहू, पुरुषोत्तम साहू, लविंद्र साहू, प्रेमदास साहू, कुमरदा परिक्षेत्र वे ज्ञानचंद साहू व देवेंद्र साहू सहित सामाजिकजन बड़ी तादात में उपस्थित थे।

# कुंजामटोला उल्लास साक्षरता केंद्र शुरु, स्वयं सेवी शिक्षक पढ़ाएंगे

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

जिले के मोहला ब्लॉक के ग्राम कुंजामटोला में उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की जागरूकता हेतु स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में गांव के असाक्षर को साक्षर होने के लिए उल्लास साक्षरता केंद्र में आने की अपील किया गया।




असाक्षरों को साक्षर करने के लिए प्रत्येक ग्राम में सामाजिक जन चेतना केंद्र बनाया गया है, जहां पठन - पाठन की गतिविधि संचालित होगा। इस प्रकार ग्राम कुंजामटोला में उल्लास साक्षरता केंद्र बनाया गया जहां स्वयं सेवी शिक्षक, असाक्षर को साक्षर करने का कार्य पठन पाठन के माध्यम से जारी है। केंद्र एवं राज्य सरकार की इस योजना से 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी असाक्षर महिला एवं पुरुष को सामाजिक चेतना केंद्र में स्वयं सेवी शिक्षक द्वारा शिक्षित किया जायेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर उल्लास कार्यक्रम नव भारत साक्षरता संचालित है। जिसके अंतर्गत असाक्षरों को गांव के मोहल्ले में ही जन चेतना केंद्र के माध्यम से साक्षर किया जा रहा हैं । उक्त जागरूकता रैली में राजेंद्र कौरे सरपंच ग्रा पं कुंजामटोला, फत्तेराम कोसरिया जिला शिक्षा अधिकारी, राजेंद्र कुमार देवांगन विकासखंड शिक्षा अधिकारी, दरबन बोगा जिला साक्षरता नोडल, केवल राम साहू ब्लॉक साक्षरता नोडल, अजिताभ वर्मा ,मलेश मालेकर संकुल समन्वयक सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकगण एवं शिक्षक शामिल हुए।

# छग सरकार की दोहरी नीति से अव्यवस्था और भ्रष्टाचार चरम पर : रूपेश दुबे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ सरकार दोहरी नीति अपनाकर विभागों में अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का आलम निर्मित कर दी है उसे उजागर करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार 6 माह में ही प्रशासनिक अधिकारियों पर बेगारी का दबाव बनाकर व्यवस्था का गला घोटने पर आमादा है । प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि एक और जहां छग सरकार राजस्व अमले पर दबाव बना रही है जिससे राजस्व अमला लामबंद हो रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री के अधीन खनिज विभाग को मिली लूट की खुली छूट से अवैध खनन, परिवहन, भंडारण जोरों पर है। सरकार अपनी असफलता



छिपाने राजस्व पखवाड़ा आयोजित कर प्रकरणों का निराकरण करने की बड़ी-बड़ी बातें कर रही है। इसके विपरीत डिजिटल इंडिया की बात करने वाली डबल इंजन की सरकार राजस्व अमलों को कंप्यूटर, लैपटॉप, इंटरनेट की सुविधा भी मुहैया नहीं करवा पा रही है। प्रवक्ता ने कहा कि, राजस्व अमलों पर बेगारी का दबाव बनाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। जिसके कारण कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ को विवश होकर ऑनलाइन मीटिंग करनी पड़ गई। शासन के नुमाइंदों के इस अपार अघोषित व्यवस्था अर्थात बेगारी से वे इस तरह परेशान हो गए हैं कि उन्होंने इसके खिलाफ मोर्चा भी खोल दिया है। और तो और पटवारी भी अपनी जायज मांगो के लिए लामबंद हैं। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री के अधीन खनिज विभाग जिस प्रकार से अंधेरगर्दी मचा कर अपराध को बढ़ावा दे रहे है वह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा पार कर चुकी है। राजनांदगांव जिला सहित पूरे प्रदेश में रेत माफिया एनजीटी नियमों को ताक में रखकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं और खनिज विभाग उनसे मात्र रॉयल्टी वसूली राजस्व आय में बाधा भी बने हुए हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण डोंगरगढ़ रेत मामले में उजागर हुआ। खनिज विभाग एफआईआर दर्ज कराने में मौन साधे बैठे हैं।

## विद्युत अव्यवस्था पर आक्रोश कांग्रेसियों का धरना आज

**राजनांदगांव।** भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गयी है। प्रदेशभर में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता एवं किसान, और छात्र परेशान है। विद्युत दरों में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी व अघोषित विद्युत कटौती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया गया है। शहर दक्षिण ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन बताया कि शहर के विद्युत कार्यालय के सामने प्रातः 10.30 बजे से शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना-प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाए गये विद्युत दर को वापस लिये जाने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद कर प्रदेश की आमजनता सहित किसान भाईयों को राहत पहुंचाये जाने की मांग की जायेगी।


## रेलवे ने 10 से 17 तक 21 ट्रेनों को किया कैंसल, लोकल ट्रेनों की सवारी प्रभावित होगी

# डेलवपमेंट वर्क से प्रभावित हो रही ट्रेनें.. जनशताब्दी नहीं चलेगी, जेडी भी रद्द रहेगी, बढ़ेगी परेशानी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रेल यात्रियों के लिए ट्रेनों का संचालन फिर प्रभावित होगा। रेलवे ने 10 से 17 जुलाई तक 21 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इनमें से एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनें शामिल हैं। इसका असर जिले से होकर गुजरने वाली ट्रेनों पर भी पड़ेगा। नागपुर-बिलासपुर के बीच सफर करने वालों की भी परेशानियां इससे बढ़ सकती है।

रेलवे ने डेवलपमेंट के नाम पर इस बार 21 एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनों को कैंसिल करने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 12070 गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस को 11 से 16 जुलाई तक रद्द किया गया है। दूसरी दिशा में गाड़ी संख्या 12069 रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस को 12 से 17 जुलाई तक कैंसिल रहेगी। गोंदिया-झारसुगड़ा मेमू स्पेशल 12 से 16 जुलाई तक एवं गाड़ी संख्या 08862 झारसुगड़ा-गोंदिया मेमू स्पेशल 13 एवं 14 जुलाई को रद रहेगी। टाटा-इतवारी पैसेंजर बिलासपुर-टाटा के बीच रद की गई है यह बिलासपुर में समाप्त होगी। इतवारी-टाटा पैसेंजर



बिलासपुर से चल कर इतवारी में समाप्त की जाएगी। गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, दोनों दिशा में कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस, दोनों दिशा में गोंडवाना एक्सप्रेस 10 से 17 जुलाई के बीच बिलासपुर से चलेगी और यहीं समाप्त होगी।

### इधर, अतिरिक्त कोच लगाने की तैयारी

ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कुछ ट्रेनों में कोच बढ़ाने का फैसला लिया है। कंफर्म टिकट उपलब्ध न होने की समस्या इससे काफी हद तक संभल जाएगी। भीड़ को कम करने के लिए दक्षिण पूर्ण मध्य रेलवे ने ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। कोरबा-अमृतसर छतीसगढ़ एक्सप्रेस में 30 अक्टूबर से एवं अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक नवंबर से दो अतिरिक्त जनरल कोच एवं एक स्लीपर कोच जुडने से इस गाड़ी में चार जनरल कोच व छह स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस में चार नवंबर से एवं भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस में सात नवंबर से एक अतिरिक्त जनरल कोच एवं एक स्लीपर कोच जुड़ने से इस गाड़ी में चार जनरल कोच व छह स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस में 31 अक्टूबर से और बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस में तीन नवंबर से एक अतिरिक्त जनरल कोच एवं एक स्लीपर कोच जुड़ने से इस गाड़ी में चार जनरल कोच व छह स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध होगी।

### जनरल और स्लीपर कोच बढ़ेंगे

अतिरिक्त कोच जुड़ने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। यात्री आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच जाएंगे। चेन्नई एक्सप्रेस में तीन नवंबर से एवं चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस में चार नवंबर से दो अतिरिक्त जनरल कोच एवं एक स्लीपर कोच जुडने से चार जनरल कोच व छह स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध होगी। बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस में सात नवंबर से एवं पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस में आठ नवंबर से दो अतिरिक्त जनरल कोच एवं एक स्लीपर कोच जुड़ने से चार जनरल कोच व छह स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध होगी।

# धमकाकर उगाही की कोशिश, दो गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बढ़ई से 30 हजार की अवैध उगाही का प्रयास करने वाले दो शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छुरिया पुलिस ने यह कार्रवाई की है। आरोप है कि, उक्त तीनों आरोपी पीड़ित के घर में घुसे और वहां रखी लकड़ियों का वीडियो बना लिया। इसके बाद वे शिकायत का डर दिखाकर उससे पैसों की मांग कर रहे थे। छुरिया पुलिस के मुताबिक ग्राम दुरेबंजारी निवासी कोमल सिंह साहू (49) बढ़ई का काम करता है। 15 फरवरी को राकेश राजपुत, टेमन लाल और नीलाधर साहू उसके घर पहुंचे। उन्होंने शादी के लिए रिश्ता देखने की बात बताई। लेकिन इसके बाद वे घर के पिछले हिस्से में रखी लकड़ियों का विडियो बनाने लगे। उन्होंने इस मामले की शिकायत न करने के एवज में कोमल साहू से 30 हजार रुपयों की मांग भी कर दी। मामले में गहमागहमी बढ़ने पर गांव के लोग जुटने लगे तो तीनों वहां से फरार हो गए। इसके बाद भी वे लंबे समय से बढ़ई से फोन पर पैसों की मांग कर रहे थे। अंततः कोमल साहू ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की विवेचना की। वन विभाग से जानकारी ली गई जिसमें कोमल सिंह के मौखिक एवं लिखित किसी प्रकार का कोई प्रतिवेदन कार्यवाही हेतु प्राप्त नही होने की बात सामने आई। अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने टेमन लाल बोरकर एवं नीलाधर साहू के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री साय की उम्मीदों पर खरा उतर रहा जिला प्रशासन

## सौगातों से भरा रहा कुरदी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर,770 आवेदनों में मौके पर 192 आवेदन निराकृत



पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रशासनिक अमले का आम जनता के बीच पहुँचकर उनके माँगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम कुरदी में शनिवार को आयोजित इस वर्ष का पहला जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर ग्राम कुरदी एवं क्षेत्रवासियों के लिए सौगातों भरा रहा। शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 770 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें से 192 आवेदनों का मौके पर ही निराकृत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा ग्राम कुरदी में प्राथमिक शाला के नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भी किया गया। इस जनसमस्या निवारण शिविर में गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, पूर्व विधायक बिरेन्द्र साहू, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक के अलावा जिला पंचायत सदस्य संध्या भारद्वाज, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रमोद जैन, सौरभ लुनिया, नरेश यदु, ठाकुर राम चन्द्राकर, डॉ. नारायण यदु सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम सुरेश साहू, डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे, तरूणा साहू तथा अधिकारी-कर्मचारियों और बड़ी संख्या में ग्राम कुरदी एवं अंचल के ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने अपने माँगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जन समस्या निवारण शिविर में पहुँचे ग्रामीणों से चर्चा कर उनके समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

### 5 मध्यम कुपोषित बच्चों को कुपोषण कीट किया गया प्रदान

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर ग्रामीणों के माँगों और समस्याओं के निराकरण के उपायों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर ग्रामीणों के माँगों और समस्याओं को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा राज्य आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिले के स्व सहायता समूह को विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन हेतु अनुदान राशि के रूप में जय माँ शाकम्भरी स्व सहायता समूह, जय माँ तुलसी स्व सहायता समूह, जय सतनाम स्व सहायता समूह, राधे कृष्णा महिला यादव समाज स्व सहायता समूह, उज्ज्वल स्व सहायता समूह को 15-15 हजार रुपये तथा आशा स्व सहायता समूह, शारदा स्व सहायता समूह, कलश स्व सहायता समूह, अष्ट लक्ष्मी स्व सहायता समूह, जय हिन्द स्व सहायता समूह को 60-60 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत 04 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को पोषण बाड़ी योजना अंतर्गत बीज एवं पौधे वितरण, समाज कल्याण विभाग के योजना के अंतर्गत 03-03 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, छड़ी एवं 01 हितग्राही को बैसाखी प्रदान किया गया। इसके अलावा 18 किसानों को किसान किताब के वितरण के अलावा 25 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र, 30 विद्यार्थियों को निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया है। शिविर में अतिथियों के द्वारा नन्हें-मुन्हे बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया गया। इसके अलावा 05 मध्यम कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट भी प्रदान किया गया।

### कलेक्टर ने शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की

इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राज्य शासन के निर्देशानुसार ग्राम कुरदी में आयोजित इस वर्ष के पहले जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जन समस्या निवारण शिविर के उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन समस्या निवारण शिविर प्रशासन के आला अधिकारियों तथा मैदानी अमले के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके माँगों एवं समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने का बहुत ही कारगर माध्यम है। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने ग्रामीणों एवं आम नागरिकों से जन समस्या निवारण शिविर में अनिवार्य रूप से शिविर में उपस्थित होने तथा शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों के समुचित निराकरण हेतु उचित कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा प्रशासन को आम जनता के बीच पहुँचकर उनके माँगों और समस्याओं के समुचित निराकरण सुनिश्चित कराने का बहुत ही सराहनीय एवं कारगर प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### लोग विश्वास के साथ शिविर में पहुचते है : कुंवर

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक कुंवर सिंह निषाद ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आम नागरिक अपने माँगों एवं समस्याओं के निराकरण के प्रति बड़ी आशा और विश्वास के साथ जन समस्या निवारण शिविर में पहुँचते हैं। इसलिए हमारे अधिकारी-कर्मचारियों को विशेष प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों तथा आम लोगों के माँगों की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। जिला पंचायत के अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने जन समस्या निवारण शिविर को आम जनता के माँगों और समस्याओं के निराकरण का कारगर एवं सुलभ माध्यम बताया। उन्होंने आम नागरिकों से जन समस्या निवारण में उपस्थिति प्रदान करने तथा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने जन समस्या निवारण शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा किसान, ग्रामीण तथा आम जनता के कल्याण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में प्रकाश डाला।

### आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश

जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीण एवं पंचायत विकास विभाग से 370 आवेदन में से 84 आवेदन, परिवहन विभाग से प्राप्त 25 आवेदनों में से 25 आवेदन, सहकारिता विभाग से प्राप्त 04 आवेदनों में से 02 आवेदन, खाद्य विभाग से प्राप्त 22 आवेदनों में से 01 आवेदन, वन विभाग से प्राप्त 01 आवेदन, कृषि विभाग से प्राप्त 15 आवेदनों में से 15 आवेदन, लोक निर्माण विभाग में से प्राप्त 09 आवेदनों में 09 आवेदन, स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त 07 आवेदनों में से 01 आवेदन, जल संसाधन विभाग से प्राप्त 05 आवेदन में से 05 आवेदन, क्रेडा विभाग से 08 आवेदनों में से 08 आवेदन, शिक्षा विभाग से प्राप्त 14 आवेदनों में से 03, महिला एवं बाल विभाग से प्राप्त 37 आवेदनों में से 01, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्राप्त 22 में से 19 आवेदनों को मौके पर ही निराकृत किया गया। इसके अलावा शिविर में समाज कल्याण विभाग से 73, राजस्व विभाग से 86, विद्युत विभाग से 28, पशु चिकित्सा विभाग से 01 तथा लोक सेवा केन्द्र से संबंधित कुल 08 आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी विभाग के अधिकारियों से अपने-अपने विभागों में प्राप्त आवेदनों के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर एनडीआरएफकी टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदाओं से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी देने हेतु डेमोंस्ट्रेशन भी किया गया।

## भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा निकली, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का दर्शन किया

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा मावली माता मंदिर से प्रारंभ होते हुए बजरंग चौक सराफा बाजार गांधी चौक आजाद चौक नेहरू चौक बस स्टैंड गार्डन चौक सिविल लाइन होते हुए वापस मावली माता मंदिर पहुंची बड़ी संख्या में भक्त जनों ने भगवान जगन्नाथ का रथ खींचा भगवान जगन्नाथ जी को सुबह सिंगर किया गया था रथ को फूल मालाओं से सजाया गया था भोग के रूप में मूंग चना गुड का मिश्रण कर प्रसाद वितरित किया गया रथ खींचने के लिए लोगों में होड़ लगी हुई थी। विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में नगर भ्रमण करने के लिए भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलराम संग निकलेंगे, फिर मावली माता के मंदिर में प्रवेश करेंगे जहां पर कुछ दिनों के लिए आराम करेंगे। यह रथ यात्रा हिंदू धर्म में विशेष स्थान रखता है। यह रथ यात्रा मावली माता चौक समिति बलौदा बाजार द्वारा निकाली जाती है



## वि,ख, स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2024 का सांसद की उपस्थिति में हुआ भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव-2024 का भव्य आयोजन शास. कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय तोरेसिंहा के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथी सांसद महासमुंद लोकसभा रूप कुमारी चौधरी, अध्यक्षता विधायक चातुरी नंद, विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक द्वय त्रिलोचन पटेल एवं रामलाल चौहान, जिलाध्यक्ष भाजपा महासमुंद संजय शर्मा, भाजपा नेता ओमप्रकाश चौधरी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद छत्तरसिंह नायक, जिला उपाध्यक्ष भाजपा विपिन उबोवेजा, अध्यक्ष जनपद पंचायत कुमारी भास्कर, उपाध्यक्ष जपं. धर्मेन्द्र चौधरी, प्रदेश मंत्री भाजपा पि.व. मोर्चा कामता पटेल, पूर्व अध्यक्ष जपं. धनेश नायक, मण्डल अध्यक्ष बलोदा प्रदीप साहू, जनपद सदस्य सरिता प्रधान, सरपंच ग्रा.पं. तोरेसिंहा विनय पटेल, विद्या चरण चौधरी, संजय प्रधान, टेकलाल भोई की गरिमामय उपस्थिति रही। अधिकारी गण एसडीएम सरायपाली ओंकारेश्वर सिंह, तहसीलदार जुगल किशोर पटेल की विशेष उपस्थिति रही।



शिक्षा विभाग के संचालित योजनाओं में प्रधानमंत्री पोषण आहार, मुख्यमंत्री छ. ग. शासन द्वारा प्रेरित नेवता भोज, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, राज्य छात्रवृत्ति योजना, सरस्वती सायकल वितरण आदि की जानकारी, राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना (एन एम एम एस ई), सहित शिक्षा के अधिकार अधिनियम अंतर्गत आयु वर्ग 6 से 14 के बालक-बालिकाओं के निःशुल्क पढ़ाई एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों की संख्या जो कि कक्षा 1 ली, 6 वीं एवं 9 वीं के निर्धारित लक्ष्य में 95 प्रतिशत की लक्ष्य प्राप्ति, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा के बोर्ड परीक्षाओं में प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले होनहार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के नाम, संख्या व प्रावीण्य सूची में स्थान की जानकारी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बालवाड़ी शिक्षा, नवाचार युक्त पर्यावरण की सुरक्षा एवं वृक्षारोपण अभियान को संपोषित करने के उद्देश्य में विकास खण्ड के शास. प्राथ. विद्या. कसडोल के शिक्षकों द्वारा निर्मित सीड बॉल निर्माण (संख्या 1.20 लाख) की जानकारी, राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित डॉ. अनिल प्रधान (2022) व्याख्याता, तोरेसिंहा, शैलेन्द्र कुमार नायक (2023 के लिए चयनित) व्याख्याता, शास. हायर सेक. स्कूल केना आदि विषयों का उल्लेख अपने प्रतिवेदन में बीईओ प्रकाशचंद मांझी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद, महासमुंद लोकसभा, रूपकुमारी चौधरी ने अपने स्नेह पूरित उद्बोधन में कहा कि पूर्व में यह कहावत थी कि पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब और खेलोगे-कूदोगे तो होगें खराब परंतु वर्तमान पीढ़ी दोनों क्षेत्रों में अपना परचम फहराने में सफल है, इसलिए पूरे समर्पित मन से पढ़ाई में लगे रहें और अपने लक्ष्य को साधें। इस अवसर पर सांसद ने मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय के संदेश पत्र का वाचन भी किया। अंत में सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## एएएफटी विश्वविद्यालय ने इवेंट मैनेजमेंट शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए विजक्राफ्ट के साथ साझेदारी की



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एएएफटी विश्वविद्यालय का मिशन हमेशा से युवाओं को प्रेरित करना रहा है ताकि वे अपने आप को एक बेहतर रूप में ढाल सकें। इससे उन्हें एक ऐसे कल की कल्पना करने में मदद मिलती है जहां वे मीडिया और कला समुदाय में एकजुटता और कल्याण की भावना को प्रोत्साहित कर सकें। इसका लक्ष्य युवाओं में फिल्म, टेलीविजन, रेडियो, प्रिंट और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में कलात्मकता और विशेषज्ञता की भावना विकसित करना है। एएएफटी विश्वविद्यालय लंबे समय से फिल्म टेलीविजन, रेडियो, प्रिंट और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में युवा प्रतिभाई को निखारने के लिए समर्पित है। इसका मिशन छात्रों को मीडिया और कला समुदाय में एक मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित करना है। वहीं दूसरी तरफ विजक्राफ्ट माइम इंडस्ट्री का एक प्रमुख इवेंट मैनेजमेंट शैक्षिक संस्थान है। विजक्राफ्ट माइम को बनाने के पीछे की सोच इंडस्ट्री की जरूरत के मुताबिक प्रतिभाओं को तैयार करना है। चुने गए प्रतिभागियों को इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ पेशेवरों के साथ प्रशिक्षण दिया जाता है। हाइब्रिड प्रारूप के तहत क्लास प्रशिक्षण को ऑनलाइन लेक्चर और प्रोजेक्ट अनुभवों के साथ ट्रेनिंग दी जाती है जिसके माध्यम से छात्रों को इस तेजी से बढ़ती इंडस्ट्री में बेहतर करियर के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। संगठन न्यू एजुकेशन पालिसी के तहत सबसे आधुनिक शिक्षा तकनीकों के माध्यम से युवा पेशेवरों को तैयार करने और उद्यमियों की मानसिकता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## युग पुरूष श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया भाजपा ने



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जन संघ के संस्थापक पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म जयंती बेमेतरा भाजपा कार्यालय में मनाया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनकी तैलचित्र पर फुल चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने उनके राजनैतिक जीवन के बारे में बखान किया। उन्होने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी केन्द्रीय मंत्री थे। उन्होने अपने मंत्री पद से इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की और बाद में वही जनसंघ की दिया छाप पार्टी 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी। मुखर्जी जी ने जनसंघ की स्थापना राष्ट्रवाद एवं हिन्दुत्व के विचारधारा को लेकर की थी। उनको लगा की कांग्रेस जो उस समय का बहुत बड़ा राजनैतिक दल था और उसको बेहतर चुनौती देने के लिए एक मजबुत और राष्ट्रवाद राजनैतिक दल की स्थापना होनी चाहिए। ऐसा सोचकर उन्होने राष्ट्रीय स्वयं संघ में काम करने वाले स्वयं सेवकों के साथ मिलकर पार्टी का गठन किया। जम्मू कश्मीर में 370 को लेकर आंदोलन खड़ा करने वाले वह पहले व्यक्ति थे। तत्कालिन समय में जम्मू कश्मीर का संविधान झंडा अलग था। वहा जाने के लिए परमिशन की आवश्यकता थी। मुखर्जी जी ने इसका विरोध किया और एक बहुत बड़ा सत्याग्रह किया। जिसके परिणाम स्वरूप आज कश्मीर से 370 हट गया। और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग हो गया। आने वाले नई पीढ़ी को श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान को याद रखना चाहिए। ऐसे महापुरूष के जन्म जयंती को मनाने में हमे गर्व है। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष मोन्टी साहू, युगल देवांगन विजय सुखवानी, संतोष वर्मा, राकेश मोहन शर्मा, धर्मेन्द्र साहू, गोपी देवांगन, विकास घरडे, निखिल साहू, तुषार साहू, परमेश्वर गायकवाड, तुषार साहू, युगल देवांगन, संतोष वर्मा, अजीत कुरैशी, राजू देवांगन, राकेश वर्मा, ओमकार साहू, कमलेश वर्मा, देवनाथ पाल, मनीष छाबड़ा, राजकुमार खांडे, थानेस्वर साहू, धर्मेंद्र साहू, जितेंद्र मंत्रे, राजीव तंबोली, विकाश तंबोली, देवनाथ पाल उपस्थित थे।

## चारभाठा संकूल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

### सांस्कृतिक व बौद्धिक कार्यक्रम के साथ प्रवेश



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

संकुल चारभाटा का संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला गनियारीपाली में रखा गया। मुख्य अतिथि सुरेश भोई सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत चिवराकुटा, उप सरपंच मोहन गुप्ता, एसएमसी अध्यक्ष मुकेश साहू, एसएमसी उपाध्यक्ष कौशिक साहू, संकुल प्रभारी शौकीलाल भोई प्राचार्य चारभाठा एवं संकुल समन्वयक राजेश पटेल के कर कमलों से ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना झरना, मोनिका, पद्मिनी, सरोजिनी बादी प्रधान पाठक द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत निक्की, पद्मिनी, रुबी ने प्रस्तुत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत स्कूल चले हम, हिंदी, छत्तीसगढ़ी गीत नृत्य प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। तत्पश्चात नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक एवं पुष्पहार से किया गया।छात्र-छात्राओं को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरित किया गया। इस अवसर पर न्योता भोज सरपंच एवं जनपद सदस्य द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में शोभाराम साहू ग्राम गौंटिया, डोलामणी प्रधान पंच, कैलाश साहू, हृदय राम नायक, पंकज साहू, वृषभानु, क्षमानिधि साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं संकुल के शिक्षक हेम कुमार पटेल, बिझिन्दर गार्डिया, भगवानो नंद, केशव चंद्र पटेल, परमेश्वर मांझी, तस्नीम बानो, रिजवाना परवीन, पूजा भोई, नित्यानंद पटेल, भागीरथी पटेल नारायण ध्रुव, स्वीपर, रसोइया एवं बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने वृक्षारोपण किया।कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र प्रधान चारभांठा एवं आभार प्रदर्शन अश्विनी बुड़ेक प्रधान पाठक ने किया।

## जिले के सभी विकासखंडों के 1183 प्राथमिक शालाओं में मंगलवार को पढई तिहार का आयोजन

# कही संतुलन का खेल, तो कही टमाटर गिन कर मनाया गया पढई तिहार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर व जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा दीपक सोनी के मार्गदर्शन व जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती व डीएमसी एम.एल.ब्रम्हाणी के नेतृत्व में जिले के सभी विकासखंडों के 1183 प्राथमिक शालाओं में मंगलवार को पढई तिहार का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के सभी विकासखंडों में क्रमशः सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला हरिनभट्ठा, पलारी शासकीय प्राथमिक शाला छडिया, कसडोल शासकीय प्राथमिक शाला गोरध, भाटापारा शासकीय प्राथमिक शाला सुमा, बलौदाबाजार, पंडरिया, बिलाईगढ़ बरभाटा में विकासखंड स्तरीय पढई तिहार का आयोजन किया गया। जिसमें नव प्रवेशित बच्चों के साथ उनकी माताएं भी सम्मिलित हुई। इसके लिए माताओं को शाला परिवार की ओर से आमंत्रण पत्र भेजा गया था। शाला में शिक्षकों के द्वारा 9 प्रकार के काउंटर लगाये गए थे। इन काउंटर के माध्यम से गतिविधियों के द्वारा माताओं के माध्यम से अपने अपने बच्चों का मूल्यांकन किया गया। विविध खेल गतिविधियों के माध्यम से हर शाला में एक एक स्मार्ट माता का भी चयन पढई तिहार में किया जाकर स्मार्ट माताओं को क्राउन पहनाया गया। पूरा मेला स्थल नीले रंग से रंगा नजर आया। इस वर्ष तिहार में माताओं व महिला शिक्षकों के लिए नीले रंग की साड़ी का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था। पढई तिहार के लिए विकासखंड स्तरीय कार्यक्रमों के आयोजन में बीईओ, बीआरसी व संकुल समन्वयकों के अलावा पढई तिहार के विकासखंड स्तरीय बीआरजी नीलम वर्मा, बैजंती कौशिक सिमगा, अराधना वर्मा, कविता सरसिहा पलारी, चंचल साहू, शंकर बाई पैकरा कसडोल, क्षिप्रा अग्रवाल भाटापारा, संगीता काले, रेणुका ध्रुव बलौदाबाजार व बिलाईगढ़ से सुनीता साहू, सरोजनी साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी भारती वर्मा ने बताया कि विकासखंड के सभी प्राथमिक शालाओं में माताओं को शिक्षकों के द्वारा स्कूल रेडी नेस कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया गया। उनको बताया गया कि घर में ही उपलब्ध स्थानीय सामग्रियों, खेल आदि के माध्यम से बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करते हुए भाषायी व गणित कौशल में दक्ष किया जा सकता है। शिक्षकों के द्वारा माताओं को गतिविधि करके बताया गया कि कैसे घर में उपलब्ध सामग्रियों के माध्यम से ज्ञान दिया जा सकता है। जैसे साडी, कपडे आदि के माध्यम से रंगों की पहचान, बर्तनों के माध्यम से आकृति व छोटे बड़े की पहचान, सब्जियों के माध्यम से भी रंगों व आकृतियों की पहचान कराई जा सकती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कुल के अलावा कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को माँ के माध्यम से घर में ही शिक्षा देना है। बच्चों की शिक्षा में माता का जागरूक होना जरूरी है। घरेलू काम के साथ-साथ खेल-खेल में बच्चों को सिखाना, स्कूल और समुदाय के बीच के तालमेल को समझाना और बच्चों को पढ़ाना भी मां की जिम्मेदारी है। माताओं यानी महिलाओं के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा, ज्ञान देना ही आयोजन कराने का प्रमुख उद्देश्य है। इसमें कमजोर बच्चों को अलग से चिन्हांकित किया जाएगा। जिसके बाद आगे उनको बेहतर करने प्लानिंग बनाकर ज्ञानवर्धक जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक प्राथमिक शाला में 9 काउंटर लगाया गया था। जिसके बाद शिक्षकों की मौजूदगी में काउंटर के जरिए बच्चों की गतिविधियों का आंकलन किया गया। पहला काउंटर में पंजीयन सम्बन्धी गतिविधियां हुई यानी बच्चों का पंजीयन हुआ। जिसके बाद दूसरे से 9 वें काउंटर तक भाषायी कौशल, शारीरिक विकास, पेपर को फोल्ड करना, सब्जियों से रंगों की पहचान, भाषीय गणित, बौद्धिक विकास, बच्चों का कोना सहित अन्य गतिविधियां को संपन्न कराया गया।



## रामगढ़िया सेवक सभा में वन महोत्सव के उपलक्ष्य पर किया वृक्षारोपण




**रायपुर।** रामगढ़िया सेवक सभा ने ग्रीन आर्मी एवं महिला विंग के सहयोग से कई प्रकार के पौधे समाज के बुजुर्गों के नाम से रोपे गए। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष जसविंदर सिंह राणा, रंजीत सिंह, चरणजीत सिंह, मलकीत सिंह, जरवाना सिंह, ओंकार सिंह, हरशरण कौर, कवलजीत कौर, प्रीति कौर, अंशु राणा उपस्थित थे।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403